आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — आंकड़ों की चिंता नहीं है, चिंता कम्युनिटी...
4 अभिव्यक्ति — अनुच्छेद 30 के विरोधी तो स्वयं गांधीजी...
9 मनोरंजन/खेल — उर्वशी ने जिम में उठाए 80 किलो के डंबल...
11 व्यापार — मारुति, महिंद्रा, हुंडई समेत ऑटो कंपनियों...

www.navpradesh.com
रायपुर, मंगलवार 2 जून 2020, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-112 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश का एक बड़ा हिस्सा लॉकडाउन से मुक्त होकर अनलॉक हो गया। ऐसा करना जरूरी भी है। देश को बचाने के साथ ही देश को आगे भी बढ़ाना है। अब परीक्षा की घड़ी शुरू होगी। देशवासियों को तो लॉकडाउन हटने का इंतजार था ही लेकिन कोरोना वायरस भी लॉकडाउन हटने की बेसब्री से बाट जोह रहा है ताकि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में ले सकें। भले ही अब सब कुछ खुलने जा रहा है लेकिन चेहरे को ढके रहना जरूरी है। दो गज की दूरी भी बनाकर रखनी होगी वरना सारे किए धरे पर पानी फिर सकता है।

राज्यपाल से सौजन्य भेंट...

सौजन्य भेंट के दौरान राज्यपाल अनुसुइया उईके के साथ दैनिक नवप्रदेश के संपादक यशवंत धोटे।

कोरोना नियंत्रण में सरकार सफल, लेकिन क्वारंटाइन में महिलाओं की मौतों से दुःख : राज्यपाल उईके

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उईके कोरोना नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार के कामकाज से सन्तुष्ट तो हैं, लेकिन क्वारंटाइन सेन्टरों में गर्भवती महिलाओं की स्थिति को लेकर दुःखी हैं। हालांकि उन्होंने सरकार से कहा है कि क्वारंटाइन सेन्टरों में महिलाओं और बच्चों के खानपान व इलाज का विशेष ध्यान रखा जाए। राज्यपाल उईके से सोमवार को नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने सौजन्य मुलाकात की। इस दरम्यान अनौपचारिक बातचीत में राज्यपाल ने स्वीकारा कि संसाधनों के लिहाज से राज्य सरकार ने कोरोना नियंत्रण को लेकर बेहतर काम किया हैं चूंकि बाहर से आ रहे प्रवासी श्रमिकों के संक्रमित पाए जाने के कारण संख्या बढ़ रही हैं, लेकिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मौत पर लिया स्वत: संज्ञान

राज्यपाल ने इस मौत पर स्वतः संज्ञान लेकर सचिव से बात की और बाकि सभी क्वारंटाइन सेन्टरों में महिलाओं और बच्चों के बेहतर खानपान, इलाज के लिए कहा है। उन्होंने राज्य की जनता से अपील की है कि अभी कोरोना से लड़ाई खत्म नहीं हुई है। अतिरिक्त सावधानियां बरतने की जरूरत है। साथ ही आयुर्वेद और योगा को अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी चाहिए।

फैसला

विमान में बीच की सीट रखनी होगी खाली, यात्रियों को पानी देने पर भी रोक

नई दिल्ली/(वार्ता)। नागर विमानन महानिदेशालय ने विमान सेवा कंपनियों से बीच की सीट खाली रखने, यात्रियों को विसंक्रमण सुरंग से होकर विमान में प्रवेश देने का विकल्प तलाशने और उड़ान के दौरान पानी भी नहीं देने का आदेश दिया है। नागरिक उड्डयन नियामक ने उच्चतम न्यायालय की एक टिप्पणी के आलोक में रविवार को जारी आदेश में यात्री उड़ानों के लिए अतिरिक्त दिशा-निर्देश जारी किये। उसने कहा कि जहाँ तक संभव हो बीच की सीट खाली रखी जानी चाहिये, हालाँकि एक साथ बैठने वाले सभी यात्रियों के एक ही परिवार का सदस्य होने पर यह जरूरी नहीं होगा। यदि यात्रियों की संख्या अधिक है और बीच की सीट खाली रखना संभव नहीं है तो बीच ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	1,97,264	5,577
अमेरिका	1,842,730	106,322
ब्रिटेन	274,762	38,489
इटली	233,197	33,475
ब्राजील	514,992	29,341
फ्रांस	188,882	28,802
स्पेन	286,509	27,127
मैक्सिको	90,664	9,930
बेल्जियम	58,517	9,486
जर्मनी	183,596	8,610
ईरान	154,445	7,878
कनाडा	91,647	7,325
नीदरलैंड	46,545	5,962
रूस	414,878	4,855
टर्की	163,942	4,540
स्वीडन	37,814	4,403

शेयर बाजार

संसेक्स- 33303.52
निफ्टी- 9826.15
गोल्ड- 46830 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 50057 (1 कि ग्रा.)

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक फैसले

धान का एमएसपी 53 रु. बढ़ा

14 साल बाद बदली एमएसपी की परिभाषा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सोमवार हुई बैठक में कोरोना महामारी के मद्देनजर कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। ये फैसले किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) क्षेत्र और रेहड़ी विक्रेताओं के रूप में काम करने वाले लोगों के हित में लिए गए। इसके तहत धान समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया गया। बढ़ा हुआ एमएसपी आसन्न खरीफ सत्र की फसलों पर से मिलने लगेगा। केंद्र ने धान के एमएसपी को 53 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर इसे अब 1868 रुपए कर दिया है। वहीं दूसरी एमएसएमईको आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई घोषणाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया। एमएसएमई परिभाषा में बढ़ोतरी का संशोधन किया गया है। 14 साल बाद यह यह संशोधन हुआ है। इस पैकेज के तहत एमएसएमई क्षेत्र के लिए न केवल पर्याप्त आवंटन किया गया है, बल्कि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के उपायों के कार्यान्वयन में भी प्राथमिकता दी गई है। कई प्रमुख घोषणाओं से संबंधित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- खरीफ सीजन 2020-21 की 14 फसलों के लिए मिलेगा बढ़ा एमएसपी
- केंद्र का दावा- उत्पादन लागत का 1.5 गुना एमएसपी किया तय
- मध्यम इकाइयों की परिभाषा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये का निवेश और 250 करोड़ रुपये का टर्नओवर किया गया

तनावग्रस्त एमएसएमई के लिए 20 हजार करोड़ का ऋण

यह एमएसएमई क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और अधिक नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। तनावग्रस्त एमएसएमई को इक्विटी सहायता प्रदान करने के लिए अधीनस्थ ऋण के रूप में 20,000 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। इससे 2 लाख स्ट्रेस्ड एमएसएमई को फायदा होगा। एमएसएमई के लिए 50,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश के लिए प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया गया। यह एमएसएमई को ऋण-इक्विटी अनुपात के प्रबंधन और उनकी क्षमता वृद्धि में मदद करने के लिए एक ढांचा तैयार करेगा। यह उन्हें स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होने का अवसर भी प्रदान करेगा।

ऐसे समझें कैबिनेट का हर फैसला

एमएसएमई की नई परिभाषा : *भारत सरकार ने एमएसएमई परिभाषा को और संशोधित करने का निर्णय लिया। पैकेज घोषणा में सूक्ष्म मेन्यूफैक्चरिंग और सेवा इकाई की परिभाषा को बढ़ाकर एक करोड़ रुपयों के निवेश तथा 5 करोड़ रुपयों का कारोबार कर दिया गया है। लघु इकाई की सीमा बढ़ा कर 10 करोड़ रुपये का निवेश तथा 50 करोड़ रुपये का टर्नओवर कर दिया गया है। इसी प्रकार एक मध्यम इकाई की निवेश सीमा को बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये तथा 100 करोड़ रुपये का कारोबार कर दिया गया है। गौरतलब है कि 2006 में एमएसएमई डेवलपमेंट एक्ट के अस्तित्व में आने के 14 साल बाद यह संशोधन किया गया है।*

रेहड़ी विक्रेताओं की मदद

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने रेहड़ी विक्रेताओं को सस्ते ब्याज पर कर्ज प्रदान करने के लिए एक विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा योजना 'पीएम स्व-निधि'- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि शुरू की है। यह योजना उन्हें फिर से काम शुरू करने और अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगी। विभिन्न क्षेत्रों संदर्भों में वेंडर, हॉकर, ठेले वाले, रेहड़ी वाले, ठेली फलवाले आदि सहित 50 लाख से अधिक लोगों को इस योजना से 10-10 हजार तक का कर्ज मिलने की संभावना है। रेहड़ी वालों के द्वारा आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं में सब्जियां, फल, रेडी-टू-ईट स्ट्रीट फूड, चाय, पकौड़े, ब्रेड, अंडे, वस्त्र, परिधान, जूते, कारीगर उत्पाद, किताबें/स्टेशनरी आदि शामिल हैं। सेवाओं में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीनियर आईपीएस अफसरों के प्रभार में बड़ा फेरबदल

ईओडब्ल्यू चीफ सिंह को हटाकर एसएसपी शेख को एडिशनल चार्ज

- आईपीएस नेहा चंपावत बनीं गृह विभाग में विशेष सचिव
- आईजी एडमिन प्रदीप गुप्ता को अभियोजन, एफएसएल भी

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य सरकार के आदेश के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के प्रभार में सोमवार को एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। ईओडब्ल्यू-एसीबी चीफ गुरजिंदर पाल सिंह को हटाने का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया। सीनियर आईपीएस जीपी सिंह को फिलहाल बिना किसी जिम्मेदारी के पुलिस मुख्यालय रवाना कर दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि ईओडब्ल्यू-एसीबी चीफ का अतिरिक्त प्रभार रायपुर एसएसपी आरिफ एच.शेख को दिया गया है।

बता दें कि 78 घंटे पूर्व ही राज्य शासन के आदेश से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। एडीजी गुप्तवार्ता हिमांशु गुप्ता और एटीएस चीफ दीपमाला कश्यप को हटाने का आदेश जारी हुआ था। चर्चा का विषय था दोनों सीनियर अफसरों को हटाकर शासन ने गुप्तवार्ता का जिम्मा आईजी रायपुर रेंज आनंद छाबड़ा को सौंपा। उसी तरह एएसपी रैंक की दीपमाला कश्यप के स्थान पर एटीएस का चार्ज डीएसपी कल्पना वर्मा को नियुक्त किया। उक्ताश्य का आदेश सामान्य प्रशासन से जारी होने के साथ ही आईजी एडमिन प्रदीप गुप्ता की जिम्मेदारी में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायगढ़ में सिलेंडर फटने से मां व दो बेटों की मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ से सोमवार को एक दु:खद खबर सामने आई है। गैस सिलेण्डर फटने से 3 लोग हादसे के शिकार हो गये। इस हादसे में एक महिला और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसा सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम चंदेली का है। घटना की सूचना मिलने पर सारंगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। जिले के सारंगढ़ विधान सभा के ग्राम पंचायत चंदाई में रसोई गैस फटने से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों के नाम लता साहू (25) और उनके दो बच्चे टिकेश साहू (6) तथा झलप साहू (5) बताया जा रहा है। घर वाले के अनुसार घटना सुबह 7.30 बजे का बताया जा रहा है। घटना के वक्त उनके पति सुखराम साहू कही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केरल पहुंचा मानसून जमकर बरसे बदरा

स्थितियां सामान्य रहीं तो सामान्य तिथियों पर ही छग में दस्तक देगा मानसून

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पश्चिम मॉनसून केरल पहुंच गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को इसकी घोषणा कर दी। वहीं मौसम केंद्र, रायपुर के मुताबिक, मौसम संबंधी गतिविधियां सामान्य रहीं तो छत्तीसगढ़ में भी सामान्य तिथियों पर ही दस्तक देगा। बहरहाल

मॉनसून की केरल में दस्तक देने के साथ ही चार महीने का लंबा बारिश वाला मौसम शुरू हो गया है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल में दस्तक दे दी।' जून से सितंबर तक चलने वाले इस मानसून की वजह से देश में 75 फीसदी बारिश होती है। मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट ने 30 मई को मानसून आने की घोषणा की थी लेकिन आईएमडी ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि इस तरह की घोषणा के लिए अभी स्थितियां बनी नहीं हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छग में मानसून पहुंचने की सामान्य तिथियां

छग में सामान्य परिस्थितियों में 8-10 जून को मानसून बस्तर पहुंचता है। 13-15 जून को रायपुर और 21-23 जून को अम्बिकापुर पहुंचने की सामान्य तिथी है।

सिर्फ अंतिम वर्ष व अंतिम सेमेस्टर की होंगी विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2019-20 की विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के अंतर्गत सिर्फ अंतिम वर्ष एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इनको छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा नहीं ली जाएंगी। कोविड-19 महामारी के कारण मार्च 2020 से जारी लॉकडाउन की वजह से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उक्ताशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के आयोजन एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शी निर्देशों का परीक्षण कर सुझाव प्रस्तुत करने हेतु गठित कुलपतियों की समिति से प्राप्त प्रतिवेदन एवं उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर सोमवार को जारी किया गया है।

मां की मौत से दुःखी बेटे ने लगा ली फांसी

- शिवनाथ में डूब गई थी कार, 24 घंटे बाद बेटे ने भी कर ली खुदकुशी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शनिवार को शिवनाथ नदी में अनियंत्रित होकर कार समेत नदी में गिरने के बाद बचाए गए युवक ने देर रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। नदी में कार हादसे के दौरान साथ में युवक की मां भी बैठी थी जिसे बचाया नहीं जा सका था। मां की मौत का गम, पिता की बीमारी और घरेलू कलह से व्यथित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालाकि फांसी का कारण पुलिस ने पति-पत्नी में विवाद होना बताया है। दुर्ग सीएसपी विवेक शुक्ला ने शनिवार दोपहर

ग्राम बोरई दुर्ग निवासी जामवंती बाई साहू (58)और उनका बेटा वेद प्रकाश साहू (25) कार से दुर्ग से अपने गांव बोरई जा रहे थे तभी वे कोटनी के पास शिवनाथ नदी में बने एनीकट से गुजर रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर एनीकट से नीचे नदी में जा गिरी और कार डूबने के कारण मौके पर ही उसकी मां जामवंती की मौत हो गई, वहीं स्थानीय लोगों की मदद से युवक की जान बचाई जा सकी। इस बीच युवक ने कल देर रात फांसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

रिपोर्ट — यूएस में चल रहे जॉर्ज फ्लॉयड प्रदर्शन के दौरान का वाकया, व्हाइट हाउस के सामने जुट गए थे प्रदर्शनकारी

ट्रंप को परिवार समेत लेनी पड़ी बंकर में शरण

- करीब 1 घंटे तक रहना पड़ा अंडरग्राउंड बंकर में

वाशिंगटन/ए.। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करीब एक घंटे तक अंडरग्राउंड बंकर में छिपे रहना पड़ा। घटना शुक्रवार को उस वक्त की है जब जॉर्ज फ्लॉयड प्रदर्शन व्हाइट के सामने हो रहा था। अमेरिकी मीडिया को व्हाइट हाउस के अधिकारियों और कानून प्रवर्तन सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सीएनएन के मुताबिक, फर्स्ट लेडी यानी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप और बैरॉन , उनके बेटे को बंकर में ले जाया गया।

ये है मामला

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में हाल ही में एक अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की मौत हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस अफ्रीकी मूल के अमेरिकी व्यक्ति की मौत उस वक्त हुई जब उसे पुलिस ने रोके रखा था। कुछ रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि पुलिस ने उसे मारपीट की। इसके बाद से ही अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड प्रोटेस्ट के नाम से हिंसक विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

सिक्रेट सर्विस के 60 अधिकारी जख्मी

सीएनएन के मुताबिक, इस प्रदर्शन में शामिल लोग शुक्रवार की शाम से व्हाइट हाउस के सामने इकट्ठा होने शुरू हुए, जो देर रात तक यही जमे रहे। बता दें कि सप्ताहांत में हुई हिंसक झड़पों में करीब सिक्रेट सर्विस के 60 अधिकारी जख्मी हुए। रविवार को तो व्हाइट हाउस के कर्मचारियों को ऑफिस जाने से मना कर दिया गया। ट्रंप का परिवार करीब एक घंटे से कम समय तक के लिए बंकर में रहा।

कोरोना : प्रदेश में 39 नए पॉजिटिव केस मिले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार को 39 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। सर्वाधिक 11 नए मरीज बिलासपुर जिले से मिले हैं। वहीं जशपुर से 9, बेमेतरा से 5, धमतरी व रायपुर से 3-3, रायगढ़, बालोद, मुंगेली से 2-2 तथा गरियाबंद व जगदलपुर से 1-1 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनमें से 22 की रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज रायपुर की लैब में पॉजिटिव पाई गई। मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. नेरल ने इसकी जानकारी दी। इस तरह अब राज्य में एक्टिव पॉजिटिव की संख्या 417 हो गई है। सोमवार को प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से 7 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी कर दिया गया। राज्य में अब तक कोरोना के कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा 539 हो गया है। इनमें से 121को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। राज्य में अब तक दर्ज मौत की संख्या 1 है।

भारत-चीन बॉर्डर पर तनातनी के बीच चीन ने बढ़ाया हथियारों का जखीरा : रिपोर्ट

बीजिंग ए.। भारत-चीन की सीमा पर जारी तनातनी के बीच एक मीडिया रिपोर्ट से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने वर्ष 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हथियारों की संख्या में बढ़ोतरी की है।

चीन के टैबलॉयड ग्लोबल टाइम्स ने सैन्य एक्सपर्ट के हवाले से बताया, 'चीनी सेना ने भारत के साथ साल 2017 में हुए डोकलाम मुद्दे के बाद टाइप 15 टैंक, जेड-20 हेलीकॉप्टर और जीजे-2 ड्रोन जैसों और हथियारों को शामिल किया। इससे ऊंचाई वाले इलाकों में होने वाले युद्ध या फिर टकराव की स्थिति में फायदा उठाया जा सके।' इन नए हथियारों की सूची की जानकारी उस समय सामने आई है जब चीन और भारत के बीच सीमा पर तनातनी चल रही है।

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ चार जगहों पर दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने हैं। वहीं, पिछले महीने सिक्किम के नाकू ला में सीमा सैनिकों का एक और दल के बीच भिड़ंत हुई थी। स्थानीय सैन्य कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता पैंगोंग त्सो के पास 5-6 मई को गश्ती दल के बीच हिंसक टकराव के साथ शुरू हुए गतिरोध को समाप्त करने में विफल रही। इसमें दोनों पक्षों के सैनिक घायल हुए थे। चीन की मीडिया ने वर्तमान गतिरोध को 2017 के डोकलाम वाले मुद्दे से भी ज्यादा खराब बताया है। डोकलाम में भारत और चीन के बीच गतिरोध 73 दिनों तक चला था। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि क्या नए टैंक और हेलीकॉप्टर सीमा पर तैनात किए गए हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाइप 15 टैंक और पीसीएल-181 हॉवित्जर दोनों ही एडवांस टैंक हैं।

लद्दाख में भारतीय सेना के साथ तनातनी, विशेषज्ञों ने चीनी राष्ट्रपति को दी चेतावनी

पेइचिंग ए.। लद्दाख में भारत और चीन के हजारों सैनिक आमने-सामने हैं। दोनों ही देश सीमा पर टैंक, तोपें और गोला-बारूद जमा कर रहे हैं। इस बेहद तनावपूर्ण माहौल में दुनियाभर के विशेषज्ञों ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को चेतावनी दी है कि वे कोरोना संकट को लेकर हो रही आलोचना से बचने के लिए राष्ट्रवाद और संप्रभुता को हवा न दें। उन्होंने कहा कि भारत के साथ तनाव बढ़ाने से उल्टे चीन को भारी नुकसान होगा। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत के साथ सीमा विवाद से चीन के सामने धर्मसंकट पैदा हो गया है। चीन और अमेरिका के बीच एक तरीके से 'कोल्ड वॉर' का दौर शुरू हो गया है। यही नहीं कोरोना वायरस को ठीक से नहीं संभालने के लिए दुनियाभर में चीन की आलोचना हो रही है। विशेषज्ञों ने शी चिनफिंग को चेतावनी दी है कि अगर चीन ने भारत के खिलाफतनाव बढ़ाया और यह डोकलाम की तरह से हुआ तो अपने बचाव के लिए नई दिल्ली के अमेरिकी खेमे में जाने का खतरा बढ़ जाएगा।

कामयाबी : स्पेसएक्स का ड्रैगन नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आईएसएस पर पहुंचा

केप केनवरल ए.। रॉकेट और अंतरिक्षयान का निर्माण करने वाली निजी कंपनी स्पेसएक्स ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में दो अंतरिक्ष यात्रियों को सफलतापूर्वक पहुंचाया है। अंतरिक्ष यान ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने नासा के अंतरिक्ष यात्रियों बॉब बेनकेन (49) और डॉ हर्ले (53) के अंतरिक्ष की प्रयोगशाला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने की पुष्टि की। कंपनी ने ट्वीट किया, डॉकिंग की पुष्टि, ड्रैगन के सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे। नासा ने ट्वीट किया, ''डॉकिंग की पुष्टि अंतरिक्ष यात्री बेनकेन और अंतरिक्ष यात्री डॉ अंतरिक्ष स्टेशन पर सुबह 10:16 बजे पहुंचे।

15 हज़ार लोग इस बारे में बात कर रहे हैं

स्पेसएक्स के रॉकेट फैल्कन 9 ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के 19 घंटे बाद अंतरिक्षयान निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचा। यह 20वर्ष में पहली बार है जब कोई निजी अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्रियों को ले कर अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा है।

अब दिल्ली में एक हफ्ते तक बॉर्डर रहेगा सील

नई दिल्ली ए.। कोरोना को लेकर राज्य सरकारों की तनातनी दिल्ली, नोएडा और गुड़गांव में काम करने वालों पर भारी पड़ रही है! यूपी और हरियाणा सरकार के बाद अब केजरीवाल सरकार ने भी दिल्ली की सीमाएं सील करने का ऐलान कर दिया है। लॉकडाउन को जब देशभर में अनलॉक करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, ऐसे में दिल्ली सरकार के इस फरमान ने दिल्ली-हृष्टक्र में काम करने वालों को मुश्किल में डाल दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के अस्पताल में दूसरों राज्यों के मरीज न भर जाएं, इसके चलते फिलहाल उन्हें सीमाएं एक हफ्ते के लिए बंद करने का फैसला करना पड़ रहा है। यानी दिल्ली से लोग अब हरियाणा और उत्तर प्रदेश नहीं जा पाएंगे। न ही उधर से लोग दिल्ली आ पाएंगे।

दिल्ली सरकार का यह आदेश ऐसे वक्त में आया है जब उत्तर प्रदेश सरकार ने बॉर्डर पहले से बंद किए हुए हैं, वहीं हरियाणा ने बॉर्डर खोलने की बात तो कही लेकिन गाइडलाइन नहीं आने की वजह से स्थिति पहले जैसी है। इसके चलते सोमवार को दिल्ली-गुड़गांव काम करने वाले कई लोगों को वापस घर लौटना पड़ा। दिल्ली सीएम ने राजधानी के लोगों से सुझाव मांगे हैं कि उन्हें 8 तारीख से बॉर्डर खोलने चाहिए या नहीं। सीएम केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली की तरफ से भी अब नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव और फरीदाबाद के बॉर्डर सील कर दिए जाएंगे।

कुछ लोगों को छूट

» जरूरी सर्विस से जुड़े लोगों को आने-जाने की इजाजत।

» सरकारी ऑफिसर जिनकी किसी विभाग में ड्यूटी है वे आईकार्ड दिखाकर आ-जा सकेंगे।

» किसी जरूरी काम पर पास लेकर आ-जा सकते हैं। यह पास दिल्ली पुलिस, सरकार की वेबसाइट से बनवाया जा सकता है।

केंद्र ने बताया, आखिर कैसे भारत में टिड्डियों के आतंक के लिए पाकिस्तान कसूरवार

एजेंसी,नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने पाकिस्तान पर टिड्डियों पर नियंत्रण का कोई प्रयास नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह टिड्डियों को नियंत्रण करने में नाकाम रहा हैं और जानबूझकर टिड्डियों की समस्या को बढ़ावा देने में लगा हुआ हैं।

चौधरी ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान में टिड्डियों की समस्या को लेकर भारत ने पाकिस्तान को टिड्डियों के नियंत्रण के लिए मेनपॉवर, तकनीकी उपकरण एवं कीटनाशक मुहैया कराने की पेशकश की थी। टिड्डियों को नष्ट करने के लिए और भी अन्य मदद मुहैया कराने का ऑफर दिया गया था लेकिन पाकिस्तान ने तो इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया और न ही टिड्डियों के संबंध में कोई सूचना साझा की। इससे साफ जाहिर हो रहा हैं कि पाकिस्तान जानबूझकर टिड्डियों की समस्या को बढ़ावा देने में लगा हुआ हैं जबकि टिड्डियों को नष्ट करने के लिए भारत ने ईरान से भी पेशकश की थी। इस पर ईरान ने अपने पास कीटनाशक कमी होने की बात कही थी। अब भारत ईरान को बीस हजार लीटर पेस्टीसाईड्स मुहैया करवा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सीमा से लगातार टिड्डियां राजस्थान के सीमावर्ती जिलो में प्रवेश कर रही हैं। पाकिस्तान पूरी तरह टिड्डियों को नियंत्रण करने में विफल रहा हैं। पाकिस्तान के पास संसाधनों की कमी हैं, उसके पास मात्र टिड्डी नियंत्रण के लिए 10 मशीनें ही हैं, ऐसे में भारत सरकार द्वारा उसे टिड्डी नियंत्रण में मदद देने की पेशकश की थी, ताकि टिड्डियों को वही पाकिस्तान में खत्म किया जा सके। लेकिन अफसोस हैं कि पाकिस्तान ने अभी तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया और न ही टिड्डी के संबंध में कोई जानकारी साझा कर रहा हैं।

उन्होने बताया कि टिड्डियों के संबंध में एफओ.यू से जुड़े ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से जुड़े हर सोमवार को टिड्डियों की स्थिति के संबंध में ऑनलाइन बैठक होती हैं लेकिन पाकिस्तान इस बैठक में कोई जानकारी एवं समस्या नहीं बताता। पाकिस्तान को मदद मुहैया कराने के ऑफर के साथ ईरान को भी टिड्डियां नष्ट करने की पेशकश की गई थी। इस पर ईरान ने अपने पास पेस्टीसाईड की कमी होने की बात जाहिर की थी।

नोएडा : गुल्लक तोड़ श्रमिक परिवार को फ्लाइट से भेजा घर

नोएडा ए.। लॉकडाउन की वजह से दिल्ली के शेल्टर होम में फंसे कैंसर पीड़ित प्यारी कोल (55) ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि नोएडा की एक बच्ची निहारिका की मदद से वह अपनी पत्नी व बेटी के साथ हवाई जहाज से अपने घर झारखंड पहुंच जाएंगे। कक्षा 8 की छात्रा निहारिका ने अपनी गुल्लक तोड़कर तीनों को फ्लाइट से रांची भिजवाया। खास बात यह भी है कि छात्रा उस श्रमिक परिवार से कभी मिली भी नहीं थी।

नोएडा के सेक्टर-50 निवासी निहारिका द्विवेदी पाथ-वे स्कूल में पढ़ती हैं। निहारिका ने बताया कि लॉकडाउन लागू होने के बाद रोते बिलखते श्रमिक परिवारों की खबरें देखकर वह मन ही मन परेशान हो रही थीं। वह क्या कुछ कर सकती हैं बस यही सोचती थीं। तीन दिन पहले दिल्ली में रहने वाले एक रिश्तेदार ने निहारिका की मम्मी सुरभि द्विवेदी को फोन पर बताया कि यूसुफ सराय के सरकारी स्कूल में बने शेल्टर होम में नोएडा से आया श्रमिक परिवार रुका हुआ है। पति को कैंसर है, इस वजह से उसकी पत्नी और बेटी भी परेशान हैं। वे लोग किसी भी तरह घर जाना चाह रहे हैं।

निहारिका ने यह बात सुनी और मम्मी से मदद करने की मंजूरी मांगी। इसके बाद पिछले तीन साल की अपनी तीन गुल्लक तोड़कर 48 हजार 530 रुपये निकाल लिए। फिर रिश्तेदार से उस परिवार की जानकारी और मोबाइल नंबर लिया। यह बात जब निहारिका के पापा गौरव द्विवेदी ने जानी तो बेटी के इस जज्बे को सपोर्ट किया। फिर निहारिका ने तीनों के लिए रांची तक का फ्लाइट का टिकट करवाया। उनके पिता ने कैब बुक कर परिवार को शेल्टर होम से एयरपोर्ट तक पहुंचवाया। रविवार शाम 5 बजकर 30 मिनट पर दिल्ली से रांची के लिए इस फ्लाइट ने उड़ान भरी।

घरेलू विवाद : तीन बेटियों को नदी में फेंका

गोरखपुर ए.। उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के धनघटा इलाके में सोमवार को एक व्यक्ति ने कथित रूप से घरेलू विवाद को लेकर अपनी तीन बेटियों को घाघरा नदी में फेंक दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने यहां बताया कि सरफराज नाम का व्यक्ति अपने मित्र नीरज की मदद से मोटरसाइकिल पर अपनी बेटियों घाघरा नदी के किनारे पहुंचाया था। इसके बाद उसने बच्चियों सना (7), सबा (4) और शमा (2) को घाघरा नदी के बिरहर घाट पर लाया और तीनों बच्चियों को एक-एक कर नदी में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि आसपास मौजूद कुछ ग्रामीणों ने नदी में कूदकर बच्चियों को बचाने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लड़कियों की तलाश शुरू करवाई लेकिन अभी तक किसी का कुछ पता नहीं चला। सिंह ने बताया कि पुलिस ने सरफराज और उसके मित्र नीरज को गिरफ्तार कर लिया है। सरफराज करीब 20 दिन पहले मुंबई से लौटा था और वह नशे का आदी है।

सऊदी अरब ने सशर्त फिर से खोलीं 90 हजार मस्जिदें

एजेंसी,रियाद। सऊदी अरब ने देश में कोरोना वायरस प्रतिबंध हटाने के दूसरे चरण के तहत मक्का को छोड़कर 90 हजार मस्जिदें फिर से खोल दी हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। एफे न्यूज ने राज्य द्वारा संचालित एसपीए समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि मार्च के आखिर के बाद से पहली बार रविवार को नमाजियों को 90 हजार मस्जिदों में जमात के साथ प्रार्थना करने की अनुमति दी गई।

काबा और हरम मस्जिद के घर मक्का को कोरोनावायरस प्रतिबंध हटाने की योजना से बाहर रखा गया है। हालांकि, मस्जिदों में लौटने वाले श्रद्धालुओं को वायरस के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से लगाए गए नियमों का पालन करना पड़ेगा। इसमें दो मीटर की दूरी और बाथरूम को बंद करना भी शामिल है, जहां लोग प्रार्थना से पूर्व वुजू करते हैं।

एसपीए के अनुसार, एहतियाती उपायों में फेस मास्क पहनना और उपासकों द्वारा अपनी चटाई लाना शामिल है। इसके अलावा रविवार को सऊदी रेलवे ने फिर से ट्रेन सेवाएं शुरू कीं। सूत्र के अनुसार तापमान की जांच समेत अन्य एहतियाती उपायों के साथ यात्रियों की सीटों को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। सरकार ने पिछले सप्ताह अपनी लॉकडाउन में ढील देने की रणनीति का खुलासा किया था। यह रमजान के महीने के दौरान संक्रमण में वृद्धि के बाद ईद अल-फित्तर के दौरान लगाए गए 96 घंटे के कर्फ्यू के बाद सामने आयाा। इसमें 28 मई से लागू कर्फ्यू को समाप्त करने के अलावा, निजी वाहनों द्वारा अंतर-प्रांतीय यात्रा को फिर से शुरू करना भी शामिल है। 21 जून से सभी प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे, लेकिन सार्वजनिक रूप से मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

एक्सपर्ट्स का दावा, कोरोना का हो रहा कम्युनिटी ट्रांसमिशन

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दावा किया है कि अब देश में कोविड-19 संक्रमण का कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो रहा है। इन स्वास्थ्य विशेषज्ञों में एम्स के डॉक्टर, आईसीएमआर रिसर्च ग्रुप के दो सदस्य आदि शामिल हैं।

देश में कोरोना मरीजों की संख्या सोमवार सुबह 1,90,535 पहुंच गई, वहीं, अब तक 5394 मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद सरकार लगातार कहती रही है कि अभी भारत में कोरोना वायरस का कम्युनिटी ट्रांसमिशन नहीं हो रहा है। भारत अब कोरोना वायरस से प्रभावित दुनिया का सांतवां सबसे बड़ा देश बन चुका है। इंडियन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन और इंडियन एसोसिएशन ऑफ एपिडेमियोलॉजिस्ट के विशेषज्ञों द्वारा संकलित रिपोर्ट प्रधानमंत्री को सौंपी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह उम्मीद करना ठीक नहीं है कि इस स्तर पर कोरोना वायरस महामारी को समाप्त किया जा सकता है क्योंकि बीमारी का कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन से अपेक्षित फायदा यह था कि इस बीमारी को एक समय के भीतर ज्यादा फैलने से रोका जाए, जिससे प्रभावी ढंग से योजना बनाई जाए। अब लॉकडाउन के चौथे चरण के खत्म होने के बाद लगता है कि यह संभव हो गया है।

16 सदस्यीय संयुक्त कोविड-19 टास्क फोर्स में आईएपीएसएम के पूर्व अध्यक्ष डॉ शशि कांत, आईपीएचए के अध्यक्ष डॉ. संजय के. राय, बीएचयू के डॉ डीसीएस रेड्डी और चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर के डॉ. राजेश कुमार शामिल हैं। डॉ. रेड्डी और डॉ. कांत कोरोना महामारी के लिए महामारी विज्ञान और निगरानी पर एक आईसीएमआर के सदस्य हैं। रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि महामारी से निपटने के लिए फैसले लेते समय महामारी विज्ञानियों से परामर्श नहीं किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि मानवीय संकट और बीमारी फैलने दोनों के मामले में भारत भारी कीमत चुका रहा है।

50-59 आयु वर्ग में कोरोना संक्रमण सबसे ज्यादा

■ जवानों एवं बूढ़ों में अटैक रेट में अधिक अंतर नहीं : आईसीएमआर स्टडी

नई दिल्ली ए.। देश में 63 फीसदी कोरोना मौतें बुजुर्गों की हुई हैं। यूरोप में यह प्रतिशत और भी ज्यादा है। इसलिए सोचा जाने लगा कि यह बीमारी बूढ़े लोगों की है। लेकिन आईसीएमआर के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में नौजवानों में यह बीमारी पैठ बना रही है। नौजवानों में इस बीमारी से संक्रमित होने की दर (अटैक रेट) अच्छा-खासा है।

आईसीएमआर ने देश भर में दस लाख टेस्ट के आधार पर यह नतीजा निकाला है। उसके मुताबिक 22 जनवरी से 30 अप्रैल के बीच कुल 10215618 कोरोना टेस्ट किए गए। इनमें से 33610 नमूने पॉजीटिव निकले थे। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी, पुणे ने इन टेस्ट के आधार पर उम्र के हिसाब से कोरोना की संक्रमित होने की दर निकाली है। जो बताता है कि देश में युवा आबादी में भी संक्रमण अच्छा खासा हुआ है। युवाओं एवं बुजुर्गों में कोरोना के अटैक रेट में ज्यादा फर्क नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार 20-29 साल की आयु में प्रति दस लाख पर कोरोना अटैक रेट 40.5 दर्ज किया गया, जबकि 30-39 आयु वर्ग में 48.6 तथा 40-49 में 50.1 तथा 50-59 में सबसे ज्यादा 64.9 रिकॉर्ड किया गया।

प्रेसवार्ता में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा-

आंकड़ों की चिंता नहीं है, चिंता कम्युनिटी स्प्रेड की

फिर जताया संदेह सीमा खोलने, ट्रेनों से बढ़ेगा आंकड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों परस्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि संक्रमण के आंकड़े बढ़ना चिंता बात नहीं है। चिंता कम्युनिटी स्प्रेड की है. सीमा खोलने और ट्रेनें शुरू करने से संक्रमण के आंकड़े बढ़ सकते हैं। इसके लिए अंतरराज्यीय परमिट भी जरूरी होना चाहिए। 5 लाख लोग बाहर से आ सकते हैं ये बड़ी चिंता की बात है। मंत्रीमंडल फेरबदल की चर्चाओं पर कहा कि ये मुख्यमंत्री का एकाधिकार है. सभी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा होती है। सभी के कामकाज की समीक्षा वरिष्ठ नेता समय समय पर करते रहते हैं। जोगी कांग्रेस के कांग्रेस में विलय के बारे में कहा कि इस विषय पर पहले भी चर्चा होती रही है। जब-जब जोगी जी गंभीर रूप से बीमार थे तब भी चर्चा हुई थी। 3 विधायक कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं यह बात सबके सामने हैं, लेकिन फिलहाल निर्णय जैसी स्थिति नहीं बनी है। डॉक्टरों की इस्तीफे को लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि पीपीई किट नहीं मिलने का सवाल ही नहीं है. डॉक्टर्स को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जहां तक तनख्वाह की बात है जिन स्थानों में उनकी पदस्थापना करना है उसकी प्रक्रिया चल रही थी. जल्द ही उन्हें वेतन का भुगतान कर दिया जाता. पदस्थापना को लेकर डॉक्टर किसी एक ही स्थान पर पोस्टिंग करने की जिद कर रहे थे। यह संभव नहीं है कि सभी को कुछ चिन्हित स्थानों पर ही नियुक्त किया जाए. हम लोग चाहते हैं कि डॉक्टर्स को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों. वे बेहतर ढंग से काम करें. उन्हें अगर कोई समस्या है तो आकर चर्चा भी कर सकते हैं. मंत्री टीएस सिंहदेव ने पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक ली. क्वॉरेंटाइन सेंटरों में बेहतर इंतजाम के सभी जिलों को निर्देश दिए गए. पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक हुई. कुछ जिलों के क्वारेंटाईन सेंटर में संख्या अधिक है. कवर्धा, मुंगेली, जांजगीर चांपा, कोरबा में बड़ी संख्या में श्रमिक हैं।

बोले जॉब कार्ड की डिमांड आ रही

अब तक साढ़े 3 लाख श्रमिक आ चुके है इसमे से अधिकतर क्वॉरेंटाइन पूरा कर घर जा चुके हैं। बैठक में एक दिन आए लोगों को एक साथ रखने का निर्देश दिया गया है। कई जगहों से 10 10 हजार जॉब कार्ड बनाने की डिमांड आई है। इसके लिए भी दिशा निर्देश दिए गए। 23 लाख 51 लोगों के मनरेगा में काम करने की जानकारी आई है। कोरोना को लेकर दबाव बनाकर मॉस्क आदि की सप्लाई करने शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। किट्स, मॉस्क, पीपीई किट आदि की कमी न हो इसका निर्देश दिया गया है।

महापौर ने कहा भाजपा प्रायोजित हैं बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण का विरोध

■ **भाजपा इस आड़ में कर रही ओछी सियासत-महापौर**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण काम पर सप्रे स्कूल मैदान की आड़ लेकर जिस प्र्कार भाजपा पार्षद विरोध कर रहे हैं उनसे मेरा सवाल आखिर उन्होने बूढ़ातालाब को लेकर क्या किया है बता दें? बढ़े रार के बीच महापौर एजाज ढेबर आज मीडिया से रूबरू हुए और कहा कि तालाब के बगल में न फूड पार्क बनेगा और न ही चौपाटी। मैदान के जिस हिस्से का उपयोग नहीं था उतना ही हिस्सा लिया गया है। जिन्हे शहर के विकास से लेना देना नहीं वही विरोध कर और करवा रहे हैं। बातचीत के दौरान सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य श्री कुमार मेनन एवं निगम कमिशनर व प्रभारी कलेक्टर सौरभ कुमार उपस्थित थे। एजाज ढेबर ने आज नगर निगम में अपने कक्ष में पीसी करते हुए कहा कि राजधानी रायपुर का प्राचीन बूढ़ातालाब लोगों की आस्था का केन्द्र रहा है। बूढ़ातालाब सफाई अभियान, सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार का काम स्मार्ट सिटी लिमिटेड व नगर निगम व्दारा संयुक्त रूप से किया रहा है। जिन कामों को लेकर हम आगे बढ़े हैं उस पर कुछ लोग बेवजह विरोध दर्ज करा रहे हैं। उनका कहना है कि बूढ़ातालाब से लगे सप्रे शाला के मैदान को अपने घेरे में लेकर नगर निगम सीधे-सीधे खिलाडियों का अहित कर रहा है। हमने खेल से जुड़े शेरा क्लब के लोगों से इस पर बातचीत की है। यह सही है कि हम मैदान का 5 से 6 मीटर हिस्सा ले रहे हैं। वह हिस्सा अनुपयोगी है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि तालाब के किनारे ना फूड पार्क, बनेगा और ना ही चौपाटी। तालाब के आसपास रहने वाले किसी को भी बेघर नहीं किया जाएगा। वहां कोई भी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। हमने सप्रे मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल का मैदान बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया है। वहां ओपन जिम इक्विपमेंट, प्ले इक्विपमेंट एवं लैंडस्केपिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रोजेक्ट 2 करोड़ का है। लोग दानी स्कूल की जमीन दबाने का भी आरोप लगा रहे हैं। हकीकत यह है कि दानी स्कूल के हिस्से में चार मंजिला खूबसूरत भवन बनेगा जिसमें 40 कमरे होंगे। जिस तरह कटोरा तालाब व तेलीबांधा तालाब खूबसूरत बना, वैसा ही खूबसूरत बूढ़ातालाब बनेगा। यहां लैंड स्केपिंग का कार्य कराया जाना है। घाटों का रिपेयर कार्य, इलेक्ट्रिक पोल्स,विसर्जन कुंड, लक्ष्मण झूला, फ्लोटिंग डेक एवं फाउंटेन कार्य शामिल है।

गेला राम नगर एवं उसके आसपास के एरिया में किया गया सेनेटाइज्ड

रायपुर। रायपुर नगर निगम के जोन 6 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम आयुक्त सौरभ कुमार के निर्देश पर जोन आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में जोन 6 के तहत आने वाले देवपुरी के बाबा गेला राम नगर एवं आसपास के स्थानों में कोरोना वायरस संक्रमण से जन- जन की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कोरोना पॉजिटिव मरीज के पूरे घर को बाबू जगजीवन राम वार्ड सहित पूरे कंटेंमेंट जोन एरिया को एन्टी कोरोना वायरस स्प्रे करवाने अभियान चलाकर सेनेटाइज किया। पूरे देवपुरी बाबा गेला राम नगर सहित कंटेंमेंट जोन के सम्पूर्ण क्षेत्र में चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। जोन 6 के जोन कमिश्नर विनय मिश्रा ने बताया कि अगले 14 दिनों तक जिला प्रषासन के आदेशानुसार कंटेंमेंट जोन के सम्पूर्ण क्षेत्र में देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर बाबू जगजीवन राम वार्ड क्षेत्र में संबंधित जोन 6 स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सघनता से फॉगिंग अभियान जारी रहेगा।

करदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाईन संपत्ति कर पटाने की अंतिम तिथि 7 तक

रायपुर (नव प्रदेश)। रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त सौरभ कुमार, राजस्व विभाग अध्यक्ष श्रीमती अंजलि राधेश्याम विभार ने नागरिकों को जानकारी देते हुए निगम राजस्व विभाग की ओर से बताया कि रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने रायपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डो के रहवासी करदाता नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम रायपुर के समस्त संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर एवं अन्य करो का भुगतान ऑनलाइन किया है, जिसे उबतंपचनतण्पद के माध्यम से जमा किया जा सकता है अथवा सम्बंधित जोन कार्यालय में जाकर करदाता नागरिक अपने करो का भुगतान कर सकते हैं। समस्त शनिवार एवं रविवार को एवं अन्य अवकाश के दिनों में राजस्व शाखा खुली रहेगी। इसके साथ ही नगर निगम रायपुर के सभी जोनो के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर नागरिको से घरों में सामाजिक दूरी के जनस्वास्थ्य हितकारी सिद्धांत का अनिवार्य रूप से व्यवहारिक पालन करते हुए संपत्ति कर सहित निगम के करों की वसूली की जायेगी। राज्य शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशानुसार वर्ष 2019-20 हेतु करो का भुगतान लेते हुए दिनांक 7 जून 2020 तक राजस्व की वसूली नगर निगम रायपुर के समस्त जोन कार्यालयों में की जाएगी।

विश्व पर्यावरण दिवस पांच को, होंगे विविध आयोजन

रायपुर (नव प्रदेश)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित संपूर्ण जिलों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए विविध फोटो प्रदर्शनी का आयोजन छत्तीसगढ़ सामाजिक वानिकी विभाग एवं पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा लगाई जाएगी। इस अवसर पर वृक्ष मित्र अभियान की सक्रिय सदस्य अंजना दुबे ने बताया कि उनकी संस्था के सदस्य पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया के माध्यम से संदेशों का आदान प्रदान कर लोगों में जागरूकता फैलाएंगे। वहीं ग्रीन आर्मी के पदाधिकारी मोहन वर्ल्यानी ने बताया कि उनका अभियान साल भर चलता है। तालाब सफाई अभियान के साथ ही वृक्षारोपण पर भी पूरे शहर में जोन बनाकर हर वर्ष सघन वृक्षारोपण किया जाता है। लाक डाउन की स्थिति को देखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रीन आर्मी के सदस्य लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक करेंगे। वहीं प्रदेश शासन का पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा गत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष वर्षा काल में स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र - छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

2 लाख 11 हजार के करीब लोग क्वारंटाइन में

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ में एक ओर जहां कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर 02 लाख 10 हजार 926 लोगों को क्वारंटाइन में रखा गया गया है, जबकि 50 हजार 243 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है। ज्ञात हो कि मई माह में लॉकडाउन-4 के शुरू होने बाद से लेकर खत्म होने तक दूसरे राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों सहित अन्य लोगों की प्रदेश वापसी होने के बाद से राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। दूसरे राज्यों से वापसी करने वालों के साथ-साथ संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों को भी अब यहां क्वारंटाइन किया जा रहा है। प्रदेश में रविवार शाम तक की अवधि में राज्य में कुल 01 लाख 9 हजार 243 क्वारंटाइन सेंटर बनाए गए है, जिनकी क्षमता 06 लाख 51 हजार 561 लोगों के रखने की है। इन सेंटरों में अब तक 02 लाख 10 हजार 926 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। इसके अलावा 52 हजार 365 लोगों को होम क्वारंटाइन भी किया गया है। जिन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

संपादकीय

मासूम बच्चों को बख्शें सरकार

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देश में दो माह तक लॉकडाउन लगाया गया जिसे अब हटाया जा रहा है। एक मई से देश का अधिकांश हिस्सा अनलॉक हो गया है। आर्थिक गतिविधियों को तेज करने के लिए यह आवश्यक भी है किन्तु एक जुलाई से शैक्षणिक संस्थानों को प्रारंभ करने का निर्णय कतई उचित नहीं है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को इसके लिए स्वतंत्र कर दिया है कि वे अपने प्रदेशों में एक जुलाई से शैक्षणिक गतिविधियां जारी करें या न करें। कुछ राज्य सरकारों ने एक जुलाई से स्कूल और कालेज शुरू करने की घोषणा भी कर दी है। इनमें ऐसे राज्य भी है जहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में मासूम बच्चे यदि स्कूल जाएंगे तो वे कोरोना वायरस का आसान शिकार बन सकते है। एक ओर तो सरकार यह कह रही है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए 10 साल से कम आयु के बच्चे और 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग घर से न निकलें। वहीं दूसरी ओर वह स्कूल शुरू करा रही है। प्राथमिक शालाओं तक पढ़ने वाले बच्चों की उम्र 10 साल से कम होती है और वे यह नहीं समझ सकते कि स्कूल में सोशल डिस्टेंसिंग का कैसे पालन किया जाए हर स्कूलों में एक कक्षा में 40 से 50 तक विद्यार्थी होते है ऐसे में वे दो गज की दूरी कैसे बनाकर रख सकते है। इन मासूम बच्चों के लिए 5 घंटे तक मास्क लगाए रखना भी संभव नहीं है। यही नहीं बल्कि अधिकांश बच्चे बसों और आटों रिक्शा में स्कूल जाते है इस दौरान भी उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा बना रहेगा। बेहतर होगा कि राज्य सरकारें स्कूलों की कमाई के लिए मासूम बच्चों की जान से खिलवाड़ न करें। जब तक कोरोना वायरस का कहर रूक नहीं जाता तब तक शैक्षणिक संस्थानों को कईत नहीं खोला जाना चाहिए। भले ही इसके लिए और तीन-चार महिने का समय लग जाए लेकिन कम से कम प्रथमिक स्कूल न खोले जाएं। बच्चों का एक साल बर्बाद न हों इसके लिए अन्य विकल्पों पर विचार किया जाएं। यह डिजिटल युग है ऐसे में इन बच्चों को घर बैठे भी पढ़ाया जा सकता है। यदि राज्य सरकारें स्कूल प्रारंभ करती है तो न सिर्फ मासूम बच्चों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा रहेगा बल्कि उनके माध्यम से उनके परिजन भी कोरोना संक्रमण का शिकार बन सकते है। वैसे भी जुलाई महीने में बरसात शुरू हो जाएगी और ऐसे मौसम में सर्दी खांसी सहित अन्य जल जनित रोगों का प्रकोप फैलता है और इससे बच्चों का स्वास्थ्य खराब होता है। ऐसी स्थिति में मामूली सर्दी खांसी होने पर भी पालकों की चिंता बढ़ जाएगी और वे अपने बच्चों को कोरोना वायरस होने की आशंका के चलते अस्पतालों के चक्कर लगाने और कोरोना टेस्ट कराने पर बाध्य हो जाएंगे। इस बारे में राज्य सरकारों को अपने फैसले पर पुनरविचार करना चाहिए।

अनुच्छेद 30 के विरोधी तो स्वयं गांधीजी भी थे

प्रवीण गुगनानी

> शिक्षा जगत मे यह फर्क पर्याप्त असमानता उत्पन्न करता है कि अल्पसंख्यक संस्थान पूर्ण स्वतन्त्रता का आनंद लेते हैं, वहीं हिंदू संस्थानों को सरकार के हस्तक्षेप का सामना करना पड़ता है, यह सरासर भेदभाव है। यह अनुच्छेद सांप्रदायिक असंतुलन उत्पन्न करने का एक बड़ा स्त्रोत बन गया है। स्पष्ट है कि अनुच्छेद 30 मे मिले हुये अधिकारों का अल्पसंख्यक समाज ने स्वयं के विकास हेतु असंतुलित व अनैतिक उपयोग किया है। इस अनुच्छेद के माध्यम से शिक्षा जगत मे शिक्षा के नाम पर धर्मांतरण की खुली मूहीम चली हुई है। भारत के निर्धन, पिछड़े, वनीय, जनजातीय क्षेत्रों मे इस अनुच्छेद की आड़ लेकर चल रहे हजारों शिक्षण संस्थान धर्मांतरण, हथियार निर्माण व पत्थर फेंकने के प्रशिक्षण केंद्र बने हुये हैं; यह बात समाज भी जनता है और प्रशासन भी, फिर भला इस आर्टिकल 30 की समीक्षा करने मे बुराई क्या है?!

हाल ही मे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने संविधान के अनुच्छेद 30 के औचित्य पर प्रश्न उठाया है। इसके जवाब मे आलोचकों व विरोधियों ने अपनी प्रवृत्ति के अनूरूप ही विजयवर्गीय पर राजनीति मे धर्म के उपयोग के आरोपों की झड़ी लगा दी है। इस समय मे गांधी जी का विचार याद आता है, उन्होने कहा है कि ÷जो यह मानते हैं कि धर्म का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है, वे ये नहीं जानते है की धर्म क्या है÷। अनुच्छेद 30 विभिन्न अल्पसंख्यक धर्मों को अपने धर्म के प्रचार प्रसार हेतु अधिकार देने वाला संविधान का भाग है। गांधी जी विशेषतः इस्लाम व ईसाइयत को स्वतंत्र भारत मे धर्म प्रचार की छूट दिये जाने के प्रबल विरोधी थे। इस नाते से यदि भारत मे अनुच्छेद 30 का कोई आदि विरोधी है तो वे स्वयं मोहनदास करमचंद गांधी है। धर्मांतरण के सख्त विरोधी होने के नाते 1935 में एक मिशनरी नर्स ने गांधी जी से पूछा ÷क्या आप धर्मांतरण के लिए मिशनरियों के भारत आगमन पर रोक लगा देना चाहते हैं? इस पर गांधी जी ने उत्तर दिया - ÷अगर सत्ता मेरे हाथ में हो और मैं कानून बना सकूं, तो मैं धर्मांतरण का यह सारा धंधा ही बंद करा दूं। ईसाई मिशन की दुकानों में मरडोक की पुस्तकें बिकती हैं। इन पुस्तकों में सिवाय हिन्दू धर्म की निंदा के और कुछ है ही नहीं÷। भारत मे धर्म प्रचार के विषय मे गांधी जी के ये विचार स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रतिलिपि हैं। शिक्षा के नाम पर धर्मांतरण कराने के संदर्भ मे बाबा साहेब अंबेडकर के भी यही विचार हैं। भाजपा के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय ने अनुच्छेद 30 को समानता के अधिकार को सबसे अधिक हानि पहुंचाने वाला बताया है। कैलाश विजयवर्गीय ने अपने ट्वीट में लिखा, ÷देश में संवैधानिक समानता के अधिकार को आर्टिकल 30 सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। यह अल्पसंख्यकों को धार्मिक प्रचार और धर्म शिक्षा की इजाजत देता है, जो दूसरे धर्म के लोगों को हासिल नहीं है। जब हमारा देश धर्मनिरपेक्षता का हिमायती है तो इस आर्टिकल 30 की क्या जरुरत है? भारतीय संविधान के अनुच?छेद-30 के तहत अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान चलाने करने का अधिकार प्राप्त है। संविधान का यह अनुच?छेद कहता है कि सरकार वित्तीय मदद देने में किसी भी शैक्षणिक संस्थान के खिलाफ इस आधार पर भेदभाव नहीं कर सकती है कि वह अल्पसंख्यक प्रबंधन के तहत संचालित है। कुछ कांग्रेसी नेताओं ने इस ट्वीट का विरोध यह कहकर किया है कि कोरोना काल मे इस प्रकार की धर्म की राजनीति नहीं होनी

चाहिए किंतु अब यह भी एक सत्य है कि हमें आने वाला कुछ महीनों तक कोरोना के साथ जीने का अभ्यस्त होना पड़ेगा अतः इन परिस्थितियों मे यदि कोई राजनेता इस प्रकार का साहसिक बयान देकर इस देश की मूल संस्कृति व परम्पराओं के प्रति इस प्रकार का आग्रह रखता है व चिंता करता है तो यह अपने आप मे एक विलक्षण राजनैतिक गुण है। इस देश को, इसकी भाषा, संस्कृति, धर्म, समाज को अब सेकुलरिज़्म के नाम पर ठगने वाले लोग नहीं अपितु तुष्टीकरण के तमाम चलाये गए माध्यमों पर रोक लगाने की बात करने वाले साहसिक राजनीतिज्ञ चाहिए जो गुण कैलाश विजयवर्गीय ने समय समय पर बड़ी दृढ़ता से प्रदर्शित किया है। प्रश्न यह है कि अनुच्छेद 30 के अधिकार केवल अल्पसंख्यकों को ही क्यों? इस अनुच्छेद को लेकर विशेषज्ञ बताते हैं कि इससे मदरसों में कुरान और हदीस की शिक्षा एक कानूनी अधिकार है जबकि हमारे ही देश मे किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय या निजी शिक्षण संस्थाओं मे रामायण, महाभारत, गीता या वेद पुराण पढ़ाने की अनुमति नहीं है। वैदिक शिक्षण अपने आप मे शिक्षण का एक पूर्ण विकसित विज्ञान है जिसने हमारे देश को पुरातन काल मे विश्वगुरु के स्थान पर आसीन किया था किंतु आश्चर्य है कि यह वैदिक शिक्षा आज शिक्षण माध्यमों व पाठ्यक्रमों से लुप्त है। समूचे विश्व को नालंदा, तक्षशिला जैसे दसियों विश्व स्तरीय व दिव्य शिक्षण संस्थान देने वाला हमारा देश तुष्टीकरण से सराबोर इस जैसे कानूनों के कारण ही सांस्कृतिक व शैक्षणिक घुटन का शिकार हो गया है। इस देश का मूल विचार, मूल सिद्धान्त, मूल जीवन शैली, मूल आहार व्यवहार ही इस देश के शिक्षण ढांचे से गायब है। इसका गायब होना एक बात है किंतु इस तुर्रा इस बात का भी है वे सभी विचार, सोच व जीवनशैली जो इस देश के मौलिक वैदिक चिंतन के विपरीत ध्रुवों पर स्थित है उस कुविचार को वैदिक मूल्य के बलिदान की कीमत पर संवैधानिक प्राथमिकता उपलब्ध है। हमें यह भी देखना होगा कि अनुच्छेद 28 कहता है कि जो भी शैक्षणिक संस्थान सरकार द्वारा दिए गए धन से चलते हैं उनमें कोई भी धार्मिक निर्देश नहीं दिया जा सकता है। किंतु यह विडम्बना ही है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति से अब तक इस देश के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों मे उनकी भाषा, लिपि, संस्कृति की रक्षा के नाम पर हिंदू धर्म की कब्र खोदने का काम प्रमुखता से चलता आ रहा है। आज मदरसे लव जिहाद, लैंड जिहाद, पत्थर फेंकने, हथियार बनाने, राष्ट्रद्रोह करने के अड्डे बन गए हैं। हमें यह समझना होगा कि भारतीय संविधान का आर्टिकल 30 देश में धार्मिक या भाषाई अल्पसंख्यकों को कई अधिकार देता है। यह आर्टिकल ही इन अल्पसंख्यकों को देश में देश में शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन के लिए अधिकार देता है। किंतु शिक्षण के आड़ मे क्या क्या गोरखधंधे इन मिशन स्कूलों व मदरसों मे चल रहें हैं यह किसी से छुपा नहीं है।

आर्टिकल 30 पर अब चर्चा इस लिए सामयिक है क्योंकि सीमित नियंत्रण के कारण ऐसे संस्थानों मे व्यक्तिगत नियंत्रण होता है व कम शासकीय हस्तक्षेप के कारण इनमें बहुत प्रकार के भ्रष्टाचार जन्म लेते हैं। उप्र के आजम खान व हैदराबाद के असदुद्दीन औवेसि के संस्थान इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यक संस्थानों को शिक्षा अधिनियम के अधिकार के अनुसार, गरीबों के लिए अपनी 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की छूट देता है, जो भारत के संविधान में निहित मूलभूत अधिकारों के विपरीत है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 30 की धारा 1 (ए) के अनुसार, पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीति को लागू करने की बाध्यता अल्पसंख्यक संस्थानों की नहीं है।

विचार-

चीन और नेपाल का ढीला होना

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कमाल के आदमी हैं। एक तरफचीन के खिलाफउन्होंने कई मोर्चे खोल रखे हैं और दूसरी तरफसीमा को लेकर वे भारत और चीन के बीच मध्यस्थ या पंच की भूमिका निभाना चाहते हैं। मध्यस्थ और पंच की भूमिका निभाने की इच्छा रखने की बजाय वे इस सवाल को लेकर चीन पर बरस पड़ते तो वह उनका ज्यादा प्रामाणिक तेवर होता लेकिन जैसा कि मैं अक्सर कहता हूं, ट्रंप का कुछ भरोसा नहीं। वे कब क्या कर पड़ें ? ट्रंप की दोस्ती आसान नहीं है। नादान की दोस्ती, जी का जंजाल है। ट्रंप ने पहले भी भारत और पाकिस्तान के बीच पंचायत करने की पहल कई बार की है लेकिन भारत ने उसकी तरफ झांका तक नहीं। ट्रंप से कोई पूछे कि पंच या मध्यस्थ बनने की काबलियत उनमें है क्या ? पाकिस्तान और चीन दोनों को उन्होंने इतने रगड़े दिए हैं कि वे ट्रंप को कभी अपना मध्यस्थ नहीं बनाएंगे। यदि भारत या नरेंद्र मोदी को ट्रंप अपना परम मित्र मानते हैं तो भारत के प्रति तटस्थ हुए बिना ट्रंप मध्यस्थ कैसे बन सकते हैं ? वे भारत के प्रति चीनी विवाद के वक्त तटस्थ हो रहे हैं तो साफहै कि वे भारत के प्रति मित्रता का जो दावा कर रहे हैं, वह शुद्ध ढोंग है।

जबानी जमा-खर्च है। वरना इस समय चल रहे विवाद में चीन के प्रति उनका रवैया मध्यस्थ का नहीं, उनके विदेश मंत्रालय की अफसर एलिस की तरह बहुत सख्त होना चाहिए था। जहां तक चीन और नेपाल का सवाल है, दोनों देशों ने सीमा-विवाद के मामले में अपना रवैया नरम किया है। नई दिल्ली में चीनी राजदूत ने कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है और सारा मामला जल्दी सुलझ जाएगा। इसी प्रकार नेपाली सरकार ने लिपुलेख क्षेत्र के बारे में जो नए नक्शे छापे हैं, उन पर वह अपनी संसद की छाप लगवाना चाहती थी लेकिन उसने यह कदम वापस ले लिया है। दूसरे शब्दों में चीन और नेपाल के साथ मुठभेड़ की नौबत अभी टलती हुई दिखाई पड़ रही है। दोनों देशों के प्रति भारत सरकार का रवैया दृढ़ लेकिन संयमपूर्ण रहा है, जो कि वर्तमान परिस्थिति में बिल्कुल ठीक है। चीन और नेपाल के रवैयों में जो ढीलापन दिखाई पड़ रहा है, वह भी समयानुकूल है। दोनों देशों को पता है कि यह 1962 नहीं, 2020 है और दिल्ली में नेहरु की नहीं, मोदी की सरकार है, जो किसी भी वक्त कोई भी फैसला ले सकती है।

महामारी, मंदी और जीवन का संकट...

आदित्य दुबे

> एक तरफआत्मनिर्भरता की बात की जा-रही है जिसका मतलब देश के संसाधनों में घरेलू उद्योग-धंधों को प्राथमिकता देना, लेकिन दूसरी तरफअन्तर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठढ्ढ) की सीमाओं को 74 से 100 फ़ीसदी तक बढ़ा देना। ऐसे में देश की घरेलू कंपनियां विदेशी कंपनियों की प्रतियोगिता में पीछे चली जाएंगी। एक तरफ विदेशों से आयात करने हम मजबुर है तो वहीं निर्यात में अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार के लाभों को उठाने की स्थिति में नहीं है। विदेशी पूंजी लाने के लिए सरकारों ने अपने लेबर लॉ तक को कमज़ोर बना दिया है। ऐसे में नौकरियों और कामगारों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा की गारंटी कैसे सुनिश्चित की जा-सकती है। आत्मनिर्भर भारत तभी सार्थक माना जा-सकता है,

वर्तमान के इन सभी घटनाक्रमों ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि, बग़ैर व्यक्तियों के कोई अर्थव्यवस्था नहीं है और बग़ैर अर्थव्यवस्था के कोई व्यक्ति नहीं है। अर्थव्यवस्था और लोग दोनों एक-दूसरे के पूरक है। वर्तमान की ये परिस्थितियां वापस हमें इतिहास के उन घटनाओं की ओर ले जा-रही है, जिसने एक लंबा संघर्ष तय किया था। बात उन्नीस सौ तीस के दशक के भीषण आर्थिक मंदी की है। इस महामंदी (1929-39) ने अर्थव्यवस्था के लिए गढ़े गए परम्परागत सिद्धांतों और बाज़ारवादी ढांचे की पोल खोल दी। कहा गया कि, आपूर्ति स्वयं अपना मांग तैयार करती है (Supply creates its own Demand)", मतलब आप प्रोडक्शन करते जाएं खरीदने वाले चलकर आपके पास आएंगे... और ऐसे ही अनेक मान्यताएं इस महामंदी के पहले चली आ रही थी। मंदी से निपटने के लिए इन सब सिद्धांतों में इतना बल न था।

सूखे से उत्पन्न खाद्यान्न संकट, बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी (स्टेगफ्लेशन), अमरीकी शेयर बाजार का गिरना और उसके बाद बैंकों का कोलेप्स होना। सिलसिलेवार तरीके से अर्थव्यवस्थाएं ख़त्म होती चली गई। हरेक घटना के साथ लोगों का जीवन प्रभावित होता गया और समाज में एक मनोवैज्ञानिक तनाव (अवसाद) तैयार होता गया। शेयर बाजार के गिरने के बाद भावी आर्थिक संकट के भय ने लोगों के मांग (Demand) करने की प्रवृति को लगभग खत्म कर दी। इसका सीधा असर बैंकों में दिखा जहां लोगों ने बैंक से ऋण लेना बंद कर दिया और इसके उलट बैंकों से अपनी जमापूंजी (FDOs) भी निकाल ली। अब बैंकों के पास न फंड बचे और न ही वो ऋण दे पाए। इस तरह बैंकों का संकट बढ़ता गया और वे ख़त्म होते चले गए।

पूंजीवादी बाजार आधारित अर्थव्यवस्था के ये ढांचे इस संकट से ढहने लगे और धीरे-धीरे बढ़ते घाटे के साथ निजी निवेश (Private Investment) कम होने लगे। पूरा बाज़ार थम गया। इन सबके बाद इन परंपरागत आर्थिक सिद्धांतों के विकल्प पर विचार प्रारंभ हुए और j.m. keyns की थ्योरी से नए आर्थिक ढांचे को सरकारों से समर्थन मिला और इसे अपनाया गया। केंसियन थ्योरी में इस बात को माना गया कि, कोई भी अर्थव्यवस्था अपनी मरम्मत स्वयं नहीं कर सकती या मंदी में स्वयं ऊपर उठ नहीं सकती। अर्थव्यवस्था

> देश में मीडिल क्लास केवल दो चीज़ों के लिए अपना जीवन जी रहा है, एक तो Vote देने के लिए और दूसरा Tax देने के लिए। इससे ज्यादा इस वर्ग से सरकारों को और क्या मिल सकता है? इसलिए अब इस वर्ग की कोई सुनवाई बनती ही नहीं है। इन सभी घटनाक्रमों के बाद एक सवाल सभी के मन में आता है कि, सरकारें ऐसा क्यों कर रही है? वो लोगों को नकद और नौकरियों की सुरक्षा क्यों नहीं दें रही है? अच्छी और प्रभावी आर्थिक नीतियां देश का विकास करने के साथ ही सरकारों के राजस्व में भी वृद्धि करती है।

को मंदी से उबारने के लिए बड़े आर्थिक सुधारों की जरूरत होती है और बड़े सुधार केवल स्टेट (सरकार) ही ले सकती है। केन्सियन थ्योरी मंदी में तबाह हुई अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ाने पर जोर देती है। क्योंकि मंदी में न तो लोगों के पास रोज़गार बचता है और न ही कोई आय होती है। आय नहीं होने से बाज़ार में वस्तुओं की मांग गिर जाती है और इससे उद्योगों के घाटे बढ़ने लगते है और उन पर धीरे-धीरे ताले लगने लगते है। बढ़ते घाटे और अविश्वास के कारण निजी निवेश (Private Investment) अर्थव्यवस्था में बंद हो जाते है। इस प्रकार अर्थव्यवस्था मंदी के चक्र में सालों-साल फंसी रह जाती है। मंदी के चक्र से बाहर निकालने के लिए बड़े आर्थिक सुधारों के साथ पुनः मांग (Demand) को तैयार करने के उपाय सरकारों को किया जाना चाहिए। मांग (Demand) को तैयार करने के लिए सरकारों को आगे आना चाहिए। सरकार अर्थव्यवस्था में अपने निवेश की मात्रा (पैसे) को बढ़ाए। सामाजिक-आर्थिक योजनाओं के ख़र्च में वृद्धि करें। निम्न आय समूहों (Low Income Groups) को सीधे आर्थिक सहायता (Cash) दें। देश के लोगों की नौकरियों को बचाएं। औद्योगिक और वित्तीय इकाइयों के लिए बड़े आर्थिक पैकेज लेकर आए। इन सबका सम्मिलित प्रभाव सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था के मांग को बढ़ाने में होगा। क्योंकि लोगों के पास जब पैसा आएगा तो वो उसे ख़र्च करना चालू करेंगे जिससे वापस डिमांड बढ़ेगी और उद्योग-धंधों के प्रोडक्शन फिर से चालू हो पाएंगे। इस तरीक़े से अर्थव्यवस्थाओं को मंदी के चक्र से बाहर निकाला जा-सकता है। इसके बाद ये माना गया कि, किसी भी अर्थव्यवस्था और उसके संसाधनों को पूर्ण रूप से बाज़ार पर निर्भर नहीं रखा जा सकता है, उस पर सरकार का युक्तिसंगत नियंत्रण जरूरी है। क्योंकि किसी भी आर्थिक संकट के समय ये ढांचे उसमें केवल फंसकर रह जाते है, उससे ऊपर नहीं उठ पाते है। इसके बाद ही अलग-अलग ढंग से मिश्रित अर्थव्यवस्था (Mi&ed Economy) के ढांचे को देशों के द्वारा अपनाया गया। भारतीय अर्थव्यवस्था को भी इसी आर्थिक ढांचे से संतुलित किया गया। वर्तमान की जो अप्रत्याशित घटना/आपदा हम सभी के बीच दिख रही है, वो वापस हमें उस आर्थिक हालत की ओर ले जा-रही है जो 1930 के दशक में बने थे। अब बात अगर भारतीय अर्थव्यवस्था की जाए तो यह बहुत ही गंभीर परिस्थितियों में है। अर्थव्यवस्था के आंकड़ों को देखें, तो वर्तमान और आगे आने वाला समय बहुत कठिनाइयों से भरा है। अर्थव्यवस्था पर अब तक किए गए सारे प्रयोगों ने इसके सभी पहियों की गति को पहले से ही कम कर दिया था और अब कोरोना और लॉकडाउन ने इसके पहियों को पूरी तरीक़े से थाम दिया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो भारत में रहते

जो भारत में रहते हैं पर ,करते उससे प्यार नहीं। कैसे हम ये मानें वे हैं ,छुपे हुए गद्दार नहीं। संविधान की बातें करते ,ज्ञान नहीं कर्तव्यों का, सुनो ध्यान से उसमें केवल,वर्णित हैं अधिकार नहीं।। जो भी अपने कर्तव्यों को,नत-शिर सदा निभाता है। बात-बात पर अधिकारों की, माँगें नहीं उठाता है। कठिनाई में सदा राष्ट्र के ,रहता है जो साथ खड़ा, उसका ही प्यारे भारत से,लगता सच्चा नाता है।।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

चाय की छोटी सी

चाय की छोटी सी प्याली बढ़ाती है केतली का बड़प्पन चाय अकेलेपन की साथी अहसास किसी के साथ का चाय सुबह-शाम की भली-सी बुरी लत चाय तुम्हारी तरह बेहद जरुरी-सी चाय मेरे साथ-साथ करती है तुम्हारा इंतजार

- पुष्प सैनी 'पुष्प'

खास पाती | कहीं ऐसा ना हो यह जिंदगी

कहीं ऐसा ना हो यह जिंदगी बेज़ार हो जाये बहुत गुमसुम से रहते हो चलो तकरार हो जाये बदन नंगा हृदय गंगा है मन चंगा तुम्हारा गर हया की मुफलिसी में ईद का त्यौहार हो जाये शरीफों के शहर में अब शराफत बेचने वालों कली के साथ कुछ फूलों का व्यापार हो जायेतुम्हारे नाम से बदनाम हूँ लटका दो सूली पर चलन ऐसा चला पाकीज़गी बदकार हो जाये लगा दो आग पानी में तपन दे दो जवानी कोकिताबें ऐसी गढ़ना शब्द ही हथियार हो जाये मुरारी चीर खींचे चित्रलेखा कर रही नर्तन गंगा जमुना नहाये लोग में अभिसार हो जाये गजल के सारे मिसरे देख तुमको भूल जाते हैं भला कैसे यहाँ हर आदमी फनकार हो जाये। **- नरेंद्र पाण्डेय**

छोड़ कर गांव की पगडंडी शहर

छोड़ कर गांव की पगडंडी शहर की सड़क पर चल पडा था विजेता अभिनेता की सी चाल में आज सड़क से फिर पगडंडी कर खड़ा मनोदशा को कमीज की सलवटों में समेटता मिलों की दूरी को देखकर भी हुआ नहीं विचलितनंगे रक्त रंजित पैर फिर भी मैं अंधेरे में चलता रहा मां के आंचल की शीतल छाँव का सहारा याद कर अब ढूंढ़ ही लूंगा मै जो भूला था रास्ता गांव का पगडंडी पर पैर पड़ते ही मरहम लग गया सुबह का भूला मुसाफिर सांझ घर आ गया दूर चूल्हे से उठता धुंआ भूख को उकसा गया अमिया गुड़ की मिठास में डूबी रोटियां जब परोसी गई थाल में मां की मेहनत से बनी रोटी दो आंसू मेरे गाल पर और दो मां के गाल पर लुढ़क गए। - **अर्विना गहलोत**

हकीकत-ए-शाम भी होगी

हकीकत-ए-शाम भी होगी हकीकत-ए-एहसास भी होगी फिर से मुस्कान भी होगी फिर से चीक -चुक भी होगी फिर वहीं जाम होगी फिर हर कोई सरेआम होगी हकीकत-ए-शाम भी होगी हकीकत-ए-एहसास भी होगी।

-सोनू कुमार आकाश

बेवफ़ाई की इंतिहा भी नहीं..!

बेवफ़ाई की इंतिहा भी नहीं..!!हम तो रह पाए पर.. ख़फ़ा भी नहीं..!! दरमियाँ फ़ासला रहा भी नहीं..!! वो दुबारा कभी मिला भी नहीं...!! ज़ख़्म नासूर है कहा भी नहीं...!! चारागर देता पर दवा भी नहीं...!!

- पूजा बंसल

काल की गति पर काल भारी

काल की गति पर काल भारी है। जंग ए मौत से जिंदगी क्यूँ हारी है। इल्जाम लगाने का खेल सियासत का जारी है। ये करतबी खिलाड़ी गज़ब मदारी है। चाँद छुप गया आज स्याह रात में चाँदनी ढूंढती तुझे वो तेरी पुजारी है।। छेड़ दी क्यूँ बात मुहब्बत की शब में पलकों पर नमी रख, रात यूँ गुज़ारी है। छोड़ दी वो गलियाँ वो राहे सारी जहाँ बसी थी यादों की पिटारी है।

- वंदना भट्नागर

हाल अपना क्या बताना ठीक

हाल अपना क्या बताना,ठीक है क्या कहूँ है मर्ज कैसा ,ठीक है जी रहा हूँ पी के अपने गम यहाँ ये जमाना कब किसी का ठीक है बात तो करते यहाँ पर सब बड़ी काम किसके कौन आता, ठीक है हाल पूछा जब कभी उसने मेरा रोते रोते मुस्कराया ठीक है आज तक 'संजय' जिया सबके लिए है खड़ा फिर भी अकेला ठीक है

- संजय कुमार गिरि

श्रृंगार की पंक्तियां कुछ पल

श्रृंगार की पंक्तियाँ कुछ पल के लिए 'किसी स्त्री को जरूर प्रभावित कर सकती हैं ÷लेकिन लंबी अवधि के लिए नही। ज्यादातर महिलाएं रूप सौंदर्य से ज्यादा यह सुनना पसंद करती हैं 'कि तुम्हारे हाथो की बनी चाय कितनी अच्छी हैं।

- बेबी सिंह

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत में पहले 'दयानंद एंगलो-वैदिक' स्कूल की शुरूआत कब हुई थी? (1889 / 1910)

2) राज्य के क्षेत्र और सीमा में परिवर्तन का अंतिम अधिकार किसे प्राप्त है?

3) कौन-सी पर्वत श्रृंखला एशिया को यूरोप से अलग करती है?

4) घरेलू स्तनधारी प्रजातियों में कौन-सी प्रजाति कूबड़ वाले ऊंट की तरह है एवं विश्वास किया जाता है कि यह मध्य अरब से भारत में आई?

5) मंदिर का नाम बताए जो मध्यप्रदेश में स्थित है?

उत्तरमाला- (1) 1889 (2) संसद (3) यूराल पर्वत श्रृंखला (4) ड्रोमेडरी (5) मातंगेश्वर, खजुराहो (सांची)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में दो जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है। 1702- रानी ऐनी के कप्तान जनरल जॉन चर्चिल ने राइन पर कैसेरसविर्थ के आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। 1739-स्वीडन के स्टॉकहोम में रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की स्थापना की गई। 1763- पोंटियाक का विद्रोहः अब मैकिनो सिटी, मिशिगन, चिप्पवेस ने किले मिसिलिमैकिनैक पर कब्जा कर लिया, जो कि लार्रोसस्से के एक खेल के साथ गैरीसन का ध्यान हटाने के बाद, किले में एक गेंद का पीछा किया था।- 1771 आर्मिडा, एंटोनियो सालेरी द्वारा वियतना बर्गथेटर में एक ओपरेक 'ड्रामा प्रति संगीत' प्रस्तुत किया। 1780- कैथोलिक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने लंदन में पार्लियामेंट पर हमला किया।

न्यूज गैलरी

वोरा के नाम का दुरुपयोग कर 52 हजार की ठगी

दुर्ग। शातिर ठग अब राजनेताओं के नामों का इस्तेमाल करने से भी बाज नहीं आ रहे है। ठगी का ऐसा ही एक मामला दुर्ग शहर में सामने आया है। जिसमें ठग ने विधायक अरुण वोरा के नाम का दुरुपयोग कर मनी ट्रांसफर के कारोबार से जुड़े रवि कुकरेजा को 52 हजार रुपए की ठगी का शिकार बना लिया। घटना की मोहन नगर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने ठग के मोबाइल नंबर और राशि ट्रांसफर किए गए खाता नंबर के आधार पर ठग को ट्रेस करने में जुट गई है।

15.87 लाख की लागत से होंगे विभिन्न विकास कार्य

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 19 में 15.87 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे जिसकी शुरुआत आज सुबह महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव व महापौर परिषद के सदस्य जोहन सिन्हा ने किया। इस दौरान सोशल डिस्टेंस का खासा ध्यान रखा गया। वार्ड 19 में मंच निर्माण, नाली निर्माण व सीमेंटीकरण कार्य के लिए स्वीकृति मिलने बाद कार्य की शुरुआत होने से वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वार्ड में विभिन्न कार्यों के लिए लंबे समय मांग की जा रही थी।

मोदी के कार्यकाल में देश समृद्धि की ओर बढ़ा : बघेल

सांसद ने गिनवाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रुप में दूसरी पारी के पहले वर्ष में केन्द्र सरकार के कार्यो को लेकर जनता का विश्वास और भरोसा और अधिक बढ़ा है। कार्यकाल के इन एक वर्षो में केन्द्र सरकार के योजनाओं व कार्यो से न केवल देश बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाके भी और अधिक समृद्ध हुए है। केन्द्र सरकार द्वारा धारा 370 को हटाना, तीन तलाक पर रोक, नागरिकता संशोधन विधेयक पारित करवाना, राममंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त करवाना, गरीब, किसान व मजदूरों के हितार्थ अहम फैसले लिए गए है। यह कार्य पिछले लंबे वर्षो से नही किए गए थे। जिसे केन्द्र सरकार ने इस एक वर्ष में पूरा कर दिखाया है। जिसे लोकतंत्र के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सोमवार को अपने संसदीय कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण करने पर केन्द्र सरकार के और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में किए गए उपलब्धि भरे कार्यो को गिनवाते हुए कही। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष उषा टावरी, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, जिला भाजपा महामंत्री देवेन्द्र सिंह चंदेल, काशीनाथ शर्मा, सौरभ चौबे, रितेश शर्मा, सतीश समर्थ, अरुण सिंह, मनोज शर्मा भी मौजूद थे। जिला भाजपा कार्यालय में सांसद बघेल ने चर्चा में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरु की गई विभिन्न योजनाओं से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की गतिविधियों में काफी तेजी आई। शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए है। केन्द्र सरकार की योजना के तहत ही आज गांव.गांव में ग्रामीणों तथा प्रवासी मजदूरों को अपने ही गांव में रोजगार मिल रहा है। किसान सम्मान निधि के साथ ही किसानों के लिए शुरु की गई। विभिन्न योजनाओं का छत्तीसगढ़ के किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। भारत सरकार ने अभी जल जीवन मिशन के रुप में छत्तीसगढ़ के लिए महत्वाकांक्षी योजना शुरु की है। जिससे हर घर में नल और हर नल में जल पहुंच सकेगा। इस योजना से खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी की समस्या दूर हो सकेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में इस योजना के लिए प्रथम किश्त के रुप में 445 करोड़ की मंजूरी दी है। इस योजना से राज्य के 45 लाख घरों में से 20 लाख घरों में नल कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है। महामारी के खतरे के चलते बड़ी संख्या में मजदूर अपने गांव वापस लौट रहे है। अभिनय काम की जरुरत है। जल जीवन मिशन में इन प्रवासी मजदूरों को काम देने की भी योजना बनाई गई है। प्रवासी मजदूरों को इसके तहत गांव में पानी आपूर्ति हेतु मोटर ऑपरेटिंग प्लंबिंग फिटिंग जल संरक्षण इत्यादि समस्त कार्यो में आयोजित किया जा सकता है। श्री बघेल ने कोरोना संकट से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम में छत्तीसगढ़ बेहत्तर स्थिति में है। यह केन्द्र व राज्य सरकार के मिलेजुले प्रयास का परिणाम है। कोरोना पीड़ितों को बेहत्तर इलाज उपलब्ध करवाए जा रहे है। लॉकडाउन से प्रभावित मजदूरों को हरसंभव राहत पहुंचाई गई है। कोरोना वारियर्स के अलावा विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने इस विषम परिस्थितियों में अपने सामाजिक दायित्वों का मुस्तैदी से निर्वहन किया है। जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र है।

एक महिला सहित मिले दो कोरोना पॉजीटिव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई में दो अलग- अलग क्षेत्रो में सोमवार को एक महिला सहित दो कोरोना पॉजीटिव के मामले सामने आए। पहला मामला नेहरु नगर वेस्ट कालोनी का है। जहां 26 वर्षीय महिला कोरोना पॉजीटिव पाई गई है।

पॉजीटिव महिला के पिता भिलाई निगम के कर्मचारी है इसलिए उनके माता-पिता व भाई को क्वारंटाईन में भेज दिया गया है। कोरोना प्रभावित महिला 28 मई को पुणे से हैदराबाद होकर यहां आई थी। भिलाई नगर निगम में हड़कम्प की स्थिति है और पूरे निगम को सैनेटाईजेशन किया जा रहा है। कोरोना प्रभावित महिला को उपचार के लिए शंकराचार्य कोविड अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। दूसरो मामला मडौदा सेक्टर का है जहां एक 75 वर्षीय बुजुर्ग कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। यह व्यक्ति बलिया उत्तरप्रदेश से आया था। उसका रायपुर एम्स में ईलाज चल रहा है।

मौहारी मरोदा के बीआरपी चौक एरिया सील

हर घर को किया जा रहा है सैनिटाइजेशन

निगम क्षेत्रांतर्गत आने वाले मौहारी मरोदा बीआरपी चौक एरिया में बलिया बिहार से अपने रिश्तेदार के यहाँ रूके एक वृद्ध व्यक्ति का रिपोर्ट पॉजिटिव आने के तुरंत बाद मरीज के परिजनो के घर सहित पूरे एरिया को सील कर दिया गया है तथा आप.पास के क्षेत्रों में वृहद् रूप से सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर प्रत्येक घर एवं मोहल्ले को सैनिटाइज करने का कार्य निगम के स्वच्छता कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए 50 कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी प्रत्येक घर पहुँच कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। निर्मित किये गये अस्थाई कैम्प में निगम के कर्मचारी नियुक्त किये गये है जो कि क्षेत्र में हर गतिविधियों पर नजर रख रहे है क्षेत्र के 100 मीटर के दायरे को पूर्ण रूप से सील कर दिया है।

152 करोड मिलने के बाद भी शहर में पानी के लिए हाहाकार

विधायक के हस्तक्षेप के चलते योजना विफल : वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के प्रत्येक घरों तक पानी पहुंचाने चल रहे अमृत मिशन योजना की कार्यशैली पर पर नेता प्रति पक्ष अजय वर्मा सहित भाजपा पार्षदों ने सवाल उठाते हुए इस लेटलतीफी पर विधायक अरुण वोरा की राजनीतिक हस्तक्षेप व महापौर धीरज बाकलीवाल की अनुभवहीनता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि इन दोनों नेताओं के कारण केंद्र की मोदी सरकार की सबसे बड़ी योजना का लाभ से शहर की जनता को नहीं मिल पा रहा है। इस संबध में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित सभी भाजपा पार्षद श्रीमती गायत्री साहू, चन्द्रशेखर चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, नरेश तेजवानी, लीना दिनेश देवांगन, चमेली साहू, मनीष साहू, अजित वैद्य, ओमप्रकाश सेन, हेमा शर्मा, शशी द्वारिका साहू, पुष्पा गुलाब वर्मा, कुमारी बाई साहू ने संयुक्त रूप से कहा है कि विगत 2वर्ष पहले पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर के कार्यकाल में सुनियोजित पूर्वक प्रारम्भ किए गए अमृत मिशन कार्य को निगम में

सत्ता परिवर्तन होते ही वार्डो में राजनीतिक भेदभाव व वाहवाही लूटने के फेर में विधायक वोरा ने भट्ठा बैठा दिया है विधायक के अपने पराए की नीति के कारण शहर के विभिन्न वार्ड जहां आज भाजपा के पार्षद है वहां अमृत मिशन के कार्य अधूरे छोड़कर बंद करा दिया गया है तथा कांग्रेसी वार्डो में अपने पार्षदों को खुश करने पाईप लाईन बिछाने का कार्य चालू कराया गया है चूंकि पूर्व में अमृत मिशन कार्य पानी की गम्भीर किल्लत वाले वार्डो को ध्यान में रखकर एक व्यवस्थित पूर्ण तरीके से आरम्भ किया।

निगम में ना रहे कोई लंबित आवेदन : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्र के एपीएल व बीपीएल वर्ग के लोग निगम दफ्तर में दो माह से अब तक आवेदन जमा कर परेशान हो रहे हैं किन्तु नया राशन कार्ड बनाने के लिए निगम ने हाथ खड़े कर दिए हैं जिसके कारण लोग रोजाना निगम के चक्कर लगा रहे हैं। राजस्व अधिकारी से जानकारी लेने पर खाद्य विभाग द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं करने का कारण बताया गया इतना ही नहीं राशनकार्ड में त्रुटि सुधार व नाम जोडऩे का कार्य भी सर्वर डाउन होने का कारण बता कर पल्ला झाड़ रहे है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कुल 65 हजार 190 परिवारों का राशन कार्ड बनाया गया है जिसमें अंत्योदय, निराश्रित, अन्नपूर्णा, प्राथमिकता तथा निरूशक्तजन परिवार शामिल हैं। राशनकार्ड से वंचित लोगों के आवेदन का परीक्षण उपरांत खाद्य विभाग द्वारा जारी पोर्टल में एंट्री किया जाता है एवं पीडीएफ जारी करने का अधिकार खाद्य विभाग का होता है किन्तु पिछले एक माह से आवेदनों की एंट्री का काम ठप्प है। राशन की महती आवश्यकता को देखते हुए आवेदनकर्ता निगम की शिकायत लेकर विधायक अरुण वोरा से मिले। शिकायत पर खाद्य विभाग पहुंच कर खाद्य अधिकारी सीपी दीपांकर ने वस्तुस्थिति पर बताया की अभी वर्तमान में राशनकार्ड वंचितों को आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत दो माह के लिए प्रति सदस्य 10 किलो चावल व 1 किलो दाल या 2 किलो चना मुफ्त मिलेगा।

लॉकडाउन में भी स्थानीय श्रमिकों ने किया बेहतरीन कार्य

अमृत मिशन फेस-2 के तहत 10 उच्चस्तरीय जलागार के निर्माण पूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अमृत मिशन फेस-2 के अंतर्गत 10 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है लॉक डाउन में भी अमृत मिशन के कार्य को करने के लिए स्थानीय श्रमिकों ने बेहतर योगदान दिया है जिसकी बदौलत कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य इस विकट परिस्थिति में पूर्ण किया जा चुका है। 10 उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण पश्चात की जा रही है टेस्टिंग अमृत मिशन योजना के तहत 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जाना है जिसमें से 10 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसकी टेस्टिंग की जा रही है, लॉकडाउन के दौरान खमरिया एवं कुरूद की पानी टंकी का निर्माण कार्य स्थानीय श्रमिकों के द्वारा किया जाता रहा है और 85ः तक पूरा किया जा चुका है। पैनल में आ चुकी है विद्युत आपूर्ति 66



एमएलडी फिल्टर प्लांट में विद्युत की आपूर्ति के लिए सब स्टेशन स्थापित किया जा चुका है। जिसमें दो लोवर ट्रांसफार्मर एवं दो हायर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। दोनों ही ट्रांसफार्मर से मोटर पंप को कनेक्ट किया जा चुका है। विद्युत आपूर्ति आने के बाद इसकी टेस्टिंग हो चुकी है। इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य चलता रहा निरंतर लॉक डाउन के दौरान इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य निगम के अधिकारियों के निर्देशन में किया जाता रहा है और इसी दरमियान हाउसिंग बोर्ड के पानी टंकी से जल प्रदाय शुरू भी किया जा चुका है। पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य कई स्थानों पर चल रहा है। संपवेल एवं वास वाटर टैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्य, बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण जैसे तीन महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400520

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रुपा मिथलेश पति श्री नेहरुलाल मिथलेश निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 721/20 रकबा 0.016 हें/ 1768 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400493

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री हितेन्द्र सिंह आ. श्री नंदकुमार बेलचंदन निवासी नेवई भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 369/9 रकबा 0.016 हें/ 1710 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400494

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती उमा अहीर पति श्री कृपाराम अहीर निवासी सेक्टर-06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 365/3 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400495

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री एच विजया राव आ. सी. एच. श्रीनिवास राव निवासी सेक्टर-06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 817/11 रकबा 0.02 हें/ 2392 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400548

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामगोपाल वर्मा पिता धनीराम वर्मा निवासी ग्राम थनौद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम थनौद प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 593/3 रकबा 0.020 हें/ 2175 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जी विनय आ. के.जी. पिल्लई साकिन इस्पात नगर रिसाली दुर्ग द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 979/2 रकबा 0.02 हे. अर्थात 2260 वर्गफीट को रजिस्टर्ड दानपत्र के माध्यम से जी. विनोद आ. के.जी. पिल्लई से प्राप्त किया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400551

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती आशा देशमुख पति तोमर सिंह निवासी ग्राम रांका द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 527/13 रकबा 0.019 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400545

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शांतनु कुमार बेहेरा आ. साधुचरण निवासी सेक्टर 4 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 758/1 रकबा 0.02 हें/ 2310 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गयाराम पिता स्व बिशाल निवासी गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 823/5 रकबा 0.025 हे0 भूमि जो कि आवेदक व अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार गयाराम/आवेदक का नाम गयाराम आ. स्व. बिशाल का नाम आनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश दर्ज न होने पर अन्य सहखातेदार के नाबालिग से बालिग हो जाने पर उनके नाम से नाबालिग शब्द विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 22.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

पंजी. क्र. 202005102800042

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ताराबाई जैन पति स्व. करमचंद जैन निवासी 310 सददनी चौक जीवन टेंडर्स बुढापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन किया है कि मौजा ग्राम कुम्हारी प.ह.न. 53 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 359/422 रकबा 0.263 हें भूमि भूधारक करमचंद जैन पिता जीवनलाल व अन्य -04 निवासी बुढातालाब रायपुर के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार करमचंद जैन पिता जीवनलाल की मृत्यु दिनांक 26.01.2020 को हो गया है। अतः मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 23.06.2020 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

नायब तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रूपेश कुमार बंजारे पिता/पति हटोई राम बंजारे निवासी पचशील नगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.न. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 0342/114 रकबा 0.014 हें के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 18.07.2018 को हो जानें के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि के 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./93/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीदार शंकर सिंघल पिता स्व ओम प्रकाश सिंघल निवासी ग्राम पंचशील सोसायटी बोरसी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 13/1 रकबा 0.324 हें भूमि को विक्रेता श्रीमती आशा देवी भतीजा उर्फ लालवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमार लहरे पिता स्व. जुडावन लहरे निवासी रसमड़ा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके सहखातेदार के नाम पर ग्राम रसमड़ा प.ह.नं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 3, 74, 965, 1085 रकबा 0.210, 0.210, 0.370, 0.030 हे. भूमि एकल खाता/ शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार सुमित्रा बाई सिवारे, लगनी बाई, मनिराम की मृत्यु दिनांक 17.09.2019 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 08.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रामकिंकर पुरी गोस्वामी आयु 41 वर्ष पिता श्री पदुमन पुरी गोस्वामी निवासी जी 113 आर.डी.ए. कालोनी रायपुरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 211/53 रकबा 1494 हें. अर्थात 138.87 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत् प्रस्तुत किया हैं। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 18.06.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400547

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती विनिता बेहेरा जौ. शांतनु निवासी सेक्टर 4 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 827/6, 886/3 रकबा 0.02, 0.08 हें/ 3600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400530

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक धनीराम सोनवानी पिता आनंदराम निवासी सेक्टर 4 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 761/1 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कोरोना के आड़ में विभाग के जनसूचना अधिकारी झाड़ रहे अपना पल्ला

■ **भ्रामक पत्र भेजकर कर आवेदकों को किया जाता है गुमराह,नहीं दी जाती समय सीमा पर कभी जानकारियां**

गरियाबंद। इन दिनों कोरोना के चलते विभागीय अधिकारियों को किसी भी कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान नहीं किए जाने को लगता है एक अच्छा बहाना मिल गया है, विभागों में चल रहे कार्य लगभग सामान्य होने के बावजूद भी आरटीआई के तहत किए गए आवेदन की जानकारी देने को विभागों के जनसूचना अधिकारियों के द्वारा पलड़ा झाड़ दिया जा रहा है, जबकि आर टी आई के सभी कार्य यथावत सामान्य चल रहे हैं।

गरियाबंद जनपद पंचायत में जनसूचना अधिकारी का यह रवैया देखा जा सकता है, जहां आवेदक द्वारा रोजगार से जुड़ी संस्थाओं से संबंधित प्रशिक्षण की कुछ जानकारियां उपलब्ध कराने आवेदन किया गया था, जिसके जवाब में जनसूचना अधिकारी ने अपने ही जनपद के शाखा को पत्र लिख दिया कि जानकारी उपलब्ध करावें और उसकी एक प्रति आवेदक को दे दिया गया। आवेदक उस पत्र के अनुसार शाखा में जा कर पूछता रहा कि जानकारी तय्यार हो गई हो तो प्रदान करें करके। किन्तु वहां पदस्थ श्री राजेंद्र बेहरा लेखापाल जनपद पंचायत गरियाबंद ने जनसूचना अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी की बात को ही अनदेखा कर दिया। केवल यही नहीं बल्कि कई ऐसे आवेदक हैं जिन्हें जानकारी नहीं दी जाती है। जनसूचना अधिकारी केवल यह स्पष्ट कर देवें की आवेदकों को आखिरकार अपील करने की आवश्यकता क्यों पड़ती है। जो कार्य किया गया है उसकी जानकारी तो फाईल में रहता ही है, केवल छायाप्रति कर प्रदाय किया जाना होता है। यदि अधिनियम में ईमानदारी से संबंधित जानकारी दी जाने से जानबूझकर आवेदक को गुमराह करना या भ्रामक पत्र लिखकर भ्रमित किए जाने को ऐसा कोई कानून पारित आदेश पत्र जारी किया गया हो तो समस्त जनसूचना अधिकारी इस बात को स्पष्ट कर देवें किंतु गुमराह ना करें। जानकारी उपलब्ध नहीं कराया जाना मतलब साफ होता है कि उस विषय में भ्रष्टाचार किया गया है। शायद इसी कारण नियम में दिए गए पूरे समय का ये भरपूर उपयोग कर लेते हैं और अपनी करतूतों पर पर्दा डालने का काम करने से बाज नहीं आते।

> राज्य सूचना आयोग की ओर से. सभी कार्य यथावत प्रारंभ कर दिए गए हैं, कोरोना के चलते जितने भी आवेदनों से संबंधित अपील सुनवाई कार्यवाही लंबित पड़े थे उन्हें यथावत जारी कर दिए गए हैं।
>
> **ए.के.सिंग,** राज्य सूचना आयोग छ. ग.

■ न्यूज गैलरी

जुआ खेलते 6 पकड़ाए, नगदी जब्त

महासमुंद। सुभाष नगर में जुआ खेलते 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर में घेराबंदी कर वार्ड के ही बलेश्वर पिता गोपीराम चंद्राकर (27), सोनूदीप पिता भोलादीप (34), मनोज पिता रामेश्वर कुलदीप (34), राजेन्द्र पिता खिलावन साहू (37), मनोज पिता दीपक सिंहा (22) और किशन पिता खिलावन चंद्राकर को जुआ खेलते पकड़ा। इनके पास नकदी 7270 रुपए, तीन नग मोबाइल व तासपत्ती समेत कुल 16270 रुपए का सामान जब्त किय गया। जिन पर जुआ एक्ट के साथ लॉकडाउन का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

बीयर बॉटल में महुआ शराब बेचते युवक गिरफ्तार

महासमुंद। पुलिस ने बीयर बॉटल में महुआ शराब भरकर बेचने वाले एक युवक को पकड़ा है। युवक घर के सामने शराब बेच रहा था तभी पुलिस पहुंच गई।

पुलिस ने बताया कि इसके कब्जे से करीब सवा 17 लीटर महुआ शराब बरामद की। शनिवार शाम 5 बजे मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने सुभाषनगर के नीम चौक पास दबिश दी। इस दौरान वार्ड के लिए शत्रुधर पिता लालझुरू कुमार शराब बेचते मिला। इसके बाद से एक काले बैग के अंदर 23 बीयर बोतल में करीब 17.250 लीटर महुआ शराब भरी थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चक्कर आने से महिला की मौत

महासमुंद। मनरेगा में काम करने के दौरान अचानक चक्कर आने से गिरने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। जानकारी के मुताबिक खल्लारी थानाक्षेत्र के ग्राम एमकेबाहरा निवासी श्रीमती कुंती बाई पति हरकराम ध्रुव नकटा तालाब में मनरेगा का काम कर रही थी तभी वह अचानक गिर गई। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

गर्भवती ने अस्पताल ले जाते रास्ते में तोड़ा दम

महासमुंद। अस्पताल ले जाते रास्ते में गर्भवती की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि झलप के बंगलापारा निवासी कमला कौर पति सुखविंदर (30) को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत बताया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

फांसी में लटकी मिली वृद्धा

महासमुंद। तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा में वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि छबीराम साहू पिता विशाल (70) की घर में फांसी पर लटकी लाश मिली। जिस पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

जिले में कोरोना के 19 धनात्मक प्रकरण मिले

महासमुंद। जिले में रविवार को कोरोना के कुल 19 धनात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने जांच के बाद धनात्मक रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी इसकी पुष्टि की है। इनमें 17 पुरूष और 02 महिला शामिल हैं। इन सभी 19 पॉजिटिव लोगों को माना रायपुर और एम्स भेजा गया है। ये सभी 18 व्यक्ति प्रवासी श्रमिक थे और एक व्यक्ति इनके सम्पर्क में आने से वो संक्रमित हो गए थे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि इनमें बसना विकासखण्ड से 7, बागबाहरा से 7, महासमुंद से 2 और सरायपाली विकासखण्ड से 3 व्यक्ति शामिल हैं।

निधन

डॉ. तरसेम बजाज

महासमुंद। खल्लारी स्थित आयुर्वेद औषधालय के डा. तरसेम बजाज (65) का निधन शनिवार को हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ओंकारबंद में रविवार को किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन समेत क्षेत्रवासी शामिल हुए।

सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता

■ **कलेक्टर महासमुंद एवं परियोजना निदेशक एडीबी रायपुर से शिकायत**

सरायपाली। लॉक डाउन का नाजायज फायदा उठाते हुए ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हो पाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। लंबर-बोड़ेसरा-सिंघोड़ा मार्ग का निर्माण एशियन विकास बैंक परियोजना के तहत करीब 129 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। पुल-पुलिया निर्माण सहित डब्ल्यूबीएम कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री को लेकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कामता पटेल ने कलेक्टर महासमुंद एवं परियोजना निदेशक एडीबी रायपुर आर कोरी से शिकायत की है। सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री को रिजेक्ट कर सड़क से हटाने के आदेश विभागीय अधिकारी ने दिया है। बावजूद भी अमानक निर्माण सामग्री सड़क किनारे से हटाया नहीं जा रहा है। शिकायतकर्ता ने ठेकेदार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा पुराने डामर को उखाड़ कर उस मलबे को सड़क किनारे साइड सोल्डर में डाला गया है।

इसी तरह सड़क पर दाना रहित मिट्टीयुक्त मुरम का प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य में डब्ल्यूएमएम कार्य में प्रयुक्त गिट्टी के साथ मिट्टीयुक्त डस्ट का मिश्रण तैयार किया जा रहा है। डस्ट गिट्टी का अनुपात भी स्टीमेट के अनुरूप नहीं है। गर्मी के दिनों में पानी का छिड़काव भी ठीक से न होने से सड़क निर्माण ठीक से नहीं हो रहा है।

एडीबी के अभियंता आर कोरी ने बताया कि सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही एवं निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिली हैं। लॉक डाउन के दौरान सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री को रिजेक्ट किया गया है तथा उसे सड़क से हटाने के लिए ठेकेदार को कहा गया है।

बिना ग्रामसभा के प्रस्ताव के मुरम की खुदाई

ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे के गांव के सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मुरम की खुदाई की जा रही है। मुरम खनन के लिए न तो ग्रामसभा द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है और न ही खनिज विभाग से लीज प्राप्त भूमि से खनन कराया जा रहा है। मुरम खनन के दौरान कई जगह पर ठेकेदार द्वारा छोटे झाड़ के जंगलों को भी क्षति पहुंचाई जा रही है। पुल पुलिया निर्माण में भी ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जो पाइप डाली जा रही है उसके नीचे बेस कंक्रीट ठीक से नहीं होने से स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों में गहरी नाराजगी है।

भाजपा ने की मृतक गर्भवती महिला के परिजनों को 20 लाख मुआवजा देने की मांग

गरियाबंद। गरियाबंद जिला अंतर्गत मैनपुर ब्लॉक में एक गर्भवती महिला की क्वॉरेंटाइन सेंटर में मौत को लेकर भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार से मृतक के परिजनो को 20 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग की है। भाजपा नेताओ का कहना है कि इस महिला की मौत लापरवाही से हुई है। राज्य सरकार ने क्वारेंटाइन सेंटर तो बना परंतु समुचित व्यवस्था करने की असफल रही। आज सभी क्वारेटाइन सेंटर पंचायत के भरोसे संचालित है। ज्ञात हो कि मैनपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम धरनाधोड़ा के क्वारेटाइन सेंटर में 28 मई को एक आठ माह की गर्भवती महिला भगवती ध्रुव की मौत हो गई। यह महिला 14 मई को अपने पति के साथ तेलंगाना से वापस लौटी थी। गर्भवती होने के बाद भी क्वारेटाइन सेंटर में इसकी समुचित देखभाल नही गई। इसे लेकर भाजपा नेताओ ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू तथा जिला उपाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि मृत महिला के पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे क्योंकि वैश्विक महामारी कोरोनो के कारण क्वॉरेंटाइन के दौरान महिला की मौत हुई है।

केन्द्र सरकार का एक साल ऐतिहासिक और उपलब्धियों से भरा रहा - राजेश साहू

गरियाबंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरा होने को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने प्रधानमंत्री एवं सभी केन्द्रीय मंत्रियो को बधाई ज्ञापित की है। जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के दूसरे कार्यकाल एक वर्ष ऐतिहासिक और उपललब्धियो से भरा है। इस एक वर्ष में गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए कई ऐतिहासिक, साहसिक और क्रातिकारी फैसले लिए है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 और अनुच्देद 370 समाप्त करके पूरे देश मे एक विधान एवं संविधान की स्थापना की गई। इसके साथ इस क्षेत्र में सरकार ने विकास के नए रास्ते खोले। आंतकवादी की चुनौतियो से झुझ रहे जम्मू कश्मीर, लदाख, लेह क्षेत्र में शांति स्थापना और विकास की नई दिशा तय करने का काम किया गया। इसके अलावा वर्षो से यहां फैसे आतंकवाद पर भी करारा प्रहार मोदी सरकार के नेतृत्व में हुआ है। श्री साहू ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के विकास को लक्ष्य बनाकर देश के किसानो, गरीबो, मजदुरो, आदिवासियो सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए सार्थक योजना बनाई। आज देश हर वर्ग के विकास के साथ विकास की नई दिशा तय कर रहा है। विश्व में कोरोना आपदा के समय व्याप्त आर्थिक संकट के समय भी प्रधानमंत्री के दृढ निर्णय क्षमता ओर दूरगामी सोच ने भारत को अन्य देशो की अपेक्षा काफी सुरक्षित रखा है। सही समय पर लाकडाउन कर देश की एक बड़ी आबादी को कोरोना से संक्रमण से बचाया है। इस दौरान देश की आर्थिक गतिविधियो को सुधारने तथा सभी वर्गो के हितो की चिंता करते हुए देश में 21 लाख करोड़ रूपए पैकेज भी दिया ताकि संकट के समय में भी देश की जनता राहत मिलें। जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की नीव अन्नदाता किसानो के हित और सम्मान के लिए कई निर्णय लिए है। सरकार योजनाओ के माध्यम से कृषि संसाधनो हेतु सहायता पहुचाई। आर्थिक स्तर मजबुत करने प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए दे रही है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी कई कदम उठाए गए। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में काम किया। तीन तालाक जैसे कठोर बीमारी को खत्म मुस्लिम महिलाओ को भयमुक्त जीने का अधिकार दिया। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश को नई ऊचाईयो की ओर प्रशस्त कर रही इसमें दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष कार्यकाल स्मरीण रहेगा।

कोरोना संकट को दूर करने के लिए खरोरा मे घर-घर किया गया गायत्री महायज्ञ

महासमुंद। वैश्विक महामारी कोरोना को दूर करने के लिए गायत्री परिवार खरोरा के सभी सदस्यों ने घर-घर गायत्री महायज्ञ कर दीए जलाएं ताकि इस महामारी से हमारा गांव खरोरा पुर्ण रूप से सुरक्षित रह सके तथा देश-प्रदेश में फैले हुए यह महामारी जल्द से जल्द दूर हो, इसके लिए सभी ने एक साथ प्रार्थना की, सभी भक्तजन प्रातः काल स्नान कर गायत्री महायज्ञ की शुरुआत की, खरोरा में गायत्री परिवार के 40 सदस्यों के यहां यह यज्ञ और पूजन संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रुप से भूषण लाल चंद्राकर, झम्मन चंद्राकर, कृष्णा कुमार चंद्राकर, गजानन चंद्राकर, लालाराम, नम्मु बुलाकी लाल, महेश कुमार, चंदन लाल, जगमोहन, पोषन लाल, गजाधर कौशिक, छोटू-बड्डू, कपूर कुमार चिंतामणि, भुनेश्वर, माधव प्रसाद, भगत सिंह, दिलीप गुरुजी, मुकेश चंद्राकर, चमन चंद्राकर, पंकज मनोहर, सुरेश धीवर, राजेश चंद्राकर, धान सिंह चंद्राकर, गणेश पटेल, नारायण बिसाहू, हरिशंकर भरत, कमल गुरुजी, सुनीता देवदत्त चंद्राकर, कोमल चंद्राकर, भानु चंद्राकर, सेवन गुरूजी, ओंकार गुरुजी नरेंद्र गुड्डा, गीता किसन, ललित मोहन और गैंद राम प्रमुख है।

विकास की नई इबारत गढ़ रही जनपद सदस्या निधि लोकेश चन्द्राकर

उपेक्षा पर अपेक्षा की जीत

महासमुंद। दर्जनभर ग्रामों का प्रतिनिधित्व करने वाली जनपद सदस्या निधि लोकेश चंद्राकर राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानती है. कोविड-19 (कोरोना) के विरुद्ध लॉक डाउन के दौर में निधि लोकेश चंद्राकर प्रतिनिधित्व क्षेत्र की जनता के साथ शिद्दत से खड़ी रही। लोगों के दैनिक जरूरत के वस्तुओं (सब्जी इत्यादि) की आपूर्ति में तन्मयता से जुड़े रही तथा अपनी युवा टीम के साथ प्रवासी मजदूरों को निःशुल्क गर्म भोजन का पैकेट वितरण करने का अभियान भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ाती रही, और अब वह अपने प्रतिनिधित्व क्षेत्र में जनहितकारी विकास की नई इबारत गढ़ने लगी है।

निधि लोकेश चंद्राकर की पहल पर क्षेत्र के 4 ग्रामों में सामुदायिक भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसमें ग्राम पंचायत उमरदा के पर्यटन स्थल दलदली में ? 600000 की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हुई है, जबकि उमरदा,गौरखेड़ा व मुडमाड़ में 3-3 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन बनेंगे उक्त गांवों के ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन की सौगात मिलने पर क्षेत्र क्रमांक 14 जनपद सदस्या निधि लोकेश चंद्राकर की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

स्थानीय विधायक विनोद सेवन लाल चन्द्राकर एवम जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 की जनपद सदस्या निधि लोकेश चन्द्राकर के अथक प्रयासों से लंबे अर्से तक लंबित रहने बाद अब जाकर पूरी होगी इससे गांवो में सामुदायिक स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के लिए उपर्युक्त स्थल सर्व सुलभ हो सकेगा। स्वीकृत हुये कार्यों से ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल है साथ ही सम्माननीय विधायक महोदय श्री विनोद चन्द्राकर व जनपद सदस्या निधि लोकेश चन्द्राकर का सह्रदय आभार व्यक्त किया गया।

उपाध्यक्ष विद्या शर्मा द्वारा अनाज किट के बाद अब मास्क वितरण

डौंडी। डौंडी लोहारा नगर पंचायत की वरिष्ठ पार्षद जो कि लगातार तीसरी बार अपनी सक्रियता एवम वार्ड तथा नगर में अपनी लगन व्यवहार एवम कार्यशैली से लोकप्रिय तथा विकास की मुद्दे पर हमेशा अपनी पहचान बनाये हुए उपाध्यक्ष नगर पंचायत विद्या शर्मा ने शुरुआत कोरोना संक्रमण के दौर में अपने वार्ड में वार्डवासियों की मन पसन्दीदा किट प्रदान किया।उसके पश्चात अब मास्क वार्ड 12,13 तथा साथ साथ नगर पंचायत में कार्यरत प्लेसमेन्ट कर्मचारियों एवम नगर के प्रमुख स्थानों पर जाकर मास्क का वितरण कर रही हैं।...मास्क के अलावा अपने वार्ड 12 में आंगनबाड़ी, कन्या छात्रावास जैसे प्रमुख स्थानों पर पालतू मवेशियों एवम पक्षियों के लिये मजबूत पत्थर का कोटना स्वयं खड़े होकर रखवाया जिससे इस भीषण गर्मी में इन बेजुबान मवेशियों को राहत मिल रही हैं। पार्षद की सक्रियता एवम अच्छी सोच से वार्डवासियों एवम नगर बुद्धिजीवी वर्ग ने सरहाना की है। पार्षद विद्या शर्मा ने कहा कि कार्य करने की सकारात्मक सोच होना चाहिए न कि नकारात्मक, जिनको विरोध करना है वो उनका काम ही हैं खुद कुछ कर नही सकते और जनता को भ्रमित करना काम है। जनता सब जानती है कौन अच्छा काम कर सकता हैं कौन नही हमें प्रमाण देने की जरूरत नहीं है।

गंडई के वार्ड नं 06 और 07 में हुआ नाली निर्माण का भूमिपूजन

गंडई पंडरिया। आज नगर पंचायत गंडई के वार्ड नं 06 और 07 में नाली निर्माण के भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ।वार्ड नं 06 में सरस्वती शिशु मंदिर से प्रदीप निषाद के घर तक , जिसकी लागत राशि 3.31 लाख रुपए है। वही वार्ड नं 07 में नाली निर्माण शत्रुहन यादव के घर से इंडोर एस्टेडियम के पीछे तक बनेगी,जिसकी लागत राशि 3.31 लाख रुपए है।भूमिपूजन के कार्यक्रम में पूर्व जमीदार लाल टारकेश्वर शाह खुसरो जी,विनोद ताम्रकार जी,न.प उपाध्यक्ष जावेद खान,पार्षद क्रांति ताम्रकार, लियाक़त अली, दिलीप ओगरे, भिरगेस यादव, नारायण चतुर्वेदी, सूरज नामदेव,सुनील ठाकुर,मोहसिन खान, मीडिया प्रभारी अमित टंडन,सुभम बघेल,उप अभियंता रूपेश राठिया,कमलेश धुर्वे, कमलेश यादव,बलदाऊ सोनी, आदि बड़ी उपस्थित रहे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान बोनस का प्रथम किस्त हुआ जमा

गन्डई पंडरिया । लॉकडाउन के कठिन समय में राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि खेती-किसानी के दिनों में यह सहायता मिलने पर खाद-बीज खरीदने पर सुविधा होगी। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा गंडई सेवा सहकारी समिति हनईबन पंजीयन क्रमांक 1491 के अध्यक्ष श्री मति जाम बाई राजपूत ने बताया की समिति मे 1578 पंजीकृत किसानो के द्वारा पंजीकृत रकबा 1823.486 हेक्टेयर मे 68 हजार किव्ंतल धान की खरीदी की गई । धान की अन्तर की राशि बोनस के रुप मे प्रथम किस्त में 1 करोड़ 25 लाख 7 हजार 108 रूपए राशि किसानो के खाते मे जिला सहकारी बैंक के माध्यम से जमा होना बताया गया।

घर-घर किया गया गायत्री महायज्ञ

महासमुंद। वैश्विक महामारी कोरोना को दूर करने के लिए गायत्री परिवार खरोरा के सभी सदस्यों ने घर-घर गायत्री महायज्ञ कर दीए जलाए। देश-प्रदेश में फैले हुए यह महामारी जल्द से जल्द दूर हो, इसके लिए सभी ने एक साथ प्रार्थना की।

बेघर | **पुराना मकान तोड़ चुके हजारों परिवार परेशान**

जिले में 9200 प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण

महासमुंद। प्रधानमंत्री आवास योजना में 9 महीने से फंड की कमी बनी हुई है, इसके चलते जिले में 9200 आवास अधूरे पड़े हैं। साल 2019-20 के इन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए पहली किश्त सितंबर 2019 में मिली थी। इसके बाद से हजारों परिवार अगली किश्त मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पहली किश्त मिलने के बाद नया आवास

बनाने के लिए अपना पुराना मकान तोड़ चुके हजारों परिवार परेशान हैं। बनाने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं, योजना के तहत किश्त मिल नहीं रही है और सामने बरसात है। जिले में 9200 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हुआ है, जिसमें से 8759 हितग्राहियों को ही 25 हजार रूपए की पहली किश्त मिल पाई है, जबकि दूसरी किश्त केवल 57 हितग्राहियों को ही मिल पाई है। जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर ने जिला सीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है कि योजना की द्वितीय एवं तृतीय किश्त जल्द से जल्द हितग्राहियों को प्रदान की जाए। वहीं इस संबंध में पीएम आवास योजना के एपीओ अनिल शर्मा का कहना है कि योजना में पिछले 9 महीने से राशि का अभाव बनी हुई है। इस कारण हितग्राहियों के खाते में किश्त की राशि नहीं आ रही है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने स्पेशल ट्रेन के मद्देनजर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने एक जून को आ रहे स्पेशल ट्रेन के मद्देनजर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन में प्रवेश एवं प्रस्थान एक ही द्वार होगा। प्लेटफार्म नंबर 2 से रेलवे टिकिट काउंटर की ओर पोस्ट ऑफिस की तरफप्रवेश एवं प्रस्थान द्वार होगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की व्यवस्था करने के साथ ही कोविड-19 के लिए जारी प्रोटोकाल का पालन करना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथलेश चौधरी एवं एसडीएम मुकेश रावटे उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नागपुर से आने वाले स्पेशल ट्रेन को ध्यान में रखते हुए किया डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने एक जून को आने वाली स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन में प्रवेश एवं प्रस्थान एक ही द्वार होगा। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 से प्रभावित रेड जोन से आने वाले एवं विशेषकर कंटेनमेंट जोन से आने वाले यात्रियों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों का पता एवं मोबाईल नंबर तत्काल लें और सभी की सूचना रखें। उन्होंने आने वाले श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन में पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समय-समय पर स्टेशन को सेनेटाईज भी करते रहें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथलेश चौधरी, एसडीएम अविनाश भोई एवं रेलवे स्टेशन के अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेताओं ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को लाइव सुना

राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने देशभर के करोड़ों कार्यकर्ताओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर उनकी उपलब्धियों को बताते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उक्त आयोजन का लाइव प्रसारण भाजपा कार्यालय में भी आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, शिव वर्मा, शोभा सोनी, रघुवीर वाधवा, तरुण लहरवाणी, अतुल रायजादा, भरत वर्मा, शरद सिन्हा, पारस वर्मा, राजेश खांडेकर, आकाश चोपड़ा, राजेश गुप्ता अग्रहरी, अरूण शुक्ला, दिनेश गुप्ता, मणि भास्कर गुप्ता, बंटी भाटिया सहित कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सीधे ही सुना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दूर-दूर बैठकर, मोदी सरकार की 1 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरे कार्यकाल के बारे में विस्तार से जाना कि मात्र 1 वर्ष के कार्यकाल में आर्टिकल 370 व ट्रिपल तलाक जैसी दशकों से लंबित समस्याओं का समाधान श्री मोदी मैं कर्मठता से किया। कार्यकर्ताओं में श्री मोदी के 1 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां सुनकर गर्व का अनुभव हुआ भाजपा कार्यालय के अतिरिक्त सभी प्रमुख नेताओं ने करोना संक्रमण के चलते घर पर ही टीवी के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष से मार्गदर्शन प्राप्त किया जिनमें जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, लीलाराम भोजवानी, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, विक्रांत सिंह, कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, चंद्रिका डड़सेना, राजेन्द्र गोलछा, सुरेश भीमनानी, सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, कोमल जंघेल, गीता घांसी साहू, विनोद खांडेकर, संजीव शाह, रजिंदर पाल भाटिया, रामजी भारती, सहित अनेक नेताओ ने घर पर ही अपने अध्यक्ष का उद्बोधन सुनकर आनंद लिया।

कलेक्टर ने खैरागढ़ के मुढ़ीपार क्वारंनटाइन सेंटर का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने खैरागढ़ विकासखंड में ग्राम मुढ़ीपार स्थित क्वारेनटाइन सेंटर का निरीक्षण किया और उन्होंने श्रमिकों से बातचीत कर वहां की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। श्रमिकों ने बताया कि भोजन, पेयजल की अच्छी सुविधा मिल रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने उनसे सर्दी, खांसी, बुखार के संबंध में जानकारी ली। श्रमिकों ने बताया कि स्वास्थ्य ठीक है। कलेक्टर ने कहा कि यहां मनरेगा के तहत कार्य करें। परेशान न हो और स्वस्थ रहें। श्रमिकों ने उन्हें जानकारी दी कि वे गुजरात राज्य से आए है। वहां रोजी-मजदूरी करने गए थे और लॉकडाउन में फंस गए थे। वहीं नागपुर से आए लोकेश एवं इमते ने बताया कि वे कमाने खाने के लिए नागपुर चले गए थे। अब यहां आए है, तो अच्छा लग रहा है। कलेक्टर ने उनके स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली। मंदसौर (मध्यप्रदेश) एवं गुजरात से आए श्रमिकों से भी उन्होंने मुलाकात की और सभी को स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई तकलीफहो तो डॉक्टर को बताएं और सावधानी एवं सजगता के साथ रहें।

सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

- ग्राम में पसरा मातम
- जिला अस्पताल में हुई मौत, पीएम के बाद परिजनों को सौंपा शव, बारिश शुरू होने से पहले सबसे बड़ी घटना

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । जिले में हर साल करीब 5 से अधिक लोगों की मौत सर्पदंश से होती है। मौत का कारण प्रारंभिक ईलाज में परिजनों द्वारा लापरवाही किया जाना होता है। लेकिन रविवार को जिले में की अब तक की सबसे बड़ी सर्पदंश से मौत का मामला सामने आया है। कुकदुर थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम मुनमुना में शनिवार व रविवार रात को जमीन पर सोए तीन लोगों को अज्ञात सर्प ने डस लिया। इसमे पति-पत्नी व एक 11 वर्ष का बेटा शामिल है। रात करीब 12 बजे गांव के धुर्वे परिवार अपने घर में जमीन पर सोए हुए थे। तभी अज्ञात जहरीला सर्प ने गंगा बाई व उसके पुत्र संदिप धुर्वे, पति को डस लिया। रविवार को सुबह सरकारी अस्तपाल लाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल में लाने के बाद तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब इन तीनों को अस्पताल लाया गया था, तो काफी देर हो चुका था। ऐसे में सर्प का जहर शरीर में पूरी तरह से घूल चुका था। वहीं पीएम के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। बहरहाल पुलिस ने पीएम व मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सर्पदंश के बाद तत्काल ईलाज ज्यादा जरुरी

बारिश के मौसम में सर्पदंश का डर बना रहता है, इससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी की जरूरत पड़ती है, लेकिन जिले में हर साल बारिश के दिनों में औसतन पांच से अधिक लोगों की मौत हो रही है। इन लोगों कर मौत जागरूकता के अभाव में हुई है। दरअसल ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के मामले आने पर झाड़-फूंक का सहारा लिया जाता है। इससे चलते मरीज देर से जिला अस्पताल पहुंचता है। और सर्पदंश पूरे शरीर में फैल जाता है। इससे मौत हो जाती है। वहीं स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन द्वारा भी इसे रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

जमीन में सो रहें दो अन्य बाल-बाल बचे

धुर्वे परिवार के दो बच्चे भी अपने परिजन के साथ सो रहें थे। लेकिन ये बाल-बाल बचे गए है। बताया जा रहा कि जिस समय ये परिवार के तीन लोग सर्पदंश के शिकार हुए, उसी जगह पर दो बच्चे सो रहें थे। लेकिन ये बच गए। पत्नी गंगा बाई ने पति को रात के समय ही जानकारी दी। इसके बाद सर्प को मारने के लिए पति उठा। वहीं तीनों लोग ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचे,जब तक काफी देर हो चुका था। ऐसे में डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर करना उचित समझा।

हर साल जागरुकता कार्यक्रम चलाते है, लेकिन स्थिति नहीं सुधरती

स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दिया है कि सांप कांटने के बाद लोग बैगा-गुनिया से झाड़-फूंक के चंगुल में न फंसे। बल्कि पीड़ित रोगी को सीधे अस्पताल पहुंचाएं। जागरूकता के अभाव में लोग सर्पदंश के शिकार होते हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता के लिए मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया गया है, ताकि वे मरीज को सही समय पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने प्रेरित करें। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का भंडारण भी कर लिया गया है। उन्हें साफतौर पर हिदायत दी गई है कि किसी विषैले जीव के काटने पर मरीज को अविलंब अस्पताल पहुंचाया जाए।

आर्थिक सहायता की मांग

ग्राम मुनमुना में एक ही तीन सर्पदंश से तीन लोगों की मृत्यु होने ग्रामीण भी सदमे में है। ऐसे में ग्रामीण अब विशेष सर्तकर्ता बरत रहे है। वहीं नियम अनुसार सर्पदंश से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि देने का प्रावधान होता है। हर वर्ष जिले के कई पीड़ित परिवारों को तहसील कार्यालय के माध्यम से कलेक्टोरेट द्वारा आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। ऐसे में ग्रामीणों ने ग्राम मुनमुना के पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि देने की मांग किया है।

रोजगार के साथ पेयजल और आजीविका का साधन बनेगा कूप

कवर्धा। रोजगार गारंटी योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस योजना से पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका का साधन मिल रहा है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत पोलमी में हितग्राही मूलक सिंचाई कूप निर्माण कार्य से ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए है। हितग्राही फिरतू पिता कलई के मांग पर महात्मा गांधी नरेगा योजना से 1 लाख 90 हजार रूपए की लागत से सिचाई कूप का निर्माण कार्य स्वी.त हुआ है। यहां कार्य फिरतु अपने बाड़ी में करा रहे है। इस कार्य में अब-तक 180 मानव दिवस का सृजन करते हुए 34 हजार 166 रूपए का मजदूरी भुगतान हितग्राहियों को उनके बैंक खाते में किया जा चूका है। फिरतु के परिवार से 4 लोगो को कूप निर्माण से रोजगार मिला है, जिसमे 96 दिवस का रोजगार लेकर 17 हजार 80 रुपए का मजदूरी प्राप्त किया हैं। यह कार्य पोलमी गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बहुल स्थान में किया गया है, जहां पर बैगा परिवार रहते है। इस कार्य में दस से अधिक बैगा परिवारों कों तीन सप्ताह का रोजगार मिल गया हैं।

सिचाई कूप निर्माण से मजदूरो को कार्य के एवज में मजदूरी राशि मिल रहीं है तथा फिरतू के लिए सिंचाई का साधन तैयार हो रहा है। कूप निर्माण पूरा हो जाने पर हितग्राही फिरतू अपने बाड़ी की सिंचाई कर साग-सब्जी लगाते हुए आजीविका के नियमनित साधन से जुड़ जायेंगे जिससे उन्हें हमेशा के लिए आय का श्रोत मिलेगा क्योंकि पास के कुई-कुकदूर बाजार में सब्जी की मांग हमेशा बनी रहती है। सब्जी बेचने से नियमनित आय होगी जिससे वो अपने परिवार के जरूरत को पूरा कर सकेंगे। शासन के मंशानुरूप महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अपने मूल उददेश्य हर हाथ को काम की अवधारणा पूरा कर रहा है।

अवैध शराब का कारोबार कर रहे ढाबा संचालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के.एल. ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी तथा उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मुकेश सोम के द्वारा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिकी करने वालों पर कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था। इसी तारतम्य में सोमवार को मुखबीर से सूचना मिला कि बादशाह ढाबा के मालिक योगीराज उर्फलालू पिता चंद्रसेन सिंह ठाकुर उम्र 28 साल अपने ढाबा के सामने वेगानार कार कमांक सीजी 09 जेबी 3789 के अंदर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ मौके पर जाकर रेड कार्यवाही किया।

कलेक्टर ने किया क्वारंटाइन सेंटर का निरीक्षण

- प्रवासी श्रमिकों का हालचाल जाना और व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

कवर्धा। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कवर्धा अनुविभाग अंतर्गत भागुटोला शिशुमंदिर छात्रावास, श्री राम पब्लिक स्कूल, आदिवासी छात्रावास क्वारेटांइन सेंटर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने क्वारेटांइन सेंटर में ठहरे प्रवासी श्रमिकों से चर्चा करते हुए उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने क्वारेटांइन सेंटर के व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रवासी श्रमिकों से हालचाल जानते हुए क्वारेटांइन सेंटर की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने व्यवस्था प्रभारी से भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम नियत्रंण और संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत अपनाई जा रही आवश्यक सावधानी के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रवासी श्रमिकों के रिश्तेदार और उनके जान पहचान वाले व्यक्तियों का क्वारेटांइन सेंटर में प्रवेश वर्जित किया गया है।

मोदी सरकार ने एक साल के दौरान तमाम मिथकों को तोड़ते हुए न केवल भ्रम दूर किया बल्कि उन्हें पूरा करने का जिगर भी दिखाया - सांसद संतोष पाण्डेय

कवर्धा। किसी सरकार को परखने के लिए एक साल का वक्त काफी है या नहीं ये विमर्श का विषय हो सकता है। लेकिन एक साल में ये तो पता चल ही जाता है कि उसके इरादें क्या हैं। मोदी सरकार ने 30 मई 2019 को शपथ ली थी और उसके दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे हो गए। इन एक सालों में सरकार ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए सीना ठोक कर अपना दम दिखाया।

बीजेपी के सांसद संतोष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि हमारी सरकार ने 70 साल की कमियां 6 साल में दूर की हैं। तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओ के हितों की रक्षा की। पीएम मोदी ने सीएए के जरिए भारत में नागरिकता का रास्ता जरूरतमंदों के लिए खोला। बाकी देशों की तुलना में भारत ने लॉकडाउन को समय पर लागू किया। मोदी सरकार ने 1.70 लाख करोड़ का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज दिया है। इसके जरिये 80 करोड़ लोगों के राशन की व्यवस्था की गई। एनआईए के दायरे को बढ़ाया। अगर भारत के बाहर भारत के खिलाफकुछ होता है, तो उसे भी एनआईए की परिधि में लाया गया। हमारे जीवन में एक सपना था, जो सदियों पुराना था - श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण वो भी जल्द पूरा होगा। कई राजनितिक दलों ने राम मंदिर के विषय को इस तरीके से देश के पटल पर रख रहे थे मानो फैशले के बात क्या होगा किन्तु न्यायालय की सार्थकता व प्रमाणिकता के साथ शांत वातावरण में भव्य राम मंदिर का संकल्पना भी पूरा होने जा रहा है।

इसके अलावा उन्होंने कोरोना संकट से लड़ाई में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी बात की है।

असंतोष | सरकार से कर्मचारी विरोधी फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग

टीचर्स एसोसिएशन ने वेतनवृद्धि में रोक को कहा अनुचित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वित्त विभाग द्वारा मितव्ययिता के नाम पर वर्ष में एक बार मिलने वाले वेतनवृद्धि में रोक लगाने के आदेश को कर्मचारियों को हतोत्साहित करने वाला तथा कर्मचारी विरोधी आदेश करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग किया है. कोविद-19 के संक्रमण से बचाव हेतु लागू देशव्यापी लॉकडाउन के कारण राजस्व प्राप्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का हवाला देते हुए राजस्व प्राप्ति की भरपाई कर्मचारियों के वेतनवृद्धि को रोककर करना सर्वथा अनुचित व असहनीय है. शासन के पास राजस्व प्राप्ति के अन्य माध्यम भी है, उनका उपयोग सरकार को करना चाहिए. कोरोना संक्रमण काल में निम्न वर्ग को विभिन्न प्रकार के लाभ व सुविधाएं दी जा रही है. वहीं उद्योग व्यापार के लिए सहायता पैकेज जारी किया गया है. कर्मचारियों के हिस्से में वर्ष में एक बार वेतनवृद्धि का समय आता है, उस पर रोक लगाने से मंहगाई के दौर में उनके परिवार की व्यवस्था बिगड़ जाएगी. आखिर सरकार कर्मचारियों के लिए ऐसे कठोर निर्णय कैसे ले सकती है? कर्मचारी विरोधी इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

जिले सहित प्रदेश के सभी कर्मचारी वर्तमान कोरोना संक्रमण काल में भी इस महामारी से लड़ने हर स्तर पर सहयोग कर रहे हैं. कर्मचारियों ने अपने एक दिन का वेतन भी कोरोना से लड़ाई में सहायता हेतु दिया है. ऐसे में उनके वेतनवृद्धि को रोकने का मतलब कर्मचारियों के कार्य करने की क्षमता पर अवरोध उत्पन्न करना है।

लॉकडाउन में भी मिला हाथों को रोजगार, मनरेगा में लगे 1064 मजदूर

पोंडी। कोरोना के चलते जहाँ अधिकतर लोगों के पास रोजगार की कमी है वही पोंडी को लोगो को मनरेगा (रोजगार गारेंटी) के तहत सभी को रोजगार मिल रहा है पोंडी में लगभग 1 महीने से मनरेगा के कार्य चल रहा है पहले तालाब का गहरीकरण का कार्य चल रहा था अब वही पोंडी में स्थित मचकुंद नदी में जो पोंडी के लोगो का जीवनदायनी नदी है उस नदी की गहराई से लेके साफसफाई का कार्य मनरेगा के तहत चल रहा है । नदी की गहरीकरण का कार्य करने से पहले उसके भूमिपूजन के लिए जनपद सदस्य विजय सिंह ठाकुर, सरपंच शशिनन्दकुमार, उपसरपंच इदरीश खान, रोजगार सहायक चंदूलाल साहू, पंच लक्ष्मीझाम सिंह चैहान, इस्लामुद्दीन ने नारियल अगरबत्ती जलाकर नदी के गहरीकरण का कार्य चालू कराया। रोजगार सहायक चंदूलाल साहू ने बताया कि मनरेगा के इस कार्य के लिए 8.24 लाख रु स्वी.त हुवा है जिससे लगभग 1064 लाभार्थियों को इसके मनरेगा से रोजगार का लाभ मिलेगा।

वाहन दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

बोड़ला। नगर के दलदली चैराहे पर रविवार को शाम 4 बजे सडक क्रॉस कर रहे बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। हादसें में बाइक सवार घायल हो गया है। उसे सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मुकनी पिता गोपे निर्मलकर उम्र 40 नगर के वार्ड-3 का रहने वाला है। नेशनल हाईवे स्थित होटल से चाय पीकर बाइक से सडक पार कर रहा था। उसी दौरान जबलपुर की ओर से आ रही कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया है। उसे सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। कार चालक मनोज पिता लीलाराम अलवर (राजस्थान) का रहने वाला है। उसने बताया कि वे नीमराना स्थित कंपनी में एसी व उसके पाट्र्स बनाने का काम करते है। इसी कंपनी में दुर्ग जिले के भैंसबोड़ की 5 लडकियों भी काम करती है।

भागूटोला में हुए हादसे में बाइक सवार की मौत

कवर्धा । ग्राम भागूटोला में शनिवार रात स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में घायल जीवेश पिता भरत निशाद उम्र 30 की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक जीवेश नगर पंचायत लोहारा के वार्ड-7 का रहने वाला था। हादसे में स्कूटी सवार दुलेश्वर पटेल उम्र 37 भी घायल हुआ है, जो पॉलिटक्निक कॉलेज के बाबू के पद पर कार्यरत है। वही कुकदूर थाना क्षेत्र के करीब 6 किलोमीटर दूर ताईतिरनी मोड पर रांग साइड से ओवरटेक कर रहे हाईवा ने पुलिस गाडी को टक्कर मार दी। वाहन में कुकदुर टीआई सुमित नेताम भी सवार थे। गनीमत है कि बडा हादसा होने से टल गया। टक्कर से थाना प्रभारी को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना रविवार शाम 5:30 बजे की है। वनांचल के ग्राम बोदलहा में पुलिस कैंप खुला है, जहां बिजली के लिए पोल लगाने का काम चल रहा है। कुकदूर थाना प्रभारी सुमित नेताम अपने सहकर्मियों के साथ वहां काम देखने गए थे। बोदलहा से लौटते समय ताईतरिनी मोड पर पीछे से आ रहे हाईवा चालक ने रांग साइड से ओवरटेक करते हुए थानेदार की गाडी को टक्कर मार दी।

ट्रांसफार्मर में लगे तांबे की चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

कवर्धा। जिले में चोरी नकबजनी के अपराधो पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक के.एल.ध्रुव के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी तथा उप पुलिस अधीक्षक अजाक बी.आर.मंडावी के मार्ग दर्शन में जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि जिले में घटित चोरी के घटनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द चोरी के प्रकरणों का निराकरण करने निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य मे थाना कोतवाली कवर्धा में प्रार्थी शुभेन्द्र प्रताप सिंह पिता सुरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 29 साल साकिन सहायक अभियंता जोन कार्यालय लोहारा नाका कवर्धा द्वारा थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करया कि रविवार के रात्रि करीबन 06:00 बजे सहायक अभियंता जोन कार्यालय लोहारा नाका कवर्धा के पास रखे ट्रांसफार्मर के अंदर के तांबा को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है जिस पर थाना प्रभारी मुकेश सोम द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिनके निर्देश में अपराध क्रमांक 218/2020 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान संदेही आरोपी भुषण देवार, करण यादव, रानू मरार देवा चैहान सभी देवार पारा लोहारा नाका कवर्धा से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये एवं चोरी किये मशरूका कुल 20 किलो तांबा वायर किमती 30,000/रूपये जप्त किया गया।

क्वारंटाइन सेन्टरों मे गर्भवती महिलाओं को प्रदाय किया सुपोषण किट

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा जिले के 1039 क्वारेंटाइन सेन्टरों मे प्रवासी मरदूरों को 14 दिनों के लिए क्वारेंटाइन किया गया है। इन क्वारेंटाइन सेन्टरो मे 198 गर्भवती महिलाएं ठहरी हुई है। जिनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए एक सकारात्मक पहल करते हुए जिला कलेक्टर शिव अनंत तायल के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्ग दर्शन मे महिला-बाल विकास जिला बेमेतरा द्वारा विशेष सुपोषण किट, चना, फल्ली दाना, दूध पाउडर, खजूर, सेव, केला, नारियल, रेडी-टू-ईट एवं गुड़ से बना हलवा आदि शामिल है। वर्तमान कोरोना संक्रमण के समय मे गर्भवती महिलाओं को क्वारेंटाइन सेन्टरों मे स्वास्थ्यवर्धक भेजन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की अभिनव पहल है।

विवाह की अनुमति ग्राम पंचायत से हो पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने की मांग

अर्जुनी। जनपद पंचायत भाटापारा के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष परस देवांगन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि लॉक डॉन के चलते शासन ने 50 व्यक्तियों तक शादी में मेहमानों की आने जाने की अनुमति प्रदान की है । शासन का आदेश ठीक है पर गांव के किसान मजदूर गरीब भाइयों को अपने गांव से 20 -30 किलोमीटर तहसील कार्यालय या कलेक्टर ऑफिस में आकर जून के इस नौतपा के दिन इतने तमतमाती धूप में विवाह अनुमति के लिए आना पड़ रहा है एक तो इतनी गर्मी और इतनी गर्मी में सोशल डिस्टेंस सामाजिक दूरी का पालन करते हुए लाइन में लगकर अनुमति लेने के लिए घंटों खड़ा रहना पड़ रहा है । तेज धूप में बेचारे गांव वाले सुबह से दोपहर अपनी बारी का इंतजार लाइन लगाकर कर रहे हैं कई ग्रामीणों ने बताया कि हम दो- दो दिनों से तहसील कार्यालय आकर लाइन लगा रहे हमारी बारी आज भी नहीं आया है फिर कल अनुमति लेने आएंगे ।

वेंटिलेटर पर कोल्ड ड्रिंक्स, खतरे में उद्योग

- सेल काउंटरो में ताला लगने से एक्सपायर होने लगी कोल्ड ड्रिंक
- फूड सेफ्टी का आदेश नष्ट करें अन्यथा गंभीर परिणाम

राजेश शर्मा

फरवरी से उत्पादन मध्य जून तक बाजार

कोल्ड ड्रिंक का बाजार फरवरी माह से लेकर जून माह तक माना जाता है इसमें बीच में बारिश हो गई तो दोबारा कारोबार जमाने में 15 दिन का समय लगता है लेकिन इस बार मौसम शायद कोल्ड ड्रिंक से खफा है तभी तो लगभग हर पखवाड़े बारिश हो रही है। इससे संभलता बाजार फिर से गिर जाता है। इस बार मौसम के साथ कोरोनावायरस ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। इधर मार्च से लेकर अब तक इसका कहर जारी है। लॉक डाउन के बाद तो यह पूरी तरह संकट में आ चुका है। अब मई मध्य और जून का पहला पकवाड़ा ही अंतिम उम्मीद है। यदि इस बीच सुधार नहीं आया तो नुकसान का आंकड़ा उद्योग को पूरी तरह तबाह कर सकता है।

भाटापारा (नवप्रदेश)। बेमौसम बारिश, कोरोना कहर,लॉक डाउन और उनके बढ़ते दिन और पांचवे दौर के बीच अब कोल्ड ड्रिंक्स बाजार अंतिम सांस लेता दिख रहा है क्योंकि फरवरी का उत्पादन कालातीत अवधि के करीब आता जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी डिस्ट्रीब्यूटर, होलसेल और रिटेल काउंटर को सूचना भेजने की तैयारी कर ली है कि ऐसे कोल्ड ड्रिंक्स की जांच कर ले जो एक्सपायरी डेट के करीब पहुंच चुकी है।कोरोना वायरस से हर उद्योग छोटा हो या बड़ा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नौकरियां जाने लगी है तो उद्योग की सांसे टूटने लगी है। ले-देकर कुछ तो चालू हुए हैं लेकिन उनमें भी इतनी शक्ति नहीं है कि वे जल्द अपनी पुरानी स्थिति में लौट आए। ताजा मामला कोल्ड ड्रिंक्स बाजार से जुड़ा हुआ है। यह उद्योग फरवरी माह में अपना उत्पादन चालू कर देता है और सप्लाई भी साथ-साथ साथ चलती रहती है। इस बार फरवरी माह से अब तक रह-रहकर कुछ दिन के अंतराल में बारिश हो रही है तो कोरोना वायरस ने इस उद्योग पर भी कहर बरपाया है। लॉक डाउन के बाद कारोबारी जगत में ताले लगे हुए हैं ऐसे में बड़ी संख्या में डिस्ट्रीब्यूटर से लेकर रिटेल काउंटर तक में अच्छी खासी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स का स्टॉक जाम हो चुका है। इसमें से कई की कालातीत की अवधि मई और जून माह में खत्म होने वाली है। इससे होने वाले नुकसान को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन में कंपनियों से लेकर रिटेल काउंटर तक इसकी सूचना भिजवाने की तैयारी कर दी है कि विक्रय के पहले इसका ध्यान अवश्य रखें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं।

डिमांड काउंटरों में ताला

कोल्ड ड्रिंक्स का सबसे बड़ा बिक्री केंद्र हॉटल, रेस्टोरेंट्स, फूड काउंटर, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, टी एंड कॉफी काउंटर, फास्ट फूड सेंटर इन सभी में ताला लगा हुआ है जिसके खुलने की उम्मीद को लेकर चारों तरफ अनिश्चितता बनी हुई है। इन सभी सेल काउंटर काउंटरों के बंद होने से कोल्ड ड्रिंक्स कंपनियों को तगड़ा झटका लगा है।

एक्सपायरी प्रोडक्ट तत्काल नष्ट करें

प्रशासन ने ऐसे सभी कारोबारियों से कहा है कि बाजार जब भी खुलेगा तब सबसे पहले हर कोल्ड ड्रिंक्स की पैकिंग की जांच करें और एक्सपायरी हो चुकी प्रोडक्ट को या तो खुद नष्ट करें या कंपनियों को वापस भेजें। नहीं लेने की स्थिति में ऐसे उत्पादन खुद नष्ट करें या स्थानीय निकाय की मदद लें। इस काम में विभाग के सुरक्षा अधिकारी से भी मदद ली जा सकती है।

अब वेंटीलेटर पर उद्योग

ताजा स्थिति के बाद यह उद्योग चारों तरफसे असुरक्षित हो चुका है क्योंकि जब तक स्थिति सामान्य होगी तब तक बारिश का मौसम दस्तक दे चुका होगा याने एक झटके में पूरा प्रोडक्ट बेकार हो जाने वाला है क्योंकि इनकी सेल्फलाइफया फिर कालातीत अवधि खत्म होने के लिए तेजी से करीब आ चुके हैं। ऐसे में इसका विक्रय मुसीबत में डाल सकता है।

फूड एंड सेफ्टी का अलर्ट

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अनुसार बिना गैस के पैक किया जाने वाला कोल्ड ड्रिंक की एक्सपायरी डेट उत्पादन के बाद 3 माह की होती है जबकि गैस वाले कोल्ड ड्रिंक्स की कालातित अवधि कम से कम 5 से 7 माह की होती है। अधिकांश कोल्ड ड्रिंक की कंपनियां फरवरी लगते ही उत्पादन चालू कर देती है और सप्लाई भी साथ-साथ किया करती है। और इसी माह से बेमौसम बारिश जारी है। कोरोनावायरस के बाद यह बाजार पूरी तरह खतरे में आ चुका है। अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कंपनियों से लेकर रिटेल काउंटरों को सूचना भेजने की तैयारी कर ली है कि स्थिति बहाल होते ही विक्रय के पहले एक एक्सपायरी डेट की जांच करें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं।

> लॉक डाउन में रियायत पाने वाली ऐसी सभी संस्थाने जो कोल्ड ड्रिंक्स बेचती है। वे एक्सपायरी डेट का अवलोकन जरूर करें। साथ ही स्थिति बहाली के बाद खुलने वाली संस्थानों को भी हर प्रोडक्ट की जांच करनी होगी। एक्सपायर हो चुकी कोल्ड ड्रिंक्स को नष्ट करवाएं।
>
> **डॉ आरके शुक्ला,** असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना नियंत्रण में...

उनका बेहतर इलाज भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले के एक क्वारंटाइन सेन्टर में 8 महीने की गर्भवती महिला श्रमिक की मौत ने उन्हें विचलित सा कर दिया है। वह मौत अकेली उस महिला की नहीं बल्कि की उस अजन्मे बच्चे की भी मौत है।

आयुर्वेद व योगा जैसे विकल्पों को प्रोत्साहित करे सरकार : राज्यपाल ने सरकार से भी कहा है कि बाकि सारे उपायों के साथ जनता को आयुर्वेद और योगा जैसे विकल्पों के लिए भी प्रोत्साहित और जागरूक करे। लाकडाउन के चलते लम्बे समय तक राज्यपाल की सौजन्य मुलाकातें स्थगित थीं। सोमवार से ही राज्यपाल से गणमान्य नागरिकों की मुलाकातें शुरू हुई है।

ईओडब्ल्यू चीफ सिंह को...

इजाफा करते हुए राज्य सरकार ने उन्हें संचालक लोकअभियोजन एवं एफएसएल का अतिरिक्त प्रभार दिया है। पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन प्रदीप गुप्ता को राज्य सरकार ने डायरेक्टर लोक अभियोजन और राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला अपाइंट किया है। गुप्ता 1995 बैच के आईपीएस हैं और वे रायपुर-बिलासपुर आईजी रेंज भी रह चुके हैं। फिलहाल उनके पास पीएचक्यू में प्रशासन का जिम्मा दिया गया है। इसके अतिरिक्त अब वे अभियोजन-एफएसएल भी सम्हालेंगे। वहीं आईपीएस नेहा चंपावत को गृह विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। नेहा चंपावत छत्तीसगढ़ की पहली महिला गृह सचिव होंगी। इस संबंध में सोमवार को ही सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया।

चंपावत की पोस्टिंग के पीछे की वजह : सीनियर आईपीएस अरूणदेव गौतम गृह सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन पर और दो बड़े अहम विभागों का दारोमदार भी है। इसलिए नेहा को नियुक्त किया गया है। बता दें कि नेहा चंपावत 2004 बैच की भापुसे. की अफसर हैं। वे महासमुंद की एसपी रह चुकी हैं, वहीं सरगुजा रेंज की डीआईजी का जिम्मा भी बखूबी निभा चुकी हैं। अगस्त 2018 में नेहा को सरगुजा से वापस पीएचक्यू बुलाया गया था।

जो चूके और चलता कर दिए गए...

रायपुर। सूबाई सरकार का निजाम बदले डेढ़ साल हो गए। पूर्ववर्ती शासन में खाकी के खाटी थे वे मुख्यालय रवाना हो गए। फिर सिलसिला बीते वक्त के बड़े घोटालों की जांच और एफआईआर का चला। अपनी पुलिसिया कार्यशैली के लिए कुख्यात निलंबित और एडीजी से पदावनत किए गए आईपीएस मुकेश गुप्ता सरकार के निशाने में आए। दस माह बीत जाने के बाद भी आधा दर्जन से ज्यादा मामलों में जांच के घेरे में मुकेश गुप्ता हैं। हालाकि निलंबन बरकरार है पर अब तक वे फरार घोषित नहीं किए गए हैं। कई तरह के साक्ष्यों और आवेदकों के सामने आने के बाद भी एसीबी-ईओडब्ल्यू में दर्ज मामलों से वे हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट से राहत में हैं। चौंकाने वाली बात यह कि निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता को घेरने के लिए डीजी ईओडब्ल्यू सिंह, फिर तात्कालीन आईजी ईओडब्ल्यू एसआरपी कल्लुरी, नाकाम रहे। बाद में ईओडब्ल्यू चीफ जीपी सिंह को जिम्मा मिला पर वे भी 10 माह बाद तक कुछ नजीर पेश नहीं कर पाए। इधर खूफिया विभाग से भी मुकेश गुप्ता के संबंधित दस्तावेज लीक हो गया जो सुप्रीम कोर्ट में शर्मिंदगी की वजह बना। लब्बोलुआब यह कि अभी के खाटी पूर्ववर्ती सरकार के खाटियों की तुलना में कमतर रहे और चलता कर दिए गए। हालांकि पुलिस विभाग में तबादला सतत प्रक्रिया है पर सीनियरों को निपटाकर पहले से ही वर्कलोड वाले जिला, रेंज स्तर के अफसरों को चार्ज देना चर्चा का विषय रहता ही है।

रायगढ़ में सिलेंडर फटने...

गए हुए थे मृतक लता साहू की जेठ घटना के समय घर पर ही थे सारंगढ पुलिस मौके पर पहुंची।

केरल पहुंचा मानसून...

मॉनसून ने केरल में तय समय पर दस्तक दी है। बता दें कि केरल में कुछ दिन पहले से ही प्री मॉनसून की बारिश हो रही थी। महापात्र ने कहा कि इस साल भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में कम बारिश होगी। उन्होंने कहा, 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया में काफी समय से बारिश थोड़ी कम हो रही है इस साल भी मात्र 96 फीसदी होगी।

मां की मौत से दुःखी...

लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने खुदकुशी का कारण पति-पत्नी में विवाद होना बताया है। झामबती साहू के पति शंकर साहू आईटीआई से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनकी तबीयत ठीक नहीं है। कुछ दिन पहले ही डॉक्टरों ने उसे कैंसर पीड़ित बताया था। पति की बीमारी सुनकर वह परेशान रहने लगी थी। परिवार के सदस्यों का कहना है कि ईलाज के लिए झामबती व उसका बेटा पैसा निकालने दुर्ग के एक बैंक आए थे। पैसा निकालकर घर लौट रहे थे तब यह हादसा हुआ था।

बैंक से लौटते वक्त हुआ था हादसा

बताते हैं कि युवक के पिता को गंभीर रोग से पूरा परिवार तनाव में था। युवक अपनी मां के साथ दुर्ग के एक बैंक से पैसा निकालकर लौट रहा था। तभी बैंक से लौट रहे माँ- बेटे की कार नदी में गिर गई। बेटा तैरकर निकाल गया था पर मां की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक स्टेयरिग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर कार नदी में जा गिरी थी।

धान का एमएसपी...

कार्यान्वयन पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत अन्य घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रोड मैप भी तैयार किया है।

14 फसलों का एमएसपी 50 से 83 फीसदी तक बढ़ा

खरीफ सीजन 2020-21 के लिए सरकार ने उत्पादन की लागत का कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का अपना वादा निभाया है। कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिश के आधार पर खरीफ सीजन 2020-21 के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन दामों की घोषणा की गई है। इन 14 फसलों के लिए लागत पर वापसी 50फीसदी से 83फीसदी तक होगी।

कृषि ऋण पुनर्भुगतान की अवधि बढ़ी

भारत सरकार ने बैंकों द्वारा कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए दिये गए 3 लाख रुपये तक के सभी अल्पकालिक ऋणों की पुनर्भुगतान तिथि को 31.08.2020 तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। किसानों को ब्याज सबवेंशन और शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन का लाभ भी मिलेगा। ऐसे अल्पकालिक कृषि ऋण जिनका भुगतान 1 मार्च 2020 से 31 अगस्त, 2020 के बीच ड्यू है उन्हें बैंकों के 2फीसदी ब्याज सबवेंशन का और किसानों को 3 फीसदी शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन का लाभ लगातार मिलता रहेगा। इसका अर्थ हुआ कि 3 लाख रुपयों तक के कर्ज 4 फीसदी सालाना ब्याज दर पर उपलब्ध होंगे।

ब्याज निवारण योजना भी शुरू : किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मिलने वाले ऋृण सहित रियायती अल्पकालिक फसली ऋण प्रदान करने के लिए ब्याज निवारण योजना शुरू की गई है। पिछले कुछ हफ्तों में कई किसान अपने अल्पकालिक फसल ऋण बकाया के भुगतान के लिए बैंक शाखाओं तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो सके हैं। इस कैबिनेट फैसले से करोड़ों किसानों को मदद मिलेगी।

गरीबों का ध्यान रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः गरीबों और जरूरतमंदों का ध्यान रखना प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना पैकेज की घोषणा में इस संवेदनशीलता की झलक देखने को मिलती है। सरकार की ओर से जो कदम उठाए गए उनमें 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करना, 20 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में नकदी का हस्तांतरण करना, वरिष्ठजन, गरीब विधवाओं और गरीब निःशक्तजन के खातों में पैसा डालना तथापी एम किसान के तहत करोड़ों किसानों को वित्तीय सहायता मुहैया कराना शामिल है।

रेहणी विक्रेताओं की मदद...

नाई की दुकानें, मोची, पान की दूकानें व कपड़े धोने की दूकानें शामिल हैं। वे लोग कोविड-19 संकट के मद्देनजर जिन समस्याओं का सामना कर रहें है, उनके प्रति भारत सरकार संवेदनशील है। ऐसे समय मेंउन्हें अपने व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सस्ती क्रेडिट प्रदान करना सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है। शहरी स्थानीय निकाय इस योजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विमान में बीच की सीट...

की सीट पर बैठने वाले यात्री को पूरे शरीर को ढँकने वाला गाउन दिया जायेगा जो कपड़ा मंत्रालय के मानकों के अनुरूप होगा। सभी यात्रियों को एयरलाइंस द्वारा तीन परत वाला मास्क, फेस शील्ड और पर्याप्त मात्रा में सेनिटाइजर देना भी अनिवार्य किया गया है। डीजीसीए ने विमान के अंदर यात्रियों को पानी दिये जाने पर भी पाबंदी लगा दी है। उसने कहा है कि सिर्फ चिकित्सा आपात स्थिति में ही यात्रियों को एयरलाइंस की तरफसे पानी दिया जाना चाहिये। विमान में खाना परोसे जाने पर पहले से ही रोक लगी हुई है।

संगीतकार वाजिद खान....

गीतों को भी संगीतबद्ध किया था। प्रियंका चोपड़ा , सोनू निगम, विशाल डडलानी, परिणिती चोपड़ा और हर्षदीप कौर जैसी बॉलीवुड हस्तियों ने खान के निधन पर शोक जताया है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-1371, 1. श्री अविनाश कुमार पिता श्री अरूण कुमार अन्द्रियास 2. श्री अरूण कुमार अन्द्रियास पिता स्व. श्री संत अन्द्रियास दोनों निवासी- सेजबहार, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) नामांतरण पश्चात द्वितीय आबंटित के रूप में नाम दर्ज है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.01.2015 को निष्पादित करा लिया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन को श्रीमती अन्नामनी वड्डेमान, पति श्री रवि कुमार वड्डेमान, निवासी एलआईजी-325, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती अन्नामनी वड्डेमान पति श्री रवि कुमार वड्डेमान, निवासी- एलआईजी-325, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
रद्द करना

ई-टेंडर नोटिस नंबर Sr.DEE-G-R-OTP-20-21-01, Dtd. 06.05.2020, दिनांक 15.06.2020 को खोला जाने वाला ... प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक 341/तक.शा./न.पा.प./2020 बड़े बचेली, दिनांक 30/05/2020

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

नगरपालिका परिषद बड़े बचेली की ओर से अधोलिखित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन फर्म/ व्यक्ति से निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	वार्ड क्र. 09 मुक्तिधाम के समीप ट्रक पार्किंग स्थल का समतलीकरण कार्य। (Ist Stage)	15.00	22/06/2020 समय सायं 5.30 बजे तक।
2	वार्ड क्र. 09 मुक्तिधाम के समीप ट्रक पार्किंग स्थल का समतलीकरण कार्य। (IInd Stage)	13.00	
3	विभिन्न कार्य हेतु PWD भवन, ब्रिज्ड रोड, पी.एच.ई एवं विद्युत यांत्रिकी जोनल कार्य हेतु प्रचलित SOR पर निविदा।	20.00	
4	वार्ड क्र. 10 में शेड निर्माण कार्य।	1.65	
5	वार्ड क्र. 16 में नवीन पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल स्थापना कार्य।	2.33	

टीप :- निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 66/न.पा.नि./ जोन क्र.- 06/2020-21 रायपुर, दिनांक 20.05.2020

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु निविदा आमंत्रण द्वारा कार्य में निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) लोक कर्म विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''द'' एवं उससे ऊपर) से निर्धारित प्रपत्रों में दो लिफाफा ''अ'' में अमानती राशि तथा लिफाफा ''ब'' से सीलबंद निविदाएं पृथक-पृथक लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 04/06/2020 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/06/2020 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जोन कमिश्नर जोन क्रमांक-06 कार्यालय, भाठागांव रायपुर (छ.ग.) में प्राप्त होना चाहिए। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 11/06/2020 के 5.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 53 शिव नगर संतोषी नगर क्षेत्र में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	19.90	20000/-	750/-	प्रपत्र ''अ'' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन एवं दिनांक 01.01.2015 एवं पी.डब्ल्यू.डी. रोड एवं दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
02	मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 53 शिव नगर संतोषी नगर स्थित सतनामी समाज सामुदायिक भवन के सामने पेवर ब्लॉक फिटिंग कार्य।	10.70	11000/-	750/-	प्रपत्र ''अ'' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
03	शहीद पंकज विक्रय वार्ड क्र. 50 एस.आर. कालोनी में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक फिटिंग कार्य।	20.00	20000/-	750/-	प्रपत्र ''अ'' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
04	शहीद पंकज विक्रय वार्ड क्र. 50 सुभाष नगर, सोनझरा पारा में सी.सी. रोड निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य।	19.98	20000/-	750/-	प्रपत्र ''अ'' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन एवं दिनांक 01.01.2015 एवं पी.डब्ल्यू.डी. रोड एवं दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह

(1) अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में पृथक लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी (2) अमानती राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के पदनाम से होना अनिवार्य है एवं मूल प्रति से संलग्न करें। (3) निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ नन सील का का नन (इनकम टैक्स रिटर्न) की प्रति न टेण्डर फार्म क्रय की रसीद की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है (4) निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जावेगी। (5) निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा। (6) निविदा के नियमों एवं शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा। (7) संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। (8) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न है।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान- 1100

कार्यपालन अभियंता,
जोन क्रमांक- 06,
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)
07744-224035 (O) E-mail- eeraj-phe-cg.nic.in

नि.सू.क्रमांक 23/निविदा शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2020 राजनांदगांव, दिनांक 28.05.2020

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न विकासखंडों में पाईप लाईन कार्य तथा अन्य सिविल कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार) की मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ए में आमंत्रित की जाती है। जिसके प्रत्येक समूह के लिए कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 750/- है, तथा कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन खंड कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.06.2020 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त का जा सकती है।

स. क्र.	विकासखंड	ग्राम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि
1	छुईखदान	मोहगांव	80 mm dia G.I. Pipe- 380 mtr. 50 mm dia G.I. Pipe- 120 mtr. 110 mm dia UPVC 06kg/cm2- 510 mtr.	9.90 लाख	7500/-
2	छुरिया	पैरीटोला	90mm dia UPVC 06kg/cm2- 2000 mtr. 110 mm dia UPVC 06kg/cm2- 1000 mtr.	16.32 लाख	12300/-

जी- 81190/2

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)

एन एम डी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
बैलाडील आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्पलेक्स
किरन्दुल-494556, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
ग्राम : आयरन ओर, फैक्स-07857-255226, 255227, 255225
CIN-L13100TG1958GOI001674
क्र.बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल/कॉम./सिविल/5820/2020 दिनांक 01.06.2020

प्रेस अधिसूचना

बीआईओएम, किरंदुल काम्पलेक्स, किरंदुल निम्नलिखित कार्यो के लिए सीपीडब्ल्यूडी राज्य पीडब्ल्यूडी, सार्वजनिक उपक्रम, रेलवे अथवा एम.ई.एस. में पंजीकृत, वित्तीय रूप से सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो बिड प्रणाली में मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा दस्तावेज उप महाप्रबंधक (वित्त) एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल काम्पलेक्स किरंदुल से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं **(बुधवार साप्ताहिक विश्राम का दिन है)**। निविदा दस्तावेजों की बिक्री केवल किरंदुल में ही होगी। तथापि इन दस्तावेजों को निम्नलिखित वेब साईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु. में)	बयाना राशि जमा	समाप्ति अवधि (माह में)	निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अवधि	निविदा प्रस्तुति की नियत तिथि	निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	बीआईओएम किरंदुल परिसर के निपेक्ष क्रमांक 11बी में सभी खदानों के लिए जल आपूर्ति एवं संग्रहण प्रणाली का निर्माण कार्य। चरण-1 (जल संग्रहण टैंक और फिल्टर हाउस)	रु.309.48 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु.3,09,480/-	12 (बारह माह वर्षा ऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	09.07.2020 को 15.00 बजे तक	09.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 8,850/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
2	किरन्दुल में 11 बी रोड के सुधार के लिए विविध सिविल कार्य	रु. 49.89 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 49,890/-	06 (छह माह) वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	09.07.2020 को 15.00 बजे तक	09.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 3,540/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
3	किरन्दुल परिसर में बीआई ओपी सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल और डीएवी स्कूल में विविध सुधार कार्य।	रु. 70.95 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 70,950/-	06 (छह माह (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	10.07.2020 को 15.00 बजे तक	10.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 5,900/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
4	बीआईओएम किरन्दुल परिसर में स्थित आवासीय क्वाटर में सीमेंट कांक्रीट फ्लोरिंग और टाइल्स लगाने का कार्य	रु. 76.24 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 76,240/-	12 (बारह माह) (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	10.07.2020 को 15.00 बजे तक	10.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 5,900/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
5	किरन्दुल में गांधी नगर में सड़कर चौड़ीकरण और विविध नाली का कार्य।	रु. 25.36 लाख (जीसटी सम्मिलित कर)	रु. 25,365/-	09 (नौ माह) (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	11.07.2020 को 15.00 बजे तक	11.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 3,540/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
6	निक्षेप क्रमांक 11 बी में कन्वेयर 1117 के भूतल कन्वेयर हिस्से में कसटिंना और चैन लिंक फेसिंग का कार्य।	रु. 64.62 लाख (जीसटी सम्मिलित कर)	रु. 64,620/-	09 (नौ माह) (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	11.07.2020 को 15.00 बजे तक	11.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 5,900/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
7	किरन्दुल टाउनशिप में पानी फौव्वारों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य।	रु. 59.85 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 59,850/	06 (छह माह)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	12.07.2020 को 15.00 बजे तक	12.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 5,900/- (जीएसटी सम्मिलित कर)
8	वर्ष 2019-2020 के लिए बीआईओएम किरन्दुल परिसर में स्थित परियोजना चिकित्सालय में फेस लिफ्टिंग का कार्य।	रु. 42.64 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 42,640/-	06 (छह माह) (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	12.07.2020 को 15.00 बजे तक	12.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 3,540/ (जीएसटी सम्मिलित कर)
9	फायर स्टेशन किरन्दुल में विविध सिविल कार्य।	रु. 43.48 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर)	रु. 43,480/-	09 (नौ माह) (वर्षाऋतु को छोड़कर)	08.06.2020 से 07.07.2020 16.00 बजे तक	13.07.2020 को 15.00 बजे तक	13.07.2020 को 15.30 बजे तक	रु. 3,540/ (जीएसटी सम्मिलित कर)

निविदा आमंत्रण सूचना, पूर्व पात्रता की शर्तें, अन्य निविदा शर्तों तथा पूर्ण पता व विवरण आदि के लिए निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे हमारी वेब साइट www.nmdc.co.in को देखें। शुद्धिपत्र और परिशिष्ट केवल एन.एम.डी.सी. वेबसाईट पर ही उपलब्ध किए जाएंगे। भावी निविदाकर्ता शुद्धिपत्र और परिशिष्ट यदि कोई हो तो उसे देखने हेतु समय समय हमारी एन.एम.डी.सी. वेबसाईट को देखें।

एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के लिए एवं पक्ष में
महाप्रबंधक
बी.आई.ओ. एम. किरन्दुल काम्पलेक्स

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

वाजिद खान के निधन से भावुक हुई सिंगर श्वेता पंडित

नई दिल्ली। मशहूर म्यूजिक कंपोजर वाजिद खान के निधन से बॉलीवुड इंडस्ट्री को गहरा सदमा लगा है। उनके इस तरह दुनिया छोड़ जाने की खबर पर किसी को यकीन नहीं हो रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने सोशल मीडिया पर अपना दुख व्यक्त किया है। सिंगर श्वेता पंडित ने भी वाजिद को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। श्वेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वाजिद के साथ अपनी एक फोटो शेयर की है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''वाजिद भाई। 22 साल पहले मैं बच्ची थी और आपको फिल्म प्यार किया तो डरना क्या के लिए बड़ी सफलता मिली। आप मेरे घर के बाहर थे और जब मेरे पिता ने आपको देखा तो उन्होंने आपको घर बुलाया। आप बिना किसी हिचकिचाहट के घर आए। उस समय मैंने आप में पहली चीज जो नोटिस की और सीखी, वह थी आपकी विनम्रता। हम पहली बार मिले और आपने मुझसे कहा कि कुछ गाकर सुनाओ। मैं कुछ गाने गाए और आपने कहा, माशाल्लाह क्या आवाज मिली है ऊपर वाले से।'' ''इसके बाद आपने कहा कि कुछ और गाओ। मैंने उस दिन कई गाने गाए। हमारे बीच पल भर में जबरदस्त बॉन्डिंग बन गई। आपने मुझे पार्टनर फिल्म का सुपरहिट सॉन्ग योर माय लव दिया।

उर्वशी ने जिम में उठाए 80 किलो के डंबल

नई दिल्ली। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह 80 किलो के डंबल उठाती नजर आ रही हैं। वीडियो में आप उन्हें ग्लूट वर्कआउट करते देख सकते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि उर्वशी रौतेला 57 किलो की हैं और फिटनेस को लेकर वह काफी सतर्क रहती हैं। जिम वर्कआउट के इस वीडियो में वह 80 किलो वजन उठाती दिखाई दे रही हैं। वीडियो शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा कि 80 किलोग्राम (176.37) ग्लूट थ्रस्ट। सकारात्मक मानसिकता। मुश्किल समय को पीछे धकेल आगे बढ़ने के बाद आपको सबसे अच्छे परिणाम मिलेंगे। उर्वशी रौतेला के इस वीडियो पर बॉलीवुड सेलेब्स ने कॉमेंट्स किए हैं। गायिका कनिका कपूर ने लिखा, ÷वाह।÷ आपको बताते चलें कि उर्वशी ओटीटी प्लैटॉफॉर्म पर अपनी फिल्म 'वर्जिन भानुप्रिया' की रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म के बारे में उर्वशी ने बताया कि यह कॉलेज जाने वाली एक कंजर्वेटिव लड़की के बारे में है। 'वर्जिन भानुप्रिया' में गौतम गुलाटी, अर्चना पूरन सिंह, डेलनाज ईरानी और राजीव गुप्ता आदि कलाकार भी हैं।

वाजिद खान के निधन पर सलमान हुए इमोशनल

कहा- हमेशा रहोगे आप याद

बॉलीवुड के मशहूर संगीतकार भाइयों की जोड़ी साजिद-वाजिद में से वाजिद खान का निधन हो गया है। वाजिद खान की उम्र 42 वर्ष की थी। साजिद-वाजिद की जोड़ी ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों में संगीत दिया है। वाजिद ने तो सलमान की कई फिल्मों में अपनी आवाज भी दी है। बता दें कि सलमान खान की फिल्म प्यार किया तो डरना क्या से ही साजिद-वाजिद ने बॉलीवुड डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने सलमान की कई फिल्मों में म्यूजिक दिया जैसे कि गर्व, तेरे नाम, तुमको ना भूल पाएंगे, पार्टनर और दबंग के सभी पार्ट्स में। इसके अलावा वाजिद ने सलमान के पॉपुलर गानें मेरा ही जलवा, फेविकॉल से और अक्षय कुमार के गाने चिंता ता चिता चिता में अपनी आवाज भी दी है। वाजिद ने लास्ट गानें जो कम्पोज किए वो भी सलमान के थे, प्यार करोना और भाई-भाई। इन गानों को सलमान ने हाल ही में अपने यूट्यूब पर रिलीज किया था। सलीम ने वाजिद के निधन की जानकारी दी थी। उन्होंने ट्वीट किया था, 'साजिद-वाजिद की जोड़ी के मेरे भाई वाजिद के निधन की खबर से परेशान हूं। अल्लाह उनके परिवार को ताकत दे। वाजिद भाई आप बहुत जल्दी चले गए। यह हमारी बिरादरी के लिए एक बड़ा नुकसान है। मैं हैरान और टूट गया हूं'।

करोड़ों का दान देने के बाद सलमान अब कर रहे हैं थिएटर कर्मचारियों की मदद

नई दिल्ली। बॉलीवुड के सुपरस्टार अभिनेता सलमान खान ने लॉकडाउन में करोना वॉरियर्स, गरीबों, प्रवासी मजदूरों और फिल्मी जगत से जुड़े अन्य लोगों की लागातार मदद कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कोरोना वारियर्स को 1 लाख सैनिटाइजर दान किया था। अब खबर है कि सलमान ने परेशान थिएटर आर्टिस्ट और कर्मचारियों की मदद के लिए सामने आए हैं। इस बात की जानकारी महाराष्ट्र के युवा सेना नेता राहुल एन कनल ने दी है। बता दें कि महाराष्ट्र के सीएम, आदित्य ठाकरे और मुंबई पुलिस ने सलमान खान के नेक कामों की तारीफकर चुके हैं। राहुल एन कनल ने ट्वीट करते हुए बताया कि सलमान खान ने इन थिएटर कर्मचारियों को राशन पहुंचाने का काम किया है। इस राशन पैकेट में 5 किलो चावल ,गेहूं का आटा, सब्जियां, तेल, नमक ,मसाले और चाय पत्ती शामिल है। राहुल के अनुसार, जब श्री शिवाजी मंदिर नाट्यगृह के कलाकारों और कर्मचारियों के बारे में सुना तो हमें काफी दुख हुआ और वह सीधा सलमान खान के पास गए। सलमान इन लोगों की मदद करने के लिए फौरन तैयार हो गए। बता दें कि इससे पहले सलमान खान ने दिहाड़ी मजदूरों की मदद की तो वहीं फिल्म इंडस्ट्री के बौने एक्टर्स की भी आर्थिक रूप से मदद की है। कुछ समय पहले उन्हें अपने फार्महाउस से राशन का सामान गरीबों को बांटने के लिए भेजते देखा गया था। इसके साथ ही सलमान खान ने 10.50 करोड़ का दान दिया था।

समझदारी से बात करें आफरीदी और गंभीर: वकार

नई दिल्ली। पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच वकार युनूस ने क्रिकेट टीम के अपने पूर्व साथी शाहिद अफरीदी और भारतीय के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर से सोशल मीडिया पर लंबे समय से चली आ रही खींचातानी को खत्म कर 'समझदारी से बात करने' की अपील की। गंभीर और अफरीदी के बीच सोशल मीडिया पर राजनीति से लेकर क्रिकेट करियर तक के विषयों पर लंबे समय से एक-दूसरे के खिलाफ शब्दों के बाण चल रहे है। अपनी आत्मकथा में भी अफरीदी ने गंभीर पर कटाक्ष करते हुए लिखा था, 'वह ऐसे बर्ताव करते है जैसे

उनमें डॉन ब्रैडमैन और जेम्स बॉन्ड वाले गुण हो। उनका रवैया आक्रामक रहता है लेकिन उनके रेकॉर्ड अच्छे नहीं है।' गंभीर ने इसके जवाब में कहा था कि वह अफरीदी को खुद ही मनोचिकित्सक के पास ले जाएंगे।

वकार ने 'ग्लोफैंस' द्वारा आयोजित 'क्यू20' कार्यक्रम में कहा, 'गौतम गंभीर और शाहिद अफरीदी के बीच पिछले कुछ समय से तनातनी चल रही है। मुझे लगता है कि दोनों को होशियार, समझदार और शांत होने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'सोशल मीडिया पर अगर आप ऐसा करते हैं, तो लोग इसे पसंद करेंगे, इसका मजा लेंगे। मुझे लगता है कि वे दोनों को समझदारी से काम लेने की जरूरत है।' सोशल मीडिया पर दोनों की तीखी प्रतिक्रियाओं पर नजर रखने वाले वकार ने कहा सलाह दी कि दोनों को मिलकर इस मुद्दे को सुलझा चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह लंबा खिचता जा रहा। दोनों को मेरी सलाह होगी कि कही मिलकर इस बारे में बात करें और अगर ऐसा संभव नहीं है तो शांत रह सकते है।'

अफरीदी ने पिछले महीने कश्मीर और प्रधानमंत्री के खिलाफ भारत विरोधी टिप्पणी की थी जिसके बाद पूर्व भारतीय खिलाड़ियों युवराज सिंह और हरभजन सिंह ने उनसे संबंध तोड़ लिया। इससे से पहले पंजाब के दोनों खिलाड़ियों ने अफरीदी के एनजीओ को समर्थन दिया था। वकार ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और पाकिस्तान को नियमित तौर पर सीरीज खेलनी चाहिए।

क्रिकेट की बहाली पर काम जारी लेकिन समय सीमा तय नहीं कर सकते: अरुण

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बताया कि बोर्ड की क्रिकेट ऑपरेशंस और नैशनल क्रिकेट अकैडमी मिलकर क्रिकेट को फिर से शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। लेकिन अभी किसी समयसीमा का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

नई दिल्ली। बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को कहा कि उनकी क्रिकेट परिचालन और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की टीमें शीर्ष क्रिकेटरों के लिए अभ्यास शिविर आयोजित करने पर काम कर रही हैं। धूमल ने कहा लेकिन अभी उसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। भारत में कोरोना वायरस के मामले दो लाख के करीब पहुंच गए हैं। धूमल ने कहा, 'राष्ट्रीय शिविर की बहाली पर बात चल रही है। क्रिकेट परिचालन टीम और एनसीए स्टाफ इसकी संभावना पर काम कर रहा है। अलग अलग राज्यों में लॉकडाउन में रियायत संबंधी अलग अलग दिशा निर्देश हैं। हमें उनके अनुसार फैसला लेना होगा।' उन्होंने कहा, 'हर कोई अलग अलग राज्य से है। वे अपने राज्य संघों से तालमेल के साथ अभ्यास कर सकते हैं, जब तक कि पूरी टीम एक साथ नहीं आती।' इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने टुकड़ों में अभ्यास शुरू कर दिया है।

महेंद्र सिंह धोनी की टीम मीटिंग 2 मिनट से ज्यादा नहीं चलती थीं: पार्थिव पटेल

नई दिल्ली। पार्थिव पटेल इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में चेन्नै सुपर किंग्स के साथ थे। वह उन दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी की टीम मीटिंग 2 मिनट से ज्यादा लंबी नहीं होती थीं। पार्थिव ने चेन्नै के लिए 13 मैचों में 302 रन बनाए थे। इस सीजन में चेन्नै की टीम फाइनल तक पहुंची थी और वहां उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि पार्थिव ने इस दौरान कई अन्य

टीमों के लिए खेला है लेकिन उन्हें पूरा यकीन है कि धोनी की टीम मीटिंग्स का पैटर्न अभी नहीं बदला होगा। पार्थिव ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, 'टीम मीटिंग दो मिनट की हुआ करती थीं. 2008 के फाइनल में धोनी की टीम मीटिंग 2 मिनट चलती थीं और मुझे पूरा यकीन है कि 2019 में भी ऐसा ही होता होगा। धोनी हमेशा से इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि उन्हें अपने खिलाड़ियों से क्या चाहिए।' पार्थिव 2010 तक चेन्नै की टीम का हिस्सा रहे। वह मानते हैं कि इस दौरान उन्होंने काफी कुछ सीखा। इसमें महान खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना भी शामिल है।

खलाड़ियों के लिए कोविड टेस्ट जैसी योजनाएं बना रहा है यूएस ओपन

न्यूयॉर्क। खतरनाक कोरोना वायरस के बावजूद यूएस ओपन के सही समय पर आयोजन के लिए आयोजक कुछ योजनाओं पर विचार कर रहे हैं। इनमें यूरोप, दक्षिण अमेरिका और मध्य पूर्व से खिलाड़ियों को चार्टर्ड विमान से न्यूयॉर्क लाना और यात्रा से पहले कोविड-19 टेस्ट भी शामिल है। इनके अलावा हर दिन तापमान नापना, केंद्रीकृत आवास, दर्शकों के बिना मैचों का आयोजन, कोर्ट पर कम से कम अधिकारी और अभ्यास के दिनों में लॉकर रूम बंद रखने पर भी विचार किया जा रहा है। अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) में पेशेवर टेनिस की मुख्य कार्यकारी स्ट्रेसी एलेस्टर ने एपी से कहा, 'इन पर अभी केवल विचार किया जा रहा है। एलेस्टर ने कहा कि यूएसटीए बोर्ड ने अगर यूएस ओपन के आयोजन का फैसला किया तो यह उसके नियत स्थान और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

3 बार के ओलिंपिक में चैंपियन मोरो का निधन

लॉस एंजेलिस। मेलबर्न ओलिंपिक 1956 में 100 मीटर, 200 मीटर और चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले फर्राटा धावक बॉबी जो मोरो का निधन हो गया है। वह 84 साल के थे। सैन बेनिटो स्कूल ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर इस महान धावक के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस स्कूल ने अपने फुटबॉल स्टेडियम का नाम शहर के इस नायक के नाम पर रखा है।

विराट कोहली ज्यादातर दबाव में बेहद शानदार खेलते हैं: स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली की जमकर तारीफकी है। स्टीव ने कहा कि दबाव में विराट और भी निखर कर परफॉर्म करते हैं।

मुंबई। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक स्टीव स्मिथ सीमित ओवरों की क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय कप्तान कोहली के रवैये से काफी प्रभावित हैं। स्टीव स्मिथ ने सोमवार को सोनी स्पोर्ट्स इंडिया के फेसबुक लाइव में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने विराट कोहली के खेल की जमकर प्रशंसा की।

टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा, 'वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत के दौरान उनका औसत देखिए। वह दबाव में इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं और धैर्यवान रहते हैं। वह काम को अंजाम देते हैं और यह विरोधी खिलाड़ी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। आपको इस तरह के खिलाड़ी की सराहना करनी होती है।'

कोहली के साथ लगातार होने वाली तुलना पर स्मिथ ने कहा, 'मैं विराट को काफी पसंद करता हूं। वह शानदार खिलाड़ी हैं। वह जिस तरह क्रिकेट खेलते हैं। उनके अंदर क्रिकेट के लिए जो जुनून है... समय के साथ उसका शरीर बदला है। वह अब इतने अधिक फिट, मजबूत और ताकतवर हैं। क्रिकेट के लिए बेहतरीन।'

दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज स्मिथ ने उम्मीद जताई कि गेंदबाजों के लिए कोई हल निकलेगा, जिन पर गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के प्रतिबंध का बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'मैं भले ही बल्लेबाज हूं लेकिन मैं फिर भी बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखना चाहता हूं। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आप नहीं देखना चाहते कि गेंद कुछ भी नहीं करे और गेंदबाजों को बिलकुल मदद नहीं मिले। इसका हल निकालने की जरूरत है।

डे-नाईट टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया फायदे की स्थिति में होगा: स्मिथ

मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि भारत की तुलना में गुलाबी गेंद से अधिक टेस्ट खेलने का अनुभव ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर में दोनों देशों के बीच होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट में 'थोड़ा फायदे' की स्थिति में रखेगा। लेकिन विराट कोहली की अगुआई वाली टीम में ऐसे बल्लेबाज हैं, जो इस चुनौती का सामना कर सकते हैं।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि भारत चार टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के पूर्ण दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया आएगा। दूसरा टेस्ट दूधिया रोशनी में खेला जाएगा, जो एडिलेड में 11 दिसंबर को शुरू होगा। सोनी स्पोर्ट्स इंडिया के फेसबुक सत्र में ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्मिथ ने कहा, 'हमने भारत की तुलना में दिन-रात्रि के अधिक टेस्ट खेले हैं जो शायद फायदे की स्थिति हो सकती है।' उन्होंने कहा, 'भारत कोलकाता में दिन-रात्रि टेस्ट में काफी अच्छा खेला था। वह अलग मैच था लेकिन निश्चिततौर पर उनके पास ऐसे बल्लेबाज हैं, जो गुलाबी गेंद से मुश्किल हालात का सामना कर सकते हैं और उनके गेंदबाज स्तरीय हैं।' इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'वे विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं, जो किसी भी हालात से सामंजस्य बैठाने में सक्षम हैं इसलिए मुझे काफी रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।' भारत 11 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफटी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगा और इसके बाद बॉर्डर-गावसकर ट्रोफी को बचाने के लिए मैदान में उतरेगा। टेस्ट सीरीज की शुरुआत गाबा में होगी, जहां ऑस्ट्रेलिया का रेकॉर्ड शानदार है। स्मिथ ने कहा, 'गाबा (ब्रिसबेन) में हमारा रेकॉर्ड किसी के भी खिलाफ अच्छा है। वह हमारे लिए गढ़ की तरह है। हम लंबे समय से पहला टेस्ट वहां खेलना चाहते हैं।'

बालोद जिले में भी उभरने लगे हैं कलाकार, अब बालोद में भी बनने लगी है शार्ट फिल्म

■ कलाकारों के लिए मिला अच्छा अवसर

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद । अब बालोद जिले में भी शॉर्ट फिल्में बनने लगी है आज के दौर में वायरल हो रही शॉर्ट फिल्म धुआ धुआ जिसमें बालोद जिले के कलाकारों को अवसर दिया गया है और यह काफी शिक्षाप्रद भी है शार्ट फिल्म में धुआं धुआं के निर्देशक श्री मनोज भारद्वाज से की गई बातचीत में उन्होंने बताया कि वे स्वयं इलाहाबाद बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर हैं और बैंकों में काफी व्यस्तता होती है क्योंकि पहले मनोज भरद्वाज अपने कालेज समय में एवं पढ़ाई में छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले में थे वहां नाटकों में मंचन किया करते थे साथ ही देवेश शर्मा दिलीप षडंगी गोरेलाल बर्मन आदि लोगों के साथ भी काम कर चुके हैं आकाशवाणी रायगढ़ में भी 6 साल तक किसान वाणी भी देते रहे हैं इसलिए बैंक में आने के बाद समय कम मिल पाता था इसलिए उन्होंने अपनी कलाकारी की

प्रतिभा को बनाए रखने के लिए शॉर्ट फिल्म का सहारा लिया उन्होंने कहा कि कलाकारी के फिल्म में रुचि रखने के कारण थोड़ा थोड़ा समय निकालकर धुआ धुआ शॉर्ट फिल्म बनाई और आगे भी के कलाकारों को अवसर प्रदान करना चाहते हैं जो भी अपने हुनर को सबके सामने लाना चाहते हैं उनके साथ मिलकर काम कर सकते हैं उन्होंने बताया कि वे मुंबई की फिल्म छुटन की महाभारत में भी एक काम किए है जो कि 2004 की आवार्डेड फिल्म भी रही धुआं धुआं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस फिल्म को बनाने का श्रेय इलाहाबाद बैंक के प्रबंधक श्री खेमराज मैत्री को जाता है जिन्होंने धुआं धुआं बनाने पर अपनी सहमति दी यह फिल्म एक ऐसे लड़के के बारे में है जो पढ़ाई लिखाई में आगे था पर नशे में खुद को बर्बाद कर दिया और लोकेशन भी बालोद के आस पास का ही है धुआ धुआ फिल्म के निर्माता लीना भरद्वाज हैं निर्देशक कहानी संवाद मनोज भारद्वाज कैमरामैन मनीष साहू मुख्य कलाकार में खेमराज मैत्री, खिलावन ठाकुर, राकेश साहू, पंकज कुलकर्णी ,काजल, दीपन्ति साहू ,लक्ष्मी ,देवांनन्द ठाकुर, गोराम हिरवानी ,संगीता, विकास आदि ने भी इसमें प्रतिभा दिखाई है उन्होंने बालोद में धुआं धुआं को सहयोग करने के लिए अनिल जैन अरिहंत मोबाइल ,सागर अरोरा, और भगवती साहू के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि उन सभी के सहयोग से यह सब संभव हो पाया।

इस फिल्म के जरिए नशा मुक्ति तंबाकू छोड़ने की अपील

मनोज भारद्वाज ने अपने इस फिल्म के जरिए समाज को नशा छोड़ने की अपील की है तंबाकू निषेध दिवस पर फिल्माए गए इस फिल्म के जरिए समाज को सही दिशा देने की कोशिश भी की गई है मनोज भारद्वाज ने कहा कि आज के युवा नशे में अपने कैरियर को तबाह कर बैठते हैं तो कई बार अच्छा अवसर खो बैठते हैं तंबाकू जानलेवा है उसके पैकेट में लिखे होने के बाद भी लोग इसका सेवन करते हैं जबकि हमें काफी नुकसान पहुंचाती है इस उद्देश्य को बताने के लिए ही शॉट फिल्म बनाया गया है आने वाले दिनों में अन्य सामाजिक मुद्दों पर प्रेरणात्मक और संदेशात्म फिल्में बनाकर वे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करेंगे।

■ न्यूज गैलरी

बारिश के बाद प्रकृति का मनोरम दृश्य

खरोरा। रविवार को शाम में हल्की बारिश भी हुई जिसके चलते रविवार के दिन गर्मी में लोगों को काफी राहत मिला । वहीं शाम को बादल छाए रहे । बदली बारिश के बाद आज शाम नौतपा के साथ सातवें दिन शाम को दिखा प्रकृति के मनोहारी दृश्य से देखने सैकड़ों कि आंखें आसमान की ओर देखती रही।

रविवार को क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

खरोरा। नौतपा की भीषण गर्मी के दौरान रविवार को दोपहर 3:30 बजे से शहर 4:30 बजे तक क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई । जिससे भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिली बारिश से नगर एवं सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में गांव की गलियों में पानी भर गया।

समिति के कर्मचारियों को जिला सहकारी बैंकों के रिक्त पदों पर संयोजन करने की मांग

लवन। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के द्वारा प्रदेश भर में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के रिक्त पदों पर नियुक्ति देने की मांग प्रदेश संगठन के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री से की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहकारी कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजर के जिला अध्यक्ष मनीराम कैवर्त्य ने बताया कि सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के द्वारा प्रदेश भर के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा वर्तमान में विश्व व्यापी महामारी नोबल कोरोना वायरस संक्रमण के चलते अपने और अपने परिवार के जीवन को दांव पर लगाकर शासन की अति महत्वपूर्ण पीएीएस एवं धान परिवहन का कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के विभिनन शाखाओं में रिक्त पदों पर संवर्ग कैडर प्रबंधक, लिपिक, आपरेटर, भृत्य, चैकीदार, गार्ड, वाहन चालक, माली, सफाई कर्मी आदि पदों पर अनुभवी एवं योग्य सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को नियुक्त बैंक के भर्ती नियमों में शिथिलता और नरमी प्रदान की जाए।

विवाह की अनुमति पंचायत से हो : परस देवांगन

भाटापारा। जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परस देवांगन ने लॉक डाउन के चलते शासन के द्वारा 50 व्यक्तियों तक शादी में अनुमति देने के निर्णय का स्वागत किया है वही उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए विवाह की अनुमति पंचायत के माध्यम से दिए जाने की मांग की है। जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परस देवांगन ने कहा की शासन और प्रसासन का विवाह के लिए 50 लोगो की अनुमति दिए जाने का निर्णय सही है इसके लिए एसडीएम और तहसीलदार से अनुमति लिए जाने को लेकर परस देवांगन ने इसे अव्यवहरि बताया। उनका कहना है की गांव के किसान मजदूर गरीब भाइयों को अपने गांव से 20 -30 किलोमीटर तहसील कार्यालय या एसडीएम कार्यालय में आकर जून के इस नौतपा के दिन इतने तमतमाती धूप में विवाह अनुमति के लिए आना पड़ रहा है एक तो इतनी गर्मी और इतनी गर्मी में सोशल डिस्टेंस सामाजिक दूरी का पालन करते हुए लाइन में लगकर अनुमति लेने के लिए घंटों खड़ा रहना पड़ रहा है । तेज धूप में बेचारे गांव वाले सुबह से दोपहर अपनी बारी का इंतजार लाइन लगाकर कर रहे हैं जिला कार्यालय के चक्कर लगाकर वापस आ चुके ग्रामीणों के हवाले से श्री देवांगन ने बताया की कई ग्रामीणों ने बताया कि हम दो दो दिनों से कार्यालय जाकर लाइन लगाये। शासन ग्रामीणों को सहूलियत देने के बजाय आग बरसाती धूप में खड़ा कर गरीब,किसान मजदूरों की धैर्य का परीक्षा ले रही है ।

झुलते बिजली के तार से दुर्घटना की बनी आशंका

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित लवन अंतर्गत मरदा रोड से कुछ ही दूरी पर बिजली का झूलता तार किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि यहां सघन आबादी है। शिकायतकर्ता डेनियन अनंत ने शीघ्र ही केबल तार लगाए जाने की मांग 01 जून को विद्युत विभाग में किये है। मरदा रोड के किनारे 11 केवी बिजली की तार गुजरी है जो काफी जर्जर हो चुकी है। तथा काफी नीचे झुल रही है। जबकि यहां अधिकांश आबादी क्षेत्र के लोग है। और प्रायः लोग सुबह शाम सड़क के किनारे ही बैठते है ऐसे में किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हालांकि विद्युत विभाग द्वारा झूलते हुए तार को लकड़ी से बांध दिया गया है, इसके बावजूद भी विद्युत तार काफी नीचे झुका हुआ है, जो कभी भी दुर्घटना को आमंत्रित कर सकता। यहाँ 11 केवी का विद्युत तार प्रवाहित है। विभाग द्वारा मरदा रोड में सभी जगहों पर केवल तार लगा चुके है। महज 100 मीटर की दूरी तक ही विभाग द्वारा केबल तार नहीं लगाया गया है जबकि आसपास में रहवासी काफी संख्या में बसे हुये है। जर्जर विद्युत तार व झुके हुये विद्युत तार से कभी भी अनहोनी घटनाए घट सकती है। इसके बाद भी बिजली विभाग ठेकेदार की कुंभकर्णी निंद्रा भंग नही हुई है। शायद विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। भविष्य में कोई अनहोनो घटना न हों इसके लिए नगरवासी डेनियन अनंत दिलीप अनंत संजू रात्रे द्रविड़ अनंत ने विभाग से अविलंब केबल तार लगाए जाने की मांग की है।

इनका कहना है

अभी मैं रायपुर मीटिंग में हूं जेई को बोलकर कार्य करवाता हूं।

वीरेंद्र राठिया, कार्यपालन अभियंता

ठेकेदार की वजह से ही काम रुका हुआ है ठेकेदार को पिछले 2 महीने से केबल तार लगाने के लिए बोला जा रहा है फिर भी उसके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

प्रशांत विल्सन पन्ना, कनिष्ठ यंत्री

एक-दो दिन में केवल तार लगाया जाएगा लाक डाउन के कारण कार्य रुका हुआ था।

वीरेंद्र राजपूत, ए टू जेड कंपनी

नाबालिक बालक के अंधे कत्ल के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। कोनी बंजर के नाबालिक बालक की हत्या कर उसका सिर धड़ से अलग करने वाले आरोपी को जिले की संयुक्त टीम ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के कब्जे से हथियार और कपडे भी पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलाफधारा 302 के तहत कार्यवाही कर रही है।आरोपी गॉव का ही युवक निकला। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थाना से मिली जानकारी अनुसार कल ग्राम बग बुड़वा के खार में कोनी बंजर के 14 वर्षीय नाबालिक बच्चे रामफल यदु की गला काट कर हत्या कर दी गई थी। घटना का दर्दनाक पहलू देखने के बाद इस अंधे कत्ल को सुलझाने पुलिस अधीक्षक ने जिले के नजदीकी थाना प्रभारियो की संयुक्त टीम बनाकर निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देसन पर कार्य कर रही पुलिस की सयुक्त टीम ने घटना के 24 घण्टे के भीतर ही रहस्य से परदा हटाते हुए इस अंधे कत्ल के आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।घटना की वजह मृतक द्वारा आरोपी को और बिस्किट बीड़ी नशा सामग्री नही दिया जाना बताया जाता है और फिर आरोपी द्वारा दातुन काटने हेतु रखे हंसिया से घटना को अंजाम देने बताया गया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कल ही गोचरण उर्फ़ जवानी कोसले ग्राम कोनी बंजर को हिरासत में ले लिया था।

क्वॉरंटाइन सेंटर में गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों को मुआवजा दिलाने आगे आए भीम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष

देवभोग। मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत धारनीधोड़ा के क्वॉरंटाइन सेंटर में ओबीसी महिला भगवती की मौत हो जाने को लेकर भारतीय भीम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष टेकलाल प्रधान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपकर उचित मुआवजा देने के साथ परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग किया है यहां बताना लाजिमी होगा कि 14 मई को दूसरे राज्य से पलायन कर लौटी गर्भवती महिला भगवती यादव को धारनीधोडा के स्कूल में क्वॉरेंटाइन मैं रखा गया और उसी दिन 8 माह की गर्भवती महिला भगवती को शारीरिक परेशानी शुरू हो गया जिसे देख जिम्मेदारों ने आनन-फानन में गरियाबंद से रायपुर रेफर किया गया जहां ब्लड चढ़ाने के अलावा इलाज कर 28 मई को वापस क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखा गया जिसकी मौत अगले दिन सुबह ही हो गया मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती गई तभी भगवती को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा जबकि गर्भवती महिला की परिस्थिति को देखते प्रशासन द्वारा उक्त महिला के लिए रूटिंग चेकअप, इलाज सहित अन्य का पुख्ता इंतजाम किया जाना चाहिए था लेकिन किसी प्रकार की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाना जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़ा करता है इसलिए मामले को लेकर मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और मृतक के पति को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर भारतीय भीम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष टेकलाल प्रधान एसटी एससी संयुक्त मोर्चा की अध्यक्ष धनसिंह मरकाम कोषाध्यक्ष अरुण सोनवानी भविष्य प्रधान मिथिलेश ताँडिलय टीकम निषाद ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया ।

वेतन वृद्धि रोके जाने के विरोध में लिपिक संघ ने दिया ज्ञापन

भाटापारा। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा वेतन वृद्धि रोके जाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया जिसमें लिपिकों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा लिपिक संघ के संभाग अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया की वेतन वृद्धि किसी भी कर्मचारी का अधिकार है जिसे शासन द्वारा रोकने का आदेश जारी किया है जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है इसके साथ ही लिपिक संवर्ग बहुत ही कम वेतन में अपने काम काम को कुशलता पूर्वक संपादित करते हैं और कोरोना संक्रमण काल में भी अपने जान को जोखिम में डालकर लिपिक संवर्ग अपना काम कुशलता पूर्वक संपादित कर रहे हैं जिस पर शासन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए किंतु इसके बाद भी लिपिकों का वेतन वृद्धि व कर्मचारियों का वेतन वृद्धि रोका जा रहा है जो किसी भी दृष्टि में उचित नहीं है लिपिक संघ ने शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है की वेतन वृद्धि रोक के आदेश को तुरंत वापस लिया जाए लिपिक संघ के ज्ञापन सौंपने में के कार्यक्रम में जो लिपिक उपस्थित रहे उनके नाम निम्न है लिपिक संघ द्वारा यह ज्ञापन संभाग अध्यक्ष दीपक मिश्रा ,जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव ,प्रांतीय सचिव निरंजन बरिहा संभागीय उपाध्यक्ष एम आर ढीढी जिला सचिव वीरू कोसले,अमित वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया ।

बाढ़ आपदा से बचाव का नगर सेना ने किया पूर्वाभ्यास

भाटापारा। जिले की नगर सेना ईकाई ने आज बरसात में संभावित बाढ़ आपदा से बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास किया। जिला कमाण्डेण्ट श्री नागेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नगर सेना के जवानों ने पलारी के बालसमुन्द तालाब में पूर्वाभ्यास किया। जिले में महानदी, शिवनाथ, जोंक सहित अनेक नदियां प्रवाहित होती हैं। अति वृष्टि के हालात होने पर सैकड़ों लोग हर साल नदी की धारा के बीच फंस जाते हैं। नगर सेना के जवानों द्वारा उन्हें सकुशल बचाया जाता है। नगर सेना के जिला कमाण्डेण्ट श्री नागेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर सेना महानिदेशक के आदेशानुसार बचाव कार्य की रिहर्सल जिले में शुरू कर दी गई है। इस कड़ी में बालसमुंद तालाब में आयोजित प्रथम पूर्वाभ्यास में नगर सेना के 15 जवानों ने हिस्सा लिया। इसमें एक रबर बोट एवं ओबीएम मशीन युक्त एल्यूमिनीयम बोट के साथ मॉक ड्रिल किया गया। लगभग एक घण्टे भर तक जवानों विभिन्न प्रकार की कलाबाजियां दिखाते हुये मशीनों एंव उपकरणों का परीक्षण किया गया।

साल बीज पहली बार 15 सौ रुपए क्विंटल

■ उत्पादन 10000 टन पार करने की संभावना

भाटापारा। साल वृक्ष, इसे आदिवासियों का कल्पवृक्ष कहा जाता है। वजह यह कि इसका हर हिस्सा किसी ना किसी काम का होता है लेकिन इस बार साल बीज जो कीमत दे रहे हैं उससे संग्राहक हैरानी में है कि ऐसी कौन सी वजह है जो बीज के दाम इतने ज्यादा दिए जा रहे हैं। ताजा कीमत पहली बार इतनी तेजी लिए हुए हैं। इसमे धारणा आगे भी तेजी की ही है।

कोरोना काल के शुरुआती दिनों में पहले चरोटा बीज ने अच्छे भाव दिए। फिर बारी आई महुआ फूल की। यह रिकार्ड ऊंचाई पर चला गया। फिर लगा नंबर टोरी याने महुआ फल का। इसने भी अच्छी कीमत संग्राहको को दी। यह अभी भी जारी है। अंतिम दौर में पहुंच चुके महुआ डोरी संग्रहण के बाद अब साल बीज जिसे वनांचल में सरई बीज के नाम से जाना जाता है। इसके दाम वनोपज बाजार ने जो तय की है उसके बाद संग्राहक हैरान है पहली बार इसकी कीमत सुनकर क्योंकि अभी तक यह इतनी ऊंची कीमत पर कभी नहीं बिका। ताजा खरीदी 15 सौ से16 सौ रुपये क्विंटल पर की जा रही है। इसमें तेजी की संभावना प्रबल है क्योंकि मांग का दबाव खरीदार कंपनियों का लगातार बना हुआ है।

पहली बार 15 सौ रुपए

गरियाबंद और धमतरी जिले से निकल रहा साल बीज 15 सौ रुपए क्विंटल पर खरीदा जा रहा है। इस बार क्वालिटी अच्छी आने के बाद इसमें तेजी की प्रबल संभावना है। कुछ ही दूर बसे बस्तर का साल बीज भी इसी कीमत पर खरीदा जा रहा है। उत्पादन स्थिति को देखते हुए संभावना है कि इस बार इसकी मात्रा भी बढ़ सकती है। इसके पीछे वजह यह है कि उदंती अभयारण्य से भी अच्छे उत्पादन की खबर आ रही है।

बनता है कोको बटर

छत्तीसगढ़ और उड़ीसा ही दो ऐसे राज्य हैं जिनके पास साल के घने जंगल हैं और यह दोनों राज्य ही साल बीज का अंतर प्रांतीय कारोबार करते हैं और महाराष्ट्र देश का ऐसा राज्य है जहां की राजधानी मुंबई में चॉकलेट बनाने की इकाइयां सबसे ज्यादा संख्या में है। इन इकाइयों में बनने वाला कोको बटर और चॉकलेट के लिए अहम सामग्री साल बीज की खरीदी छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से ही की जाती है। इसके अलावा इसका तेल भी निकाला जाता है।

निधन

अंजनी कुमार सिन्हा

रायपुर। अंजनी कुमार सिन्हा, अपर संचालक (वित्त) का आकस्मिक निधन दिनांक 1.6.2020 को उनके निवास पर सुबह 4 बजे हृदयघात से हो गया है। वे राज्य वित्त संवर्ग में 1989 बैच को नियुक्त हुए थे तथा वर्तमान में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में अपर संचायक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे। वे अपने पीछे 1 पुत्र, 1 पुत्री एवं पत्नी छोड़ गए।

श्री सिन्हां अत्यंत ही मृदुभाषी, विनम्र व राज्य वित्त सेवा संवर्ग अधिकारियों में लोकप्रिय अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। राज्य वित्त सेवा संवर्ग के अधिकारियों द्वारा उनके आकस्मिक निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया गया।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 1 साल पूरे होने पर धरमलाल कौशिक ने खींचा उपलब्धियों का खाका, कहा कोरोना से निपटने केंद्र ने लिए ऐतिहासिक फैसले, मगर राज्य सरकार रही नाकाम

बिलासपुर । केंद्र में मोदी सरकार के 6 साल पूरे होने के बाद सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नेता धरमलाल कौशिक पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने एक तरफ जहां 1 साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया तो वही राज्य सरकार की नाकामियों के लिए उन्हें आड़े हाथों भी लिया

केंद्र में भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर अब तक की उपलब्धियों की जानकारी देने सोमवार को प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता धरमलाल कौशिक पत्रकारों से रूबरू हुए। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान श्री कौशिक ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने सफलतम 6 वर्ष पूरे किए हैं ।इस दौरान देश में ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। एक तरफ राम मंदिर, धारा 370, ट्रिपल तलाक सीएए जैसे फैसले शामिल है तो वही आम जनों के हित के लिए भी मोदी सरकार ने हर संभव प्रयास किया है। मनरेगा में भी सर्वाधिक कार्य मजदूरों को मिला है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को लाभ दिया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर को बिना गारंटी के लोन दिया गया है केंद्र की मोदी सरकार मेक इंडिया के साथ आत्मनिर्भर भारत पर भी जोर दे रही है जिसके लिए 20 लाख करोड़ के भारी-भरकम पैकेज का ऐलान किया गया है

केंद्र की सरकार ने हर क्षेत्र में लाभ पहुंचाने के लिए पैकेज जारी किए हैं। जो लोग सड़कों पर ठेले लगाते हैं ऐसे लोगों को भी 3000 पेंशन के तौर पर केंद्र सरकार देगी। संचार क्रांति की दिशा में भी अभूतपूर्व फैसले लिए गए हैं। ग्रामीण अंचलों में इंटरनेट पर पूरा जोर है। श्रमिकों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए इस विषम परिस्थिति में भी सरकार ने 3840 ट्रेनें चलाई है, जिससे 52 लाख मजदूर अपने घर वापस पहुंचे हैं।। कोरोना जांच के लिए 610 प्रयोगशाला बनाई गई है। अगर केंद्र में मोदी की सरकार नहीं होती तो देश की स्थिति भी भयावह हो सकती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ही भारत आज सुरक्षित है। आज भारत में मौत का आंकड़ा 2.87त ही है जो अन्य कई देशों से कम है। भारत अब पीपीई कीट और मास्क का निर्माण भी स्वयं कर रहा है। वैश्विक संकट कोरोना से सभी देश घुटने टेक चुके हैं लेकिन भारत को पूरा भरोसा है कि मोदी सरकार की कार्य योजना के कारण यहां की अर्थव्यवस्था आने वाले दिनों में मजबूत होगी।

धरमलाल कौशिक ने दूसरे कार्यकाल के 1 साल को ऐतिहासिक और निर्णायक बताया है। धरमलाल कौशिक ने इस मौके पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी असफलता के कारण और एंटी सेंटर बदहाल है केंद्र ने पंचायतों को राशि उपलब्ध कराई थी लेकिन राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को पर्याप्त राशि नहीं दी जा रही जिस कारण मजदूरों को किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही कोरोना के मुद्दे पर भी उन्होंने कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया है

मोदी सरकार 2.0 में लिए गए फैसले भविष्य में निर्णायक साबित हो सकते हैं लेकिन इसी दौरान कोरोना संकट आ जाने से योजनाएं अधर में लटक गई और भारत भी ठहर सा गया है इसलिए आने वाले दिनों में चुनौतियां और भी बड़ी होंगी ।शायद यही कारण है कि देश भर में भारतीय जनता पार्टी के नेता इसी तरह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात जनता तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

लॉकडाउन के नियमों से राहत मिली तो मई में दोगुनी हो गई ईंधन की बिक्री

नई दिल्ली। लॉकडाउन के नियमों से राहत मिलते ही देश में ईंधन की मांग बढ़ने लगी है। मई में इसकी बिक्री अप्रैल के मुकाबले करीब दोगुनी रही फिर भी साल भर पहले की तुलना में एक तिहाई से अधिक कम थी। सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विपणन कंपनियों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार सालाना आधार पर मई में पेट्रोल की बिक्री 36.5 प्रतिशत घटकर 15.9 लाख टन रही। जबकि अप्रैल की तुलना में यह काफी बढ़ गयी। अप्रैल में देशभर में 9,73,000 टन पेट्रोल की बिक्री हुई थी जो अप्रैल 2019 के मुकाबले 61 प्रतिशत कम थी।

2019 की तुलना मे 31त्न गिरी डिजल की बिक्री

इसी तरह डीजल की बिक्री सालाना आधार पर मई में 31 प्रतिशत गिरकर 48.1 लाख टन रही। जबकि अप्रैल में देशभर में 32.5 लाख टन डीजल बिका था। यह अप्रैल 2019 की तुलना में 56.5 प्रतिशत कम थी। सालना आधार पर विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री भी मई में 85 प्रतिशत गिरकर सिर्फ9,600 टन रही।

पेट्रोल और डीजल की मांग में इजाफा

सरकार ने देशभर में लॉकडाउन के पांचवें चरण को लागू किया है जो 30 जून तक रहेगा, लेकिन इसी के साथ देश के आर्थिक क्षेत्रों को फिर खोलने का काम भी एक जून से शुरू हो गया है। इसके पहले चरण को 'अनलॉक 1.0 नाम दिया गया है। लॉकडाउन के चौथे चरण के दौरान मई में विभिन्न तरह की राहत देने से देश में पेट्रोल और डीजल की मांग में इजाफा देखा गया।

घरेलू रसोई गैस की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी

लॉकडाउन के दौरान जिस ईंधन की मांग में लगातार इजाफा देखा गया, वह घरेलू रसोई गैस है। सरकार के गरीबों को मुफ्त गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के प्रयासों की बदौलत मई में रसोई गैस का उपभोग सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 23 लाख टन रहा। इसी तरह अप्रैल में भी गैस का उपभोग सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 21.3 लाख टन था। यह आंकड़े सिर्फसरकारी कंपनियों के बिक्री आंकड़ों पर आधारित हैं। पूरे ईंधन उद्योग के आंकड़े अगले हफ्ते तक जारी होने की उम्मीद है।

यह अप्रैल 2019 की तुलना में 56.5 प्रतिशत कम थी। सालना आधार पर विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री भी मई में 85 प्रतिशत गिरकर सिर्फ9,600 टन रही। इसके पहले चरण को 'अनलॉक 1.0 नाम दिया गया है। लॉकडाउन के चौथे चरण के दौरान मई में विभिन्न तरह की राहत देने से देश में पेट्रोल और डीजल की मांग में इजाफा देखा गया।

न्यूज गैलरी

लॉकडाउन में 14.16 प्रतिशत घट गई बिजली खपत

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए जारी 'लॉकडाउन (बंद) के कारण मांग कम होने से देश में बिजली की खपत मई महीने में 14.16 प्रतिशत घटकर 103.02 अरब यूनिट रही। एक साल पहले इसी महीने में यह 120.02 अरब यूनिट थी। हालांकि मई महीने में बिजली की खपत अप्रैल की तुलना में बढ़ी है। अप्रैल महीने में इसमें 22.65 प्रतिशत की कमी आयी थी। कोरोना वायरस महामारी और देशव्यापी बंद के कारण पूरे अप्रैल महीने में बिजली की मांग कम रही थी। मई का आंकड़ा बताता है कि सरकार की आर्थिक गतिविधियों की मंजूरी और पारा 45 डिग्री से ऊपर पहुंचने से बिजली खपत सुधरी है। बिजली मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार पिछले महीने कुल बिजली खपत 103.02 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी माह में 120.02 अरब यूनिट थी। आंकड़े के अनुसार अप्रैल में बिजली खपत 22.65 प्रतिशत घटकर 85.16 अरब यूनिट रही थी जो एक साल पहले 2019 के इसी माह में 110.11 अरब यूनिट थी। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी को फैलने से रोकने के लिये 25 मार्च से देशव्यापी बंद की घोषणा की थी। इसके कारण अप्रैल के साथ मई में वाणिज्यिक और औद्योगिक मांग कम रही।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 15 साल की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन की भारी मार देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर पड़ी है। इस साल अप्रैल की तुलना में मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्पादन और नए ऑर्डरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। यही नहीं इस महीने कंपनियों ने ऐतिहासिक स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की। आईएचएस मार्किट द्वारा आज यहां विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की रिपोर्ट जारी की गई। माह-दर-माह आधार पर जारी होने वाला सूचकांक मई में 30.8 दर्ज किया गया।

मारुति, महिंद्रा, हुंडई समेत ऑटो कंपनियों सेल पर लॉकडाउन की मार

मई में 86 फीसद तक गिर गई बिक्री, मई में 86 फीसद तक गिर गई बिक्री

नई दिल्ली। वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने सोमवार को कहा कि मई महीने में उसकी बिक्री 86.23 प्रतिशत घटकर 18,539 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,34,641 वाहन बेचे थे। वहीं हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की बिक्री में 78.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एमएसआई के अनुसार उसकी घरेलू बिक्री मई में 88.93 प्रतिशत घटकर 13,888 इकाई रही जो पिछले साल इसी महीने में 1,25,552 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने में 4,651 वाहनों का निर्यात किया जो मई 2019 के 9,089 इकाइयों के मुकाबले 48.82 प्रतिशत कम है। वाहन कंपनी ने कहा कि उसने 'लॉकडाउन के बाद सरकार के नियमों एवं दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए 12 मई से मानेसर कारखाने में और 18 मई से गुड़गांव संयंत्र में विनिर्माण कार्य शुरू कर दिया। सुजुकी मोटर गुजरात में भी उत्पादन 25 मई से शुरू हो गया है। कंपनी अनुबंध आधार पर मारुति सुजुकी के लिये कार बनाती है। एमएसआई ने कहा कि केंद्र और राज्यों क दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी के शोरूम भी खुलने शुरू हो चुके हैं।

एमजी मोटर इंडिया ने मई में कुल 710 कारों की बिक्री की। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये लॉकडाउन के चलते उसकी आपूर्ति व्यवस्था बाधित है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसने अपने हलोल संयंत्र में करीब 30 प्रतिशत क्षमता के साथ उत्पादन फिर शुरू कर दिया है। कंपनी के देशभर में करीब 65 शोरूम फिर खुल चुके हैं।

आत्म निर्भर पैकेज पर कैबिनेट की मुहर

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से लड़खड़ाई देश की अर्थव्यवस्था से सबसे अधिक प्रभावित रेहड़ी-पटरी पर काम करने वालों (स्ट्रीट वेंडर्स) को अब पीएम स्व निधि स्कीम के तहत 10 हजार का कर्ज दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने नई दिल्ली में सोमवार (1 जून) आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार (1 जून) को हुई केंद्रीय कैबिनट की बैठक में 'आत्मनिर्भर भारत योजना' को मंजूरी दे दी गई।

यूनियन कैबिनेट की मीटिंग के बारे में जानकारी देते हुए प्रकाश जावड़ेकर ने कहा, ÷आज प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक हुई, दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक थी, जिसमें कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए, जिससे किसानों, रूस्स्थ्रह्य (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) और रेहड़ी पटरी वालों पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। जावड़ेकर ने कहा कि किसानों की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कुल लागत का डेढ़ गुना ज्यादा रखने का वादा सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा, ÷खरीफ फसल 20-21 के 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी कर दिया गया है। इन 14 फसलों पर किसानों को लागत का 50-83त्न तक ज्यादा दाम हासिल होगा।

सेंसेक्स में 879 अंकों की छलांग के साथ शेयर बाजार बंद

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में तेजी, दक्षिण पश्चिम मॉनसून के केरल में दस्तक देने और कारोबारी गतिविधिां धीरे-धीरे खुलने से आज शेयर बाजार में जबर्दस्त रौनक रही। लीवाली के दम पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 879.42 अंकों की छलांग के साथ 33,303.52 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं अनलॉक के पहले दिन निफ्टी भी 245.85 अंकों की बढ़त के साथ के स्तर पर 9,826.15 लॉक हुआ। सेंसेक्स आज दिन के उच्च स्तर 33,673.83 को छूकर लौटा तो वहीं निफ्टी भी 9,931.60 के स्तर तक पहुंचा। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो आज सभी सेक्टरों तेजी रही। मेटल सेक्टर में जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स अपने ऊपरी स्तर से अब करीब 300 अंक फिसल चुका है। बाजार में तेजी कायम है और सेंसेक्स 927.71 अंक ऊपर 33,351.81 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी अब 9900 के नीचे आ गया है। निफ्टी अब 260.75 (2.72त्न) के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एक समय यह दिन के उच्चतम स्तर 9,931.60 पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में रैली जारी है। सेंसेक्स 1184.14 अंक यानी 3.65त्न उछल कर 33,608.24 के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं निफ्टी भी 333.45 (3.48त्न) अंकों की छलांग लगाते हुए 9,913.75 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी टॉप गेनर की लिस्ट में 11.05 फीसद की उछाल के साथ बजाज फाइनेंस पहले नंबर पर है। वहीं बजाज फाइनेंस सर्विस 9.17 फीसद चढ़कर दूसरे नंबर पर है।

डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे मजबूत

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया प्रारंभिक आंकड़ों के हिसाब से आठ पैसे मजबूत होकर 75.54 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने की सरकार की योजना से धारणा को बल मिला है। बाजार सूत्रों के अनुसार विदेशी निधियों का निवेश में तेजी आने, अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख से भी निवेशकों का विश्वास बढ़ा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 75.32 पर खुला। बाद में यह कुछ टूटा पर कारोबार के अंत में आठ पैसे की तेजी के साथ 75.54 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 75.62 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान रुपया ऊंचे में 75.29 और नीचे में 75.60 तक गया।

'कुवेरा. इन' द्वारा सिक्योरिटीज़ के सामने ऋण की शुरुआत

आपके निवेश को रोके बिना तुरंत पैसा उपलब्ध कराने की सुविधा

मुंबई। भारत के सबसे तेज़ी से आगे बढ़ रहे निवेश प्लेटफार्म ' कुवेरा. इन ने सोमवार को प्रतिभूतियों (सिक्योरिटीज) के सामने ऋण की शुरुआत करके निवेश की वर्तमान सुविधाओं की श्रृंखला में नयी वृद्धि की है। इस नयी सुविधा से किसी व्यक्ति को उसके द्वारा खरीदे गए म्युचअल फंड्स के सामने तुरंत पैसा उपलब्ध हो सकेगा। यह सुविधा किसी भी प्रकार के म्युचअल फंड्स पर मिलेगी भले ही वे अनेक प्लेटफॉर्म्स से सम्बंधित हों, नियमित या प्रत्यक्ष हों, ऑफलाइन या ऑनलाइन हों। उन फंड्स पर कम ब्याज दरों पर अधिकतम ऋण मिल सकेगा चाहे वे फंड्स किसी से भी खरीदे गए हों या उनका प्रबंधन वर्तमान में कोई भी कर रहा हो। प्रतिभूतियों के सामने ऋण में आप कुवेरा. इन पर मात्र कुछ क्लिक्स के द्वारा अपने म्युचअल फंड्स की मार्केट वैल्यू की 80 प्रतिशत तक की राशि ऋण के रूप में ले सकते हैं। यह सारी प्रक्रिया 3 मिनट से भी कम समय में डिजिटली पूरी हो जाती है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400514

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राजेन्द्र कुमार देवांगन आ. स्व. लखनलाल देवांगन निवासी कोष्ठापारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 329/13 रकबा 0.014 हें/ अर्थात.. वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400490

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष कुमार यादव आ. श्री मतवाली राम निवासी केलाबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 360/15 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2200 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400087

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती विमला प्रिया आ. श्री एल वेंकट रमन राव निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 825/9 रकबा 0.002 हें/ अर्थात 2000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400517

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दिनेश कुमार आ. दयाशंकर साहू निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 719/10 रकबा 0.02 हें/ अर्थात 1980 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400516

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती संजू देवी पति देवीदीन गाडे निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 775/2 रकबा 0.08 हें/ अर्थात 2000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400491

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पुनाराम टंडन आ. स्व. श्री मंगतूराम टंडन निवासी ई पाकेट भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 381/6 रकबा 0.03 हें/ अर्थात 3200 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400229

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रंजना सिंह पति श्री कौशलेन्द्र सिंह निवासी विराट नगर बोरसी द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 275/133 रकबा 0.013 हें/ अर्थात 1400 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बिजू पुरुषन आ. वी.एस. पुरुषन साकिन रिसाली दुर्ग द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 741/11 रकबा 0.025 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से श्रीमती अंजूराम ध.प. एस.एल. राज से क्रय किया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 18.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुरया पति दिनकर राव हिरवरकर निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 57/175 रकबा 1500 वर्गफीट हे. दिनकर राव हिरवरकर के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 19.06.2014 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 17.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./944/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद साहू अन्य 1 पिता स्व. बृजलाल साहू निवासी ग्राम पचरीपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1082/1 का टुकड़ा रकबा 0.03 डिसमिल भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता हेमबती बाई साहू पति बृजलाल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 14.06.1911 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400515

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सविता देवांगन पति राजेन्द्र कुमार देवांगन निवासी कोष्ठापारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 329/14 रकबा 0.014 हें/ अर्थात.. वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग- भानुप्रतापपुर

बेरोजगार इंजीनियरों के लिए निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2281/NIT-2/2020-2021/ व ले लि — दिनांक : 29/05/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 18/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 19/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOf Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी(रु.में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
2 T0014	अंतागढ़ विकासखण्ड के कोदागांव गोइरी एवं तालाबेड़ा में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	18.00 0.00 0.00	Aa	UED	06 माह वर्षाऋतु सहित
2 T0015	जिला कांकेर के तहसील अंतागढ़ के बेलौडी उसेली टिमनार एवं मातला में पटवारी सह आवास भवन का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	24.25 0.00 0.00	Aa	UED	08 माह वर्षाऋतु सहित
2 T0016	जिला कांकेर के तहसील अंतागढ़ के मासबरस एवं बड़ेतोपाल में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	12.12 0.00 0.00	Aa	RJM	05 माह वर्षाऋतु सहित
2 T0017	जिला कांकेर के तहसील पखांजूर के केसेकोड़ी में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	6.06 0.00 0.00	Aa	RJM	08 माह वर्षाऋतु सहित
2 T0018	CONSTRUCTION OF UNCOMPLETED THANA BUILDING AT KOYALIBEDA प्रथम आमंत्रण	24.25 0.00 0.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	08 माह वर्षाऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी- 81167/3

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग- भानुप्रतापपुर

जिला अस्पताल से रेफर किए गए मरीज की मौत, मचा हड़कंप

कोरबा (नव प्रदेश)। बुधवारी बाजार क्षेत्र में रहने वाले एक नागरिक की मौत को लेकर मिनीमाता कॉलेज और जिला अस्पताल में हडकंप मच गई। जानकारी छुपाकर परिजन उसे अस्पताल में भर्ती कराने में सफल हो गए थे। उसकी स्थिति बिगडने पर जिला अस्पताल से बिलासपुर के लिए रेफर किया गया था। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। खबर के अनुसार बुधवारी कोरबा में निवास करने वाले बसीरखान की मौत हो गई। कुछ दिन पहले उसकी वापसी अन्य प्रदेश से हुई थी। कोविड-19 संबंधित प्रोटोकॉल के हिसाब से प्रशासन ने उसे घर भेजने के बजाए मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज परिसर में बनाए गए सेंटर में क्वारेंटाईन किया था। बताया गया कि पिछली रात इस व्यक्ति की तबियत अचानक बिगड़ गई। जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और एक वाहन के जरिये उसे जिला अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सकों से यह जानकारी छिपायी कि पीड़ित को क्वारेंटाईन किया गया था और सामान्य रूप से बीमार होने की बात बताते हुए भर्ती कराने में सफलता प्राप्त कर ली थी। कुछ ही घंटे बाद उसकी स्थिति बिगड़ गई। जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने पीड़ित को यहां से डिस्चार्ज करते हुए बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया। मामला तब बिगड़ा जब रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। यह सूचना यहां मिलने के बाद जिला अस्पताल के साथ-साथ क्वारेंटाईन सेंटर में हडक़ंप मच गई।

> वार्ड को सेनेटाईज्ड कराया गया है। पीड़ित की स्थिति बिगडने पर उसे बिलासपुर रेफर किया गया था। रास्ते में उसकी मौत हुई है। उसकी बॉडी फिलहाल यहां है। जिस वार्ड में मरीज को रखा गया था, उसे सेनेटाईज्ड कराया गया है। अन्य कोई बदलाव नहीं किए गए हैं। संबंधित का सेम्पल 23 मई को भिजवाया गया था। रिपोर्ट अभी नहीं पहुंची है। रिपोर्ट मिलने के अनुसार आगे प्रक्रियाएं संपादित की जाएगी।
>
> **डॉ. अरूण तिवारी, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल**

दस हजार गरीब आदिवासी परिवार हुए तेन्दूपत्ता सीजन में मजदूरी से वंचित

■ अधिकारी कह रहे हैं संवेदनशील क्षेत्र होने नहीं हुई तेन्दूपत्ता तोड़ाई

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बेहतरीन क्वालिटी और उच्च मुनाफे के लिए विख्यात हरा सोना न केवल तेन्दूपत्ता श्रमिकों को बल्कि इसके संग्रहण से गोदामों तक मे पहुंचने तक कि प्रक्रिया में लगे लोगों, स्थानीय ट्रेक्टर मालिकों, बैलगाड़ी मालिकों तक को एक अच्छा आय दे जाता है पर इस अल्पकालिक रोजगार के अवसर से बीजापुर के करीब दस हजार परिवार सहित सैकड़ों लोगों को वंचित होना पड़ा है।

समितियां खरीदने को तैयार नहीं

पी एन आर नायडू उपवनमंडलाधिकारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को रोकने लिए गए लॉक डाउन के चलते खरीददार नहीं पहुंचे जिससे 9 लाट की बिक्री नहीं होने के कारण कुछ समितियों में खरीदी नहीं हो पाई है। ज्यादातर समितियों ने संवेदनशीलता का हवाला दिया है। करीब दस हजार तेन्दूपत्ता श्रमिक परिवार संग्रहण से चूक गए हैं।

लक्ष्य के करीब पहुँची खरीदी

वन मंडलाधिकारी डी के साहू ने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य के करीब पहुंच गई है तथा आज की स्थिति तक उन्यासी हजार 9 सौ बावन मानक बोरा संग्रह हो गया है तथा इसका भुगतान 31 करोड़ 98 लाख रुपए है। पारिश्रमिक खातों के माध्यम से भुगतान के निर्देश हैं ताकि सही भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

नगद भुगतान की मांग तेज

सर्व आदिवासी समाज प्रमुख अशोक तलांडी कहते हैं की बीजापुर जिले में करीब 65 हजार तेन्दूपत्ता श्रमिको के भुगतान के लिए मात्र 10 बैंक हैं इसके साथ ही सभी परिवारों का बैंक में खाता होना भी जरूरी है। नक्सल दबाव और दूरस्थ वन में गांवों की बसाहट के बाद सीजन में मिलने वाले अल्प कालिक रोजगार मात्र के लिये खाते की अनिवार्यता हास्यास्पद है। चेक के माध्यम से राशि पाने बैंकों के सामने कड़ी धूप में लंबी लाइन लगवाने से कोरोना संक्रमण को रोकने जारी गाइडलाइंस का उलंघन होगा। तेन्दूपत्ता श्रमिकों को नगद भुगतान किया जाए। अशोक ने बताया की विभिन्न स्थानों से ग्राम पंचायतों द्वारा इस आशय की मांग भी प्रशासन को प्रेषित की है।

माटवाड़ा एलओएस की सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

बीजापुर। माओवाद विरोधी अभियान के तहत थाना भैरमगढ़ से जिला बल, डीआरजी की पार्टी ग्राम हिंगुम, इदेर की ओर गश्त सर्चिंग पर रवाना हुये थे। पुलिस पार्टी द्वारा गश्त सर्चिंग के दौरान हिंगुम के जंगल मे संदिग्ध अवस्था में भागते हुये एक महिला एवं एक पुरूष को धेराबंदी कर पकड़ा गया व उनसे पुछताछ करने पर उनकी पहचान माओवाद संगठन में मंगलू फरसा पिता पोदिया साकिन हिंगुम थाना जांगला जिला बीजापुर। वर्तमान में इदेर जनताना सरकार आरपीसी का अध्यक्ष एवं (2) कोपे फरसा पिता रेंका साकिन हिंगुम थाना जांगला जिला बीजापुर वर्तमान में माटवाड़ा एलओएस के सक्रिय सदस्य के रूप में हुई। जिनके विरूद्ध थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध है एवं स्थाई वारंट लंबित होना पाया गया। मंगलू फरसा पिता पोदिया उम्र 30 वर्ष साकिन हिंगुम थाना जांगला इदेर जनताना सरकार आरपीसी अध्यक्ष है जिसके अन्तर्गत ग्राम इदेर, हिंगुम, आंदवाड़ा, जारामोंगिया, जपेली ग्राम आते है। माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर रमेश द्वारा जनताना सरकार आरपीसी सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था। माओवादी संगठन में सात्रिय रहते हुये विभिन्न घटना जिसमें मंगलू फरसा शामिल था।

सड़क न होने के कारण खाट से मरीज को उठाकर एंबुलेंस तक लाना पड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिले के भैरमगढ ब्लॉक में बीते 30 मई टिंडोरी गांव से आज फिर एक ऐसा ही केस सामने आया की जहां सड़क ना होने के कारण खाट के माध्यम से कुछ दूर उठाकर लाना पड़ा इससे पहले भी कुछ इस तरह सुखो पोयाम को खाट से उठाकर लाया गया है। बीते 1:45 बजे रात को बेहोश हो गई सरिता की हालत को देखकर तुरंत 108 सीएचसी अस्पताल भैरमगढ़ लोकेशन को सौपा गया। 108 की टीम पायलट रमेश कुमार ई.एम.टी.शिवा तोगर ने तुरंत टिंडोढी 10 मीटर दूर की रास्ता तयकर पहुंच के देखा तो सड़क आगे न होने के कारण 108 गाड़ी को मजबूरन रोकना पड़ा टीम मरीज के परिजनों से बात कर उस मरीज के घर तक डेढ़ किमी दूर पैदल पायलट व ईएमटी जहा पहुंचे और उस मरीज को खाट से उठाकर डेट किमी 108 तक पायलट रमेश कुमार व ईएमटी शिवा लेकर एम्बुलेंस तक पहुंचे 108 की मदद से उसे बेहतर इलाज के लिए भैरमगढ़ हॉस्पिटल तक लाया गया।

जिले में आज कोरोना के 12 पॉजिटिव मरीज मिलें

महासमुंद। जिले में आज कोरोना के 12 धनात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने जांच के बाद मामले के धनात्मक रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी है। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी इसकी पुष्टि की हैं। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार बसना विकासखण्ड के ग्राम संतपाली में एक और बरतियाभाटा में एक, सरायपाली के ग्राम तोषगॉव में 03 व्यक्ति, बागबाहरा के मुड़पार में 04 एवं भदरसी में 01 व्यक्ति, नगर पालिका बागबाहरा में 01 और महासमुंद नगर पालिका परिषद् में 01 व्यक्ति संक्रमित पाया गया हैं। इन सभी व्यक्तियों को क्वारेंटाईन सेंटर में ही रह रहे थे।

11 पुरूष एवं 1 महिला कोरोना से संक्रमित

जिले में आज कोरोना के 12 धनात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने जांच के बाद मामले के धनात्मक रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी है। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी इसकी पुष्टि की हैं। इनमें 11 पुरूष एवं एक महिला शामिल हैं। जो अन्य प्रान्तों से आए हैं। इनमें से 05 मुम्बई (महाराष्ट्र), 02 त्रिपुर (तमिलनाडु), 02 ओड़िशा, 01 मथुरा (उत्तरप्रदेश) और 01 व्यक्ति गरियाबंद छत्तीसगढ़ से आए थे। इन सभी को क्वारेंटाईन सेंटर पर रखा गया था। प्रकरण की पुष्टि होने पर तत्काल इन सभी को रायपुर भेजा जा रहा हैं।

जून के अंतिम सप्ताह में होगी स्थिति की समीक्षा फिर लिया जाएगा निर्णय : प्रेमसाय सिंह

■ एक जुलाई से स्कूल खुलने को लेकर संशय जारी

रायपुर। राज्य में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमित मरीजों के बीच एक जुलाई से स्कूल खुलने को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री का एक बड़ा बयान सामने आ रहा है। बताया जाता है कि जून के अंतिम सप्ताह में स्थिति की समीक्षा होगी और इसके बाद ही स्कूल को खोलने अथवा बंद रखने पर विचार होगा। सूत्रों ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह का बयान आ रहा है, जिसमें उन्होंने 01 जुलाई से ही स्कूल खोले जाने संबंधी बयान को गलत बताते हुए कहा कि जून के अंतिम सप्ताह में प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। परिस्थितियां सामान्य व अनुकूल रहने पर ही स्कूल खोलने पर विचार होगा। इसके पूर्व सभी वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श होगा तथा मुख्यमंत्री से भी इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी। राज्य में यदि संक्रमण की रफ्तार कम होती है, स्थितियां अनुकूल रहती हैं तभी 01 जुलाई से स्कूल खोला जा सकता है अन्यथा नहीं। स्कूल खुलने पर भी पहले मीडिल क्लास को खोलने तथा कक्षाएं अलग-अलग पालियों में संचालित किए जाने पर विचार हो सकता है।

धान के समर्थन मूल्य में सिर्फ 53 रू. वृद्धि पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया

भाजपा का धान विरोधी, किसान विरोधी, छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र फिर से उजागर

रायपुर। धान के समर्थन मूल्य में सिर्फ 53 रू. प्रति क्विंटल की वृद्धि को अपर्याप्त ठहराते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा बतायें कि लोकसभा चुनावों में किये गये किसानों की आय दुगुनी करने का वादा भाजपा कब निभायेगा। 53 रू. की वृद्धि से तो किसानों की आय दुगुनी होने वाली नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार मोदी सरकार के किसान विरोधी रवैये से अप्रभावित रहेगी। किसानों को भूपेश बघेल की सरकार 2500 रू. प्रति क्विंटल देना जारी रहेगी। पिछले साल ही केन्द्र सरकार के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग ने धान का लागत मूल्य प्रति क्विंटल 1484 रू. तय किया था, जिसमें बीज, खाद,

मजदूरी सहित सभी कृषि आदानो की लागत को जोड़ा गया है। भाजपा बार-बार स्वामिनाथन कमेटी के सिफारिशों को लागू करने की बात करती है लेकिन इसे लागू करने का साहस भाजपा की केन्द्र सरकार में है ही नहीं। किसान समर्थक कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ में जरूर यह कर दिखाया है।

श्री त्रिवेदी ने पूछा है कि मोदी सरकार ने धान के लागत मूल्य पर 50 प्रतिशत अधिक दाम देने का वादा क्यों नहीं निभाया? अगर भाजपा वाकई में किसान हितेषी होती तो 2014 के लोकसभा चुनाव में स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने का वादा निभाती। किसानों को धान के लागत मूल्य पर 50 प्रतिशत अधिक दाम देने का वादा नहीं निभाने का कारण मोदी सरकार और भाजपा किसानों को, प्रदेश और देश की जनता को बतायें? कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को उनकी फसल की लागत मूल्य पर 50 प्रतिशत लाभ देने का साहस दिखाएं जैसा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल की सरकार कर रही है। धान का 300 रू. बोनस 5 साल देने का संकल्प तक तो जिस भाजपा ने नहीं निभाया, उस भाजपा से किसानों के भले की उम्मीद कभी नहीं की जा सकती है।

विधायन शोध एवं संदर्भ के लिए भी लाभदायक हो : डॉ. महंत

■ विधान सभा में छत्तीसगढ़ विधान सभा की शोध पत्रिका विधायन संपादक मण्डल की प्रथम बैठक संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर स्थित विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के कक्ष में आज नव गठित छत्तीसगढ़ विधान सभा की शोध पत्रिका विधायन' के लिए गठित संपादक मण्डल की प्रथम बैठक विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में संपन्न हुई । समिति की प्रथम बैठक में शोध पत्रिका विधायन के संपादक मण्डल के कार्यकारी संपादक सतीश जायसवाल, संपादक मण्डल के सदस्यगण मोहम्मद हसन खान, सु शोभा यादव, शंकर पाण्डेय, प्रेम पाठक, श्रीमती प्रियंका कौशल एवं विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े उपस्थित थे ।

इस अवसर अपने उद्बोधन में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि-विधायन छत्तीसगढ़ विधान सभा की त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली शोध पत्रिका है। इसमें प्रकाशित होने वाले लेख न केवल स्तरीय हो वरन् संदर्भ एवं शोध करने वाले छात्रों के लिए लाभदायक भी हो यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है । उन्होने बताया कि विधायन का आगामी अंक पर्यावरण पर केन्द्रित होगा । वर्तमान समय में विश्वव्यापी महामारी कोराना ने पूरे विश्व को झकझोर दिया है । ये संकट प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ मानव द्वारा लंबे समय तक की जाने वाली लापरवाही एवं छेडछाड का परिणाम है । इसलिए इस अंक में पर्यावरण, प्रदूषण, ओजोन परत एवं ग्रीन बेल्ट जैसे विषयों पर उच्च-स्तरीय लेख पत्रिका के आगामी अंक में प्रकाशित किये जाने चाहिए । उन्होने संपादक मण्डल के सदस्यों को पत्रिका को बेहतर बनाने के लिए कुछ सुझाव भी दिये । उन्होने कहा कि-छत्तीसगढ़ विधान सभा का पुस्तकालय समृद्ध है लेकिन हमें यह प्रयास करना है कि छत्तीसगढ़ विधान सभा का पुस्तकालय देश के चुनिंदा पुस्तकालयों में सम्मिलित हो । उन्होने संपादक मण्डल के कार्यकारी संपादक एवं सदस्यों से यह अपेक्षा की संपादक मण्डल के सदस्य अपने ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग करते हुए इस पत्रिका को एक ऐसा स्वरूप प्रदान करे कि आगामी सत्रों में जब सदन में पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो तो विधायक गण इस शोध पत्रिका को संदर्भ के रूप में उल्लेखित करें । उन्होने कहा कि-यह पत्रिका देश के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में पहुंचे जिससे कि शोध करने वाले छात्र इसका लाभ ले सकें । उन्होने संपादक मण्डल के सदस्यों से यह अपेक्षा की कि अधिक से अधिक बैठकें कर पत्रिका के प्रकाशन को नियमित स्वरूप प्रदान करते हुए प्रदेश एवं देश स्तर पर पहुंचाने का प्रयास करें ।

राज्य में अभी पूर्ण छूट नहीं

सामान्य प्रशासन विभाग ने किया स्पष्ट

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने फिर से दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। इसके तहत राज्य में लॉकडाउन में धीरे-धीरे और चरणबद्ध ढंग से छूट दी जाएगी।

सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार स्पष्ट किया गया है कि व्यक्तियों के अंतर्राज्यीय परिवहन के बारे में प्रतिबंध पूर्व अनुसार जारी रहेगा। इस संबंध में ई-पास के माध्यम से अनुमति प्राप्त होने पर ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी। साथ ही अंतर जिला आवागमन के लिए भी नियमानुसार ई-पास के माध्यम से अनुमति प्राप्त करना जरूरी होगा।

सरकार के निर्देश के अनुसार राज्य के सार्वजनिक पार्क, स्पोर्टस कॉम्लेक्स और सभी तरह के स्टेडियम को 07 जून तक बंद रहेंगे। वहीं बस सेवा के लिए अगल से आदेश जारी किया जाएगा। जारी निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए इन निर्देशों में कड़ाई की जा सकती है, लेकिन किसी प्रकार की ढील दिए जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रदेश में चिन्हित कंटेनमेंट जोन में केवल अत्यावश्यक सेवाओं की अनुमति होगी, बाकि किसी चीजों पर पहले की तरह नियम लागू रहेंगे। राज्य में रेस्टोरेंट, होटल, बार और क्लब 7 जून तक बंद रहेंगे। राज्य शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग निर्देश के मुताबिक कोविड-19 के संक्रमण से लोगों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी रेस्टोरेंट, होटल बारों और सभी एफ एल 4/4 क्लब के बार रूम, स्टॉक रूम तथा क्लब में स्थित बार को आगामी 7 जून तक बंद रखा जाएगा।

लंबे अंतराल के बाद रायगढ़ से चली जनशताब्दी एक्स.

■ यात्रियों ने कहा, सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से हो पालन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण के खतरे के बीच चल रहे लॉकडाउन में मिली राहत के बाद आज लंबे समय के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन में पहली यात्री ट्रेन के रूप में जनशताब्दी एक्सप्रेस पहुंची। इस ट्रेन में बड़ी संख्या में रायगढ़ की ओर से सैकड़ों यात्री राजधानी रायपुर पहुंचे हैं।

आज 01 जून से कुछ चुनिंदा यात्री ट्रेन सेवा पुनः शुरू हो गई है। इसी क्रम में रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस आज सुबह अपने निर्धारित समय पर रायगढ़ से गोंदिया के लिए रवाना हुई। रायगढ़ की ओर से रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों को अलग-अलग सीटों पर बिठाया गया। इसके पूर्व उन्हें लगेज की जांच कर सेनेटाइज किया गया। रेलवे स्टेशन में भी उनके स्वास्थ्य की जांच की गई और उनका बॉडी ट्रेम्प्रेचर चेक किया गया। स्वस्थ्य मिलने वाले यात्रियों को ही ट्रेन में बैठने की इजाजत दी गई। जनशताब्दी एक्सप्रेस रायगढ़ से छूटकर खरसिया, शक्ति, चांपा, नैला-जांजगीर, अकलतरा, बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा में ठहराव के बाद सुबह करीब 11 बजे रायपुर स्टेशन पहुची। यहां पहले से तैनात आरपीएफ, जीआरपी की टीम ने यात्रियों को सामाजिक दूरी का पालन कराते हुए ट्रेन से उतरने की अनुमति दी। इसके बाद एक-एक यात्रियों को तथा उनके लगेज को पुनः सेनेटाइज करने, स्वास्थ्य जांच करने के बाद ही स्टेशन से बाहर निकलने दिया गया। इधर ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में काफी सीटें खाली थी, लेकिन इसके बाद भी सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन नहीं कराया गया। कुछ यात्रियों ने दूसरी सीटों पर बैठने का प्रयास किया, किंतु उन्हें यह कहते हुए उठाया गया कि अगले स्टेशन पर उक्त सीट का रिजर्वेशन है और नए यात्री आएंगे। परंतु रायपुर तक आते-आते अधिकांश सीटें खाली ही रहीं। जनशताब्दी ट्रेन इसके बाद गोंदिया के लिए रवाना हो गई।